# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

# जिंदगी बचाने के नाम पर बेच रहे मौत, स्वास्थ्य महकमा मौन

**मझगांवा (एसएनबी)।** वर्तमान समय में गोरखपुर के दक्षिणांचल में नकली दवाओं का कारोबार जोरों पर चल रहा है, नामी कम्पनियों के मिलते जुलते नाम पर फर्जी कम्पनियों की दवाएं अधिक मूल्यों पर बेची जा रही हैं। विक्रेताओं द्वारा नकली दवाओं को ही बेहतर बताकर आमजनता से धनउगाही किया जा रहा है। इतना ही नहीं नकली व फर्जी दवाओं के सेवन से असमय लोग काल के गाल में समा रहे हैं।

सूबे की सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की तमाम सख्ती के बाद भी इन दिनों गगहा, जानीपुर, भलुवान, कोठा, गजपुर, मझगांवा, रावतपार तथा आसपास के विभिन्न चौराहों पर मेडिकल स्टोर से नकली दवाइयां धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। विक्रेताओं द्वारा असली दवाओं के नाम पर विकल्प देने के बहाने नकली दवाइयां बेची जाती हैं,जो रोग को ठीक करने के बजाय बढ़ा देता है। पढ़े लिखे लोग भी इस खेल के शिकार आसानी से हो जाते हैं। ऐसी दवाएं दुकानदारों को सस्ते रेट पर उपलब्ध होती है। मगर ये लोग असली दवा बताकर अधिक पैसे भी वसूल रहे हैं। ताजुब की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के आला अफसर कभी ऐसे दुकानों की जांच करने की जहमत भी नहीं उठाते जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं कुछ तो ऐसे भी डाक्टर हैं जो बिना लाइसेंस के अल्ट्रासाउंड से लगायत हर प्रकार की जाँच अधिक दाम लेकर कर रहे हैं और जांचकर्ता भी बिना जानकारी के मरीजों की जांच आसानी से कर दे रहे हैं। पैसे कमाने की इस अंधी होड़ में एक तरफ जनता की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है तो वहीं प्रतिष्ठित दुकानदारों का कारोबार भी चौपट हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों में बृजेश सिंह, रमेश सिंह, वेदप्रकाश मिश्र, रविन्द्र पाण्डेय, ऋषिकेश दूबे, जीतबन्धन गिरी, छात्रनेता संदीप यादव का कहना है कि विभागीय अधिकारी फर्जी दवा विक्रेताओं से बंधी-बंधाई रकम लेकर चुप्पी साध लेते हैं। शिकायत के बावजूद कार्यवाही नहीं की जाती वरना हालात बदतर ना होते। नकली दवा के कारोबारियों के पास कोई लाइसेंस भी नहीं रहता है सही तरीके से यदि जाँच पड़ताल करायी जाय तो एक ही लाइसेंस पर कई दुकानों के संचालित होने का मामला भी प्रकाश में आयेगा। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इन दुकानों पर कार्य करने वाले बेरोजगार युवा मैट्रिक तक की शिक्षा भी नहीं ग्रहण किये हुए हैं। ऐसे लोग गाँव देहात की अशिक्षित जनता को आसानी से लूट रहे हैं।



गगहा, मझगांवा, हाटा बाजार में नकली दवाओं की भरमार

**नहीं बख्शे जायेंगे कारोबारी : सीएमओ**

इस संदर्भ में पूछे जाने पर गोरखपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि इन दुकानों और अवैध ढंग से से चल रहे अस्पतालों की समय-समय पर जांच कर कार्रवाई की जाती है । नकली दवाओं के लिए ड्रग विभाग के अधिकारियों की टीम भी निरीक्षण करती है। इस समय पूरा विभाग वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव कार्य में युद्धस्तर पर लगा हुआ है । जैसे ही समय मिलेगा ऐसे गलत कार्यो में लिप्त दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आटो पलटी, छात्र घायल जिला अस्पताल रेफर

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल सिकरी गांव के भारत वर्कशाप के सामने मोटरसाइकिल सवार युवक को बचाने के चक्कर में बुधवार को स्कूल से बच्चों को बैठाकर ला रही आटो सड़क पर पलट गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस घायल छात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोराबार लाई जहा इलाज के बाद डाक्टर ने घायल छात्र को सदर रेफर कर दिया। बुधवार को जंगल सिकरी बाईपास स्थित सेंट जोसफ स्कूल की छुट्टी होने के बाद आटो चालक बच्चों को बैठाकर सुबाबाजार की ओर घर छोड़ने के लिए जा रहा था ज्यो ही वह जंगल सिकरी के भारत वर्कशाप गेट के सामने पहुंचा था कि स्कार्लेस स्कूल गेट की ओर से मोटरसाइकिल सवार युवक सड़क पार कर रहा था और मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में आटो सड़क पर पलट गई जिससे छात्र गौरव प्रताप सिंह (14)वर्ष पुत्र उदय प्रताप सिंह निवासी खोराबार के बायें पैर व कमर में चोटें आई हैं।

# महिला संबंधित अपराध रोकना प्राथमिकता : सीओ

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरीचौरा सर्किल के नवागत आईपीएस ध्सीओ मानुष पारीक ने बुधवार को चौरी चौरा अपने अफिस पहुंच कर अपना पदभार ग्रहण किया। सीओ ने प्रेस कन्फ्रेंस कर स्थानिया पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक दूसरे को परिचय दिया। मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता महिलाओ से सम्बन्धित अपराध को रोकना होगा।



मानुष पारीक-आईपीएस/सीओ

**छोटी-छोटी समस्याओं का थाने पर ही होगा निस्तारण**

सीओ-आईपीएस मानुष पारीक ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि सर्किल क्षेत्र में महिलाओ से संबंधित अपराध को रोकना मेरी प्राथमिकता होगी। हर फरियादियो के जन सुनवाई शिकायत को तत्परता से निस्तारण कराया जाएगा। छोटे से छोटे शिकायत विवाद को भी गंभीरतापूर्वक थाने स्तर पर ही निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर पुलिस पूरी तरह नकेल कसने का काम करेंगी।

अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेंगी, पुलिस पूरी तरह अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए तत्पर रहेगी। क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप लोग पुलिस की मदद करे, किसी प्रकार की कोई समस्या हो तत्काल फोन कर पुलिस को सूचना दे पुलिस मौके पर पहुंच कर आपकी मदद करेगी।

# एडीजी ट्रैफिक पहुंची कंट्रोल रूम, ट्रैफिक का जाना हाल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** यूपी एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ बुधवार को दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंचीं। यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले शहर की ट्रैफिक व्यवस्था परखी। साथ ही शहर के चौराहा, गोरखनाथ, कलेक्ट्रेट, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज सहित विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया।

इस दौरान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था देख उन्होंने इसकी जमकर तारीफ भी की। एडीजी ने कहा कि गोरखपुर की पब्लिक एड्रेस सिस्टम का बेहतर तरीके से पालन कर रही है। जो अन्य जिलों की अपेक्षा काफी बेहतर है। गोरखपुर का ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम सही तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है।



शहर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था के पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अवलोकन करतीं ट्रैफिक एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ साथ में एसपी यातायात डा.एमपी सिंह व अन्य। फोटो : एसएनबी

**एडीजी ने चेक किया लाइव परफार्मेंस :** इसके अलावा एडीजी ने लाइव परफार्मेंस भी चेक किया। कंट्रोल रूम पहुंचकर उन्होंने गाड़ियों के नंबर कैमरे पर जूम कर देखा। एडीजी ने बताया, इस व्यवस्था से कंट्रोल रूम से ही किसी चौराहे पर खड़े रहने वाले वाहन चालक को बगैर हेलमेट और जेब्रा लाइन क्रास करने वाले वाहन चालकों के नंबर आसानी से पढ़े जा सकते हैं। ताकि ऐसे वाहनों पर कार्रवाई भी हो सके।

उन्होंने ट्रैफिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को चेतावनी दी जाए, बावजूद इसके अगर वह नहीं मानते हैं तो ही उनका चालान किया जाए।

**13 चौराहों पर काम कर रहा आईटीएमएस :** एडीजी ट्रैफिक ने अपनी जांच में पाया कि गोरखपुर के 13 चौराहों पर बेहतर तरीके से काम कर रहा है। अधिकारियों ने उन्हें स्टोर रूम के लिए कुछ जरूरतें भी बताई। इस पर उन्होंने कहा कि इसके लिए अपने संबंधित अधिकारियों से बात कर उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान एसपी ट्रैफिक डॉ.महेंद्र पाल सिंह, सीओ गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छठ घाट से लड़की को लेकर फरार, केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक लड़की विगत 31 अक्टूबर को छठ पर्व के दिन भोर में करीब चार बजे परिवार के साथ गांव के छठ घाट पोखरे पर गई थी, भीड़ में अचानक कहीं चली गई। परिजनो ने लड़की को चारों तरफ नात रिश्तेदार के काफी खोज बिन किया लेकिन कही पता नहीं चल सका। लड़की के पिता ने क्षेत्र के ही ग्राम पंचायत बघाड़ (टोला महादेवा) निवासी दीपक भारती पुत्र पुरुषोत्तम भारती ,श्रीमती आशा देवी, गरीमा भारती पर अपनी लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ धारा 363,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश में जुट गई हैं।

# नहाते समय युवक डूबा, तलाश जारी

**चिलुआताल (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के जंगल नन्दलाल सिंह गाँव के कटनिया पुल के नीचे नहाते समय रिस्तेदारी में आया युवक डूब गया अगल बगल के शोर मचाने पर तमाम भीड़ इकट्ठी हो कर ढूढ़ने का प्रयास करने लगी सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस स्थानिय गोताखोरों की मदद लेकर तलाश करा रही है।

थाना तिवारीपुर के बहरामपुर निवासी चनई (30) पुत्र स्व नैन स्थानिय थाना क्षेत्र जंगल नन्दलाल सिंह निवासी अनिरुद्ध पुत्र स्व राम करन के वहाँ रिस्तेदारी में आया हुआ था बुद्धवार को लगभग 12.30 बजे गाँव के बगल में स्थित कटनिया पुल के नीचे नहाने चला गया जहाँ नहाते समय डूब गया जिसको गाँव के अंकित पुत्र बबलू देख कर शोर मचाये सूचना पर तमाम ग्रामीण इक्ट्ठा होकर दर्जनो युवक तलास शुरु कर दिया सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस स्थानिय गोताखोरों की मदद से ढूढ़ने का प्रयास कराया मगर सफलता न मिलने पर एसडी आर एफ टीम को बुलाया जा रहा है जिससे ढूंढ़ने का प्रयास किया जायेगा।

# खोराबार में वर्तन कारोबारी की हत्या में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार

**खोराबार (एसएनबी)।** गत दिनों खोराबार क्षेत्र के डांगीपार के बर्तन व्यपारी के पुत्र को चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में खोराबार पुलिस बुधवार को दो अभियुक्तों क्षेत्र के रामनगर कडजहा के पास फोरलेन से गिरफ्तार करके  कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसओ खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए खोराबार टीम एवं एस ओ जी  की टीम लगी थी। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी खोराबार व एसोजी टीम क्षेत्र के रामनगर कडजहा के पास फोरलेन से बुधवार को दो युवक को गिरफ्तार की।

पुलिसिया  पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम गोविन्द निषाद पुत्र अयोध्या निषाद निवासी लहसड़ी खैरा टोला थाना रामगढ़ताल जबकि दूसरे ने अपना नाम मुरलीधर पुत्र रामवृक्ष निषाद निवासी खैरा टोला लहसडी । गोविंद के खिलाफ खोराबार और रामगढ़ 147, 148, 149, 302 , 323, 504 , 506 व,34 के तहत मुकदमा दर्ज हैं। मुरलीधर के खिलाफ वर्ष 2013 में 323 , 354 , 506 केस दर्ज है जबकि इसके साथ व्यापारी भी नामजद है।

# भैंस खोल रहा युवक धराया, पशुपालक ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

झुमिला (एसएनबी)। बडहलगंज थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव में आधी रात को भैंस खोल रहे युवक को पकड़कर पशुपालक ने पीआरवी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचे युवक के घर तथा गांव वालों के क्षमा-याचना पर उन्हें सौंप दिया।

मंगलवार की देर रात मटिहानी गांव के सन्तोष यादव के घर पहुंचकर अगल-बगल संन्नाटा देख भैंस खोलने लगा,उतने मे पशुपालक संतोष यादव की मां जग गई और शोर मचाया। इतने में वहां अगल-बगल के लोग जुट गए,और भैंस को ले जाने से रोक लिया। युवक को दो-चार थप्पड़ भी जड़ें। इतने में वह चिल्लाने लगा और उसने कहा की मेरा घर बेलसड़ा हैं और अपने को बुद्धिराम यादव बताने लगा।

**बड़हलगंज थानाक्षेत्र के मटिहानी गांव की घटना**

**परिजनों व ग्रामीणों की क्षमा याचना पर युवक को छोड़ा गया**

लोगों ने बताया कि हमारे गांव की उस गांव में रिश्तेदारी हैं।तब तक कुछ लोगों ने उस गांव के लोगों से पता किया तो पता सही निकला।उसके पहले किसी ने 112 नंबर पर सूचना दे दिया था ।जब तक वहां पीआरवी पहुचीं तो नशे में धूत युवक के गांव के लोग भी वहां पहुंच चुके थे,और उनके सामने उसके गांव बेलसड़ा के लोगों से पूछताछ करने बाद लोगों ने बताया उसको उसके गांव वालों के साथ भेज दिया गया। जबकि आये दिन हो रही पशुओं की चोरियों से पशुपालक रतजगा कर रहे हैं।

# 3 दिन में खंगाले सात मकान 1 रात में पांच घरों में हाथ साफ

## खोराबार में ताला तोड़कर 45 लाख की चोरी



खोराबार में हुई चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान.

**GORAKHPUR (2 Nov):** सर्दी शुरू होते ही चोरों का आंतक भी शुरू हो गया. मंगलवार रात पीपीगंज एरिया में 5 मकानों में चोरी हुई, तो खोराबार इलाके में एक मकान से चोरों ने 45 लाख रुपए का माल पार कर दिया. पिछले 3 दिन में अलग-अलग थानों में 7 मकान पर चोरों ने हाथ साफ किया है. चोरी की इन वारदातों से पुलिस की रात्रि गश्त और मुस्तैदी पर सवाल उठने लगा है.

### चोरों ने तोड़ दिया लॉकर

खोराबार निवासी जयप्रकाश शुक्ल मंगलवार सुबह 10 बजे पत्नी संग घर से निकले थे. वह पत्नी को बस से देवरिया भेजने बाद खुद सिंघड़िया स्थित पैथोलॉजी पर आ गए. उनकी पत्नी देवरिया में लाइब्रेरियन है. शाम को लौटे और घर के अंदर गए तो देखा कि अलमारी व बेड का लॉकर टूटा था. घर से करीब 40 से 45 लाख के जेवरात गायब था.

### 10 साल पहले बनवाया था घर

जयप्रकाश शुक्ल के बेटे की शादी जनवरी में होनी है. घर में शादी की तैयारी चल रही थी. उनका एक बेटा हिमांचल प्रदेश में आईआईटी और एक बेटा देवरिया में स्पोर्ट्स की पढ़ाई करता है. वह मूल निवासी चौरीचौरा बसडीला के हैं और 10 साल से खोराबार में मकान बनवाकर रहते हैं. इंस्पेक्टर खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया, चोरी के मामले में तहरीर मिली है. जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा.

### एक ही रात में 5 मकान में चोरी

पीपीगंज के जंगल कोडिया के पलिया और जिन्दापुर गांव में मंगलवार की रात 5 मकानों में चोरी हुई. इस इलाके के राकेश के घर से 70 हजार कैश और जेवरात, अंगूर यादव, बिंद्रेश कुमार, सत्यपाल यादव के घर से जेवरात और रमाकांत यादव के घर से 3 लाख की चोरी हुई है. इन सभी ने पुलिस को तहरीर दी है.

### खोराबार में एक हफ्ते में 5 चोरी

सोमवार को भी खोराबार के करमहिया में विशाल सिंह के मकान में चोरी हुई थी. विशाल मां व बहन के साथ छठ मनाने अपने देवरिया के जोगन गए थे. उनके घर से जेवरात और 30 हजार समेत 2 लाख की चोरी हुई थी. जबकि 30 अक्टूबर को भी खोराबार के पकड़ियहवा निवासी आनन्द राय के घर से 20 हजार नकद व जेवरात समेत 3 लाख की चोरी हुई थी. इसके अलावा 27 अक्टूबर को भी खोराबार के मोतीराम अड्डा में इमली चौराहा निवासी डॉक्टर बृजेश सिंह के घर से 35 लाख के जेवर व 10,5000 लाख नकद समेत करीब 50 लाख की चोरी हुई थी. वहीं, खोराबार में ही पांडेय गोल गांव में 10 लाख की चोरी हुई थी.

# कैंट की हैट्रिक
# झंगहा, कोतवाली रहे कमजोर

- थानावार सितंबर माह का जारी हुआ पब्लिक अप्रूवल रेटिंग
- महिला थाना, झंगहा और कोतवाली सबसे कम स्कोर
- टॉप-5 को मिलेगा सम्मान फिसड्डी थाने रैंक पर दें ध्यान

i UPDATE




बेहतर पुलिसिंग के लिए बीते दिनों एसएसपी ने की थी मीटिंग.

| थाना | पब्लिक अप्रूवल रेटिंग |
|---|---|
| कैंट | 70.28 |
| शाहपुर | 66.23 |
| बेलघाट | 65.83 |
| तिवारीपुर | 65.61 |
| कैंपियरगंज | 64.15 |
| उरूवा बाजार | 63.64 |
| गगहा | 62.75 |
| बांसगांव | 61.97 |
| हरपुर बुदहट | 61.03 |
| सिकरीगंज | 61.02 |
| गोरखनाथ | 60.16 |
| गोला | 59.14 |
| रामगढ़ताल | 58.10 |
| खजनी | 57.93 |
| पिपराईच | 57.12 |
| खोराबार | 55.62 |
| गुलरिहा | 55.44 |
| चौरीचौरा | 54.05 |
| गीडा | 53.58 |
| राजघाट | 52.86 |
| बड़हलगंज | 52.22 |
| पीपीगंज | 52.09 |
| चिलुआताल | 51.54 |
| सहजनवां | 51.32 |
| बेलीपार | 51.00 |
| कोतवाली | 48.15 |
| झंगहा | 47.00 |
| महिला थाना | 43.59 |


gorakhpur@inext.co.in


**GORAKHPUR (12Nov):** पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के जरिए सितंबर माह की थानावार रैंकिंग जारी हो गई है. टॉप फाइव में आने वाले थानेदारों के लिए खुशखबरी है कि अच्छी रैंक लाने के लिए बहुत जल्द उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. वहीं सबसे नीचे पायदान पर लगातार कई माह से कायम रहने वाले थानेदार अब कार्रवाई की जद में आने वाले हैं. कम रैंक लाने वाले थानेदारों को अब अपने व्यवहार में बदलाव लाकर किसी भी तरह अपनी अच्छी रैंक लानी ही होगी, ऐसा न करने पर उनकी थानेदारी छिन सकती है.

### पांच पिलर्स पर लिया जा रहा फीडबैक

पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के जरिए गोरखपुर के 28 थानों का फीडबैक पब्लिक से लिया जा रहा है. यहां के थानों की पुलिस पब्लिक से कैसा व्यवहार कर रही है. इसके लिए पांच पिलर्स आईजीआरएस, ट्विटर पोल, डायरेक्ट पोल, एफआईआर, पासपोर्ट और कैरेक्टर सर्टिफिकेट पर पब्लिक का फीडबैक लिया जा रहा है.

### कैंट थाना नंबर वन

कैंट थाना लगातार नंबर वन की कुर्सी पर कब्जा जमाने में सफल हो रहा है. सितंबर माह में भी कैंट थाना पहली रैंक पर है. इस तरह कैंट थाना ने नंबर वन की हैट्रिक लगाई है.

### टॉप फाइव थाने

सितंबर माह में टॉप फाइव में कैंट, शाहपुर, बेलघाट, तिवारीपुर और कैंपियरगंज थाना शामिल है.

### कम रैंक वाले पांच थाने

सितंबर माह में सबसे कम रेटिंग होने की वजह से महिला थाना, झंगहा, कोतवाली, बेलीपार और सहजनवां थाना क्रम में सबसे नीचे हैं. इन थानों को अब अच्छी रेटिंग लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी.

### आईजीआरएस और एफआईआर पर रहेगा ध्यान

एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि ऐसी भी शिकायतें आ रही हैं कि ट्विटर या डायरेक्ट पोल कई थाने अपने स्तर पर भी करवा ले रहे हैं. उन्होंने कहा कि अब आईजीआरएस और एफआईआर में पब्लिक का क्या फीडबैक आ रहा है. इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा.



**"जिले स्तर के बाद अब थानावार भी पब्लिक द्वारा फीडबैक लिया जा रहा है. इससे अधिकतर थानों की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है. टॉप फाइव थानों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई है. टॉप फाइव थानों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा.**

**अखिल कुमार,** एडीजी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 Nov):** सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में बुधवार को सरमाउंट टी-20 कप का शुभारंभ सेंट एंड्रयूज कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर हुआ. उद्घाटन मैच में ही सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी ने एटीएम क्रिकेट एकेडमी को हराकर जीत दर्ज की. सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी के कप्तान संदीप मित्तल ने टास जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया. सरमाउंट की टीम ने नौ विकेट खोकर 151 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया. बल्लेबाजी में आदित्य पांडेय ने 27, संदीप मित्तल ने 24 तथा शत्रुघ्न मिश्र ने 22 रनों का योगदान दिया. एटीएम क्रिकेट एकेडमी की तरफ से वीरेंद्र यादव व ऋषभ त्रिपाठी



ने दो-दो तथा सुमित, विकास, रजनीश व ओम ने एक-एक विकेट झटके.

### 77 रन ही बना सकी टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एटीएम क्रिकेट एकेडमी की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर 77 रन ही बना सकी. उसकी तरफ से विनय उपाध्याय ने 26 रन, विकास राय ने 16 व आदर्श ने 13 रनों का योगदान दिया. सरमाउंट की तरफ से गेंदबाजी करते हुए नीरज यादव व उत्कर्ष मिश्र ने दो-दो तथा संदीप मित्तल ने एक विकेट लिया. इससे पूर्व मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.गौरव ग्रोवर ने मैच का शुभारंभ किया. निदेशक रोहन सिंह ने एसएसपी का स्वागत किया. इस दौरान मंडल क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सफिक सिद्दीकी, वरिष्ठ गायक व उद्घोषक प्रभाकर शुक्ल, क्रिकेट कोच दुर्गेश चौधरी, रामानंद सिंह, अजीत यादव, प्रभास गौड़, आकाश, विनय तथा आदित्य मौजूद रहे.

# खूनी सड़कें

## 9 माह में 1024 एक्सीडेंट, 430 ने गंवाई जान

anurag.pandey@inext.co.in


**GORAKHPUR (2 Nov):** गोरखपुर की सड़कें हर दिन खून से सन रही हैं. यहां रोड एक्सीडेंट में एक से दो मौतें रेगुलर होती हैं. यह हम नहीं बल्कि डीआईजी रेंज ऑफिस के आंकड़े कह रहे हैं. ट्रैफिक रूल्स की अनदेखी और ओवर स्पीड के चलते 2022 में 10 माह और 2 दिन में 1024 रोड एक्सीडेंट हुए, जिसमें 430 लोग असमय काल के गाल में समा गए. जबकि 2021 में 365 दिन में 1041 हादसे हुए थे, जिसमे 437 लोगों ने जान गंवाई थी. ये आंकड़े बता रहे हैं कि हर साल सड़क हादसे में मौतें हो रही हैं और हंसता खेलता परिवार उजड़ रहा है. इसके बाद भी पब्लिक यातायात नियमों का पालन करने में आना-कानी करती है.

### चौरीचौरा में सर्वाधिक एक्सीडेंट

चौरीचौरा एरिया में 2021 में 81 रोड एक्सीडेंट हुए, जिसमें 32 मौतें हुई. वही, 2022 में भी यहां 10 माह 2 दिन में 75 हादसे हुए, जिसमें 28 लोगों की जान चली गई.

### यातायात माह में किया जाता है अवेयर

पब्लिक को अवेयर करने के लिए हर साल 1 नवंबर से यातायात माह चलाया जाता है. खास तौर से सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों की संख्या को कम करने के लिए ही नवंबर माह में कई तरह के कार्यक्रम कर पब्लिक को सरकारी विभाग अवेयर करते हैं. इसमे ट्रैफिक पुलिस की विशेष भूमिका होती है.




**2022 में हुए एक्सीडेंट**

- 1024 कुल हादसे
- 430 मौतें
- 653 घायल
- 998 एफआईआर हादसों में लिखी गईं
- 1083 लोग हादसे में प्रभावित

**2022 में यहां सर्वाधिक एक्सीडेंट**

| चौरीचौरा | खोराबार |
|---|---|
| 75 हादसे | 79 हादसे |
| 28 मौत | 36 मौत |

(नोट: 2022 के आंकड़े 1 जनवरी से 2 नवंबर तक के हैं.)



"पब्लिक को हेलमेट लगाने के लिए कहा जाता है, ताकि वे सुरक्षित रहें. इसी तरह कार में सीट बेल्ट और अन्य ट्रैफिक रूल्स के लिए पब्लिक को अवेयर किया जाता है. बहुत से लोग अभी इस बात को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, लिहाजा हादसों में कमी नहीं आ रही है. पब्लिक को खुद और अपने परिवार के लिए सोचना चाहिए.

**डॉ. एमपी सिंह,** एसपी ट्रैफिक

**2021 में हुए एक्सीडेंट**

- 1041 कुल हादसे
- 437 मौतें
- 724 घायल
- 1009 एफआईआर हादसों में लिखी गईं
- 1161 लोग हादसे में प्रभावित

**2021 में यहां सर्वाधिक एक्सीडेंट**

| कैंपियरगंज | चौरीचौरा |
|---|---|
| 70 हादसे | 81 हादसे |
| 45 मौत | 32 मौत |

**सिटी में 10 ब्लैक स्पॉट**

- दाना पानी
- बोक्टा
- भीटी रावत
- कोनी
- महानखोर
- रामनगर करजहां
- मोतीराम अड्डा.
- कालेसर
- कसरौल
- नौसड़

**इस तरह पब्लिक को करते अवेयर**

- अभियान चलाकर
- नुक्कड़ नाटक
- स्कूलों में सेमिनार
- पंपप्लेट लगाकर
- रैली निकालकर

# एडीजी ट्रैफिक ने आईटीएमएस जाकर चेक की लाइव परफार्मेंस



आईटीएमएस से एडीजी ने देखा ट्रैफिक.

GORAKHPUR (2 Nov): यूपी की एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ बुधवार को दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंचीं. यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले शहर की ट्रैफिक व्यवस्था परखी. एडीजी ने शहर के यातायात चौराहा, गोरखनाथ कलेक्ट्रेट, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज सहित विभिन्न इलाकों का इंस्पेक्शन किया. इस दौरान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था देख उन्होंने इसकी जमकर तारीफ भी की. एडीजी ने कहा कि गोरखपुर की पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम को काफी बेहतर तरीके से पालन कर रही है. जो अन्य जिलों की अपेक्षा काफी बेहतर है. गोरखपुर का ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईटीएमएस सही तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है.

## एडीजी पहुंचीं कंट्रोल रूम

इसके अलावा एडीजी ने लाइव परफॉर्मेंस भी चेक किया. कंट्रोल रूम पहुंचकर उन्होंने गाड़ियों के नंबर कैमरे पर जूम कर देखा. एडीजी ने बताया, इस व्यवस्था से कंट्रोल रूम से ही किसी चौराहे पर खड़े रहने वाले वाहन चालकों बगैर हेलमेट और जेब्रा लाइन क्रास करने वाले वाहन चालकों के नंबर आसानी से पढ़े जा सकते हैं. ताकि ऐसे वाहनों पर कार्रवाई भी हो सके. उन्होंने ट्रैफिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को चेतावनी दी जाए, बावजूद इसके अगर वह नहीं मानते हैं तो ही उनका चालान किया जाए.

## 13 चौराहों पर काम कर रहा आईटीएमएस

एडीजी ट्रैफिक ने अपनी जांच में पाया कि गोरखपुर के 13 चौराहों पर आईटीएमएस बेहतर तरीके से काम कर रहा है. अधिकारियों ने उन्हें आईटीएमएस स्टोर रूम के लिए कुछ रिक्वायरमेंट भी बताई. इसपर एडीजी ने कहा, इसके लिए अपने संबंधित अधिकारियों से बात कर उसे जल्द से जल्द पूरा करेंगे. जिससे गोरखपुर का आईटीएमएस और बेहतर तरीके से अपने काम कर सकेगा. निरीक्षण के दौरान एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह, सीओ गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें.

# बर्तन व्यापारी के दो हत्यारोपित अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (2 Nov): खोराबार थाना क्षेत्र के डांगीपार ढाला के पास 26 अक्टूबर को बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के दौरान चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. खोराबार पुलिस ने बुधवार को एसओजी टीम की सहयोग से दो अन्य अभियुक्तों गोविन्द निषाद और मुरलीधर को गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खोराबार प्रभारी कल्याण सिंह सागर, प्रभारी एसओजी मनीष यादव और कांस्टेबल की टीम शामिल रही.

**लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के दौरान चाकू से गोदकर कर दी थी विक्की की हत्या**

# पड़ोसी की कंप्लेन पर विजिलेंस टीम ने दर्ज कराया केस

GORAKHPUR (2 Nov):पड़ोसी से अनबन और बिजली विभाग के विजलेंस की लापरवाही ने कंज्यूमर को मुश्किल में डाल दिया है. सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद पहुंची टीम विजिलेंस टीम ने दस्तावेज की मांग की, जिसे कनेक्शन होल्डर तत्काल नहीं दिखा सके. टीम के तत्कालीन प्रभारी ने ट्रांसफॉर्मर से घर तक लगी सर्विस केबल को कटिया कनेक्शन मान लिया. विजिलेंस ने दिनेश कुमार के नाम बिजली चोरी का एफआईआर दर्ज कराकर सीएम पोर्टल पर रिपोर्ट सूचना भेज दी है. अब दिनेश बिजली अफसरों के आगे गिड़गिड़ा रहे है कि वह बिजली चोर नहीं है. लीगल कनेक्शन के कागजात लेकर वह चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है.

## 28 अक्टूबर 2020 को लिया था कनेक्शन

ग्रामीण वितरण मंडल के सिकारीगंज वितरण खंड से जुड़े मरचा गांव के निवासी दिनेश तिवारी ने 28 अक्टूबर-2020 में पत्नी अनिता के नाम से बिजली कनेक्शन संख्या-742201775236 लिया. नियमित बिल भुगतान भी करते रहे. बकौल दिनेश तिवारी ने बताया कि मई-22 में बेटी की शादी थी. पूरा परिवार जुटा था. उसी दौरान विजिलेंस टीम प्रभारी नरेंद कुमार सिंह अपनी टीम के साथ 10 मई को हमारे घर पर आए. कनेक्शन का कागजात मांगे. हमने कहा कि शादी विवाह के कारण घर में सारा सामान अस्त-व्यस्त है. ऐसे में अभी कागजात नहीं दिखा सकते है.

## केबल की रिकॉर्डिंग

आरोप है, घर के पास लगे ट्रांसफार्मर से जुड़ी सर्विस केबल जो हमारे परिसर तक आई थी, टीम उसका वीडियो बनाकर ले गई. कहा- कल मोहद्दीपुर कार्यालय पर आकर कागजात दिखा दीजिएगा. हम गए लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी. विजिलेंस टीम प्रभारी ने साजिश के तहत हमारे खिलाफ बिजली चोरी का केस करा दिया. चीफ इंजीनियर आशु कालिया ने कहा, मामले की जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# फरार आरोपित के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

चिलुआताल, हिन्दुस्तान संवाद। चिलुआताल पुलिस ने बुधवार को खुदकुशी के लिए उकसाने, गबन के आरोप में फरार चल रहे दो सगे भाइयों के घर पहुंच कर डुगडुगी पिटवा कर कुर्की की नोटिस चस्पा की।

मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा क्षेत्र के रामपुर गोपालपुर के टोला भगवानपुर निवासी सगे भाई राम अचल यादव व रामानंद यादव के खिलाफ चिलुआताल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। कोर्ट में उनके हाजिर नहीं होने पर उनके खिलाफ कुर्की नोटिस जारी की गई। चिलुआताल पुलिस उनके घर पर पहुंच कर डुगडुगी पिटवा कर कुर्की की नोटिस चस्पा की।

# तत्काल न काटें चालान, पहले दें चेतावनी

गोरखपुर, निज संवाददाता। एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि चेतावनी के बाद ही चालान काटा जाए। बिना हेलमेट वालों की खास निगरानी की जाए। क्योंकि, इसकी वजह से हादसे में जान चली जाती है। बुधवार को एडीजी कुलश्रेष्ठ ने यह बातें आईटीएमएस के निरीक्षण के दौरान कही।



आईटीएमएस का निरीक्षण करती एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ।

एडीजी ने शहर के पैडलेगंज, मोहद्दीपुर, गोलघर, यातायात चौराहा, गोरखनाथ सहित अन्य चौराहों पर जाकर ट्रैफिक व्यवस्था को भी देखा। इस दौरान उन्होंने यातायात को लेकर सतर्कता बरने की तारीफ करते हुए इसे बरकरार रखने को कहा। एडीजी ने आईटीएमएस के कामों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोरखपुर जनपद की पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम बहुत ही बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्य कर रहे हैं, जो अन्य जनपदों की अपेक्षा गोरखपुर जनपद बहुत ही बेहतर है। गोरखपुर का ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईटीएमएस सही तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्य कर रहा है, जो सराहनीय है। एडीजी ट्रैफिक ने गोरखनाथ मंदिर का दर्शन किया। वहीं,एडीजी ट्रैफिक देर शाम को एडीजी जोन के कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर मंथन किया।

# छठपूजा में गई छात्रा का अपहरण, तीन पर केस

चौरीचौरा। चौरीचौरा क्षेत्र के एक गांव की किशोरी सोमवार की भोर में छठ पूजा में गई थी। आरोप है कि एक युवक दो अन्य महिलाओं की मदद से उसका अपहरण कर ले गया। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस तीन लोगों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

किशोरी के पिता के तहरीर पर पुलिस ने बघाड़ गांव के महदेवा निवासी दीपक भारती पुत्र पुरुषोत्तम भारती, आशा बहु व गरिमा भारती के खिलाफ धारा 363 व 506 के तहत केस दर्ज किया है। किशोरी स्थानीय एक इंटर कॉलेज की 11वीं की छात्रा है। वह 31 अक्तूबर को छठ पूजा के लिए भोर में गई थी।

## सीएम के निर्देश:निगरानी, सुरक्षा शासन स्तर पर करें

# शत्रु संपत्ति के कब्जों पर बुलडोजर चलेगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित शत्रु संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कतिपय स्थानों पर अतिक्रमण की भी सूचना है। शत्र संपत्ति के कब्जों पर बुलडोजर चलाएं। निर्देश दिए हैं कि सभी शत्रु संपत्तियों की अद्यतन रिपोर्ट तैयार की जाए। इन्हें अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए गृह विभाग की निगरानी में प्रदेश व्यापी कार्रवाई शुरू की जाए। शत्रु संपत्ति की सुरक्षा, निगरानी व प्रबंधन के लिए प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया जाए।

मुख्यमंत्री बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ गृह विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि अन्तरराज्यीय, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गांवों को 'वाइब्रेंट' बनाने के लिए नियोजित प्रयास करने की जरूरत है। सीमावर्ती गांवों, जनपदों की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासतों की बेहतर ब्रांडिंग करते हुए यहां पर्यटन विकास की संभावनाओं को आकार दिया जाना चाहिए। स्कूली बच्चों, एनसीसी, एनएसएस के कैडेट, स्वयंसेवकों को इन क्षेत्रों का भ्रमण कराएं। इन क्षेत्रों में रहने वाले सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों / अर्धसैनिक बलों के जवानों को 'सरहद के सिपाही' के रूप में पहचान देते हुए व्यवस्था को सुचारू रखने में सहयोग लिया जाना भी उचित होगा। सीमावर्ती जिलों में केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का 100 फीसदी संतृप्तिकरण सुनिश्चित कराया जाए।



### मुख्यमंत्री सख्त

**17** सेफ सिटी वाला पहला प्रदेश यूपी

**100** फीसदी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं

- अन्तरराज्यीय, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गांव होंगे 'वाइब्रेंट'
- अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रदेश व्यापी कार्रवाई करें
- अधिक से अधिक शहरों को सेफ सिटी से जोड़ें का अभियान चलाएं

### साइबर अपराध रोकने के लिए टीम गठित करें

सीएम ने निर्देश दिए हैं कि साइबर सिक्योरिटी के महत्व को मद्देनजर रखते हुए अब प्रदेश के हर जिले में एक साइबर क्राइम थाना की स्थापना की जरूरत है। राज्य स्तर पर संयुक्त साइबर को-ऑर्डिनेशन टीम गठित की जाए। इस टीम में पुलिस विभाग के अलावा साइबर विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए।

### ड्रग माफिया पर तेज गति से कार्रवाई की जाए

प्रदेश में मादक पदार्थों के अवैध निर्माण, खरीद-फरोख्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करें। इस दृष्टि से संवेदनशील जिलों में सतर्कता और इंटेलिजेंस को और बेहतर करना होगा। ड्रग माफिया के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यूपीएसएसएफ को और सशक्त और प्रोफेशनल बनाने की जरूरत है।

➤ अधिक शहर जोड़ें P 07

# गैंगस्टर डॉक्टर के परिवार की 50 करोड़ की संपत्ति कुर्क होगी

**शिकंजा**

- फर्जी दस्तावेज पर छात्रों के एडमिशन का मामला
- डीएम ने 15 से अधिक खातों पर भी रोक लगाई

गोरखपुर, निज संवाददाता। गैंगस्टर ऐक्ट के आरोपित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव व उसकी बहन की 50 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क होगी। तिवारीपुर पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम कृष्णा करुणेश ने आरोपितों की चिन्हित की गई भूमि, भवन, नर्सिंग कॉलेज व आठ वाहनों को कुर्क करने का आदेश दिया है। आरोपितों के 15 से अधिक बैंक खातों के संचालन पर भी डीएम ने रोक लगा दी है। बिना मान्यता नर्सिंग कॉलेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी का आरोपित डॉ. अभिषेक व उसकी पत्नी समेत पांच आरोपित इस समय जेल में हैं।

पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज के संचालक डॉ. अभिषेक ने फर्जी दस्तावेज पर शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर छात्रों का प्रवेश ले लिया था। शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल सिंह ने आठ जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में कॉलेज के संचालक पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की छानबीन की तो पता चला कि दुर्गाबाडी निवासी डॉ. अभिषेक, पत्नी डॉ. मनीषा, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डॉ. पूनम यादव, अपने साथी शक्तिनगर निवासी डॉ. सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थानाक्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनरायण मौर्य व मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के साथ 2015 से यह गिरोह चला रहे हैं। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने 16 सितंबर को कोतवाली में गैंगस्टर का केस दर्ज कराया था।

› भविष्य दांव पर P 02

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

कैम्पियरगंज। कैम्पियरगंज पुलिस ने छेड़खानी और दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि क्षेत्र के सोनौरा बुजुर्ग निवासी हरिनन्दन उर्फ नन्दू साहनी किशोरी से छेड़खानी के साथ जबरन दुष्कर्म करता था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। बुधवार को शिवपुर चौराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# समूह एजेंट से लूट करने वाले दो बदमाश हत्थे चढ़े

गोरखपुर, निज संवाददाता। बेलघाट क्षेत्र के शाहपुर में 11 अक्टूबर की शाम को समूह एजेंट से तमंचे के बल पर 1.96 लाख रुपये लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लूट के 60 हजार रुपये और दो तमंचा बरामद किया। पुलिस ने बदमाशों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बेलघाट क्षेत्र के शाहपुर में 11 अक्टूबर की शाम समूह एजेंट से चार बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक लाख 96 हजार 305 रुपये नकदी के साथ कम्पनी का टैब, बायोमेट्रिक मशीन और चार्जर लूट लिया था। पुलिस केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से 315 बोर के दो तमंचे और कारतूस बरामद की।

## हिस्ट्रीशीटर योगेन्द्र पर दर्ज हैं 21 मुकदमे

समूह एजेंट से लूट की वारदात को अंजाम देने वाला पुरनहा निवासी योगेन्द्र चौहान उर्फ योगी बेलघाट थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर लूट, डकैती और हत्या की कोशिश समेत गंभीर धाराओं में 21 मुकदमे बेलघाट, बांसगांव, धनघटा व अम्बेडकरनगर के अलीगंज थाने में दर्ज हैं।

# बर्तन व्यापारी की हत्या में दो आरोपितों को दबोचा

**फॉलोअप**

**26** अक्तूबर की रात मूर्ति विसर्जन के दौरान चाकू से गोदकर हुई थी हत्या

गोरखपुर, निज संवाददाता। खोराबार क्षेत्र के डांगीपार में 26 अक्टूबर की रात बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

बेलीपार थानक्षेत्र के महाबीर छपरा के मूल निवासी निवासी राज किशोर वर्मा परिवार के साथ डांगीपार में रहते हैं। पिता-पुत्र बर्तन का कारोबार करते थे। डांगीपार में लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित की गई थी। 26 अक्तूबर की रात में मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे जुलूस के दौरान विक्की वर्मा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। शव सड़क पर रखकर परिजनों ने दूसरे दिन जाम लगा दिया था। खोराबार थानेदार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि हत्या में आरोपित रामगढ़ताल क्षेत्र के खैरा लहसड़ी निवासी गोविन्द निषाद और मुरलीधर निषाद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इनके खिलाफ धारा 147, 148, 302, 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# दो पक्षों की महिलाओं में मारपीट, केस दर्ज

सहजनवा। गीडा क्षेत्र के नगवा गांव में चावल के लेनदेन के विवाद में दो परिवार की महिलाओं के बीच मारपीट हो गया। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। पुलिस दोनों पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। नगवा गांव की सरोज गुप्ता पत्नी राजकुमार और सोनी गुप्ता पत्नी अम्बरीश गुप्ता पड़ोसी है। सरोज देवी की लड़की कामिनी सोमवार को चावल लेकर सोनी गुप्ता के घर गयी थी, चावल के लेनदेन में उनमें कहासुनी हो गई।

# जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। उरुवा पुलिस ने जानलेवा हमला करने के दो आरोपितों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपितों की पहचान उरुवा बाजार क्षेत्र के मरवटिया गांव निवासी नदीम खां और जावेद मिर्जा के रूप में हुई। पुलिस उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, तीन पर मुकदमा

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट क्षेत्र के ढड़ियाडीह गांव में मंगलवार रात पुरानी रंजिश में पट्टीदारों ने शिवम सिंह को घर में घुस कर मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे वह जख्मी हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही ढडियाडीह गांव के हरिद्वार व उनके बेटे मितेश सिंह और देवेश सिंह के खिलाफ धारा 427, 452, 352, 323, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अपहरण के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। बेलीपार पुलिस ने अपहरण के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के बिस्टौली बुजुर्ग निवासी राहुल निषाद के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# बर्तन व्यापारी की हत्या में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मूर्ति विसर्जन जुलूस में चाकू से हमला कर बर्तन व्यापारी की हत्या करने वाले दो आरोपितों को खोराबार थाना पुलिस ने बुधवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है। चार दिन पहले पुलिस ने मुख्य आरोपित को जेल भेजा था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि डांगीपार के रहने वाले बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की 26 अक्टूबर की रात को मूर्ति विसर्जन जुलूस से लौटते समय चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। व्यापारी के पिता ने रामगढ़ताल थानाक्षेत्र के लहसड़ी गांव निवासी दो नामजद व कई अज्ञात युवकों पर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। घटनास्थल के पास लगे सीसी कैमरे की फुटेज से पुलिस ने घटना में शामिल पांच आरोपितों की पहचान की। मुख्य आरोपित लहसड़ी गांव के रहने वाले अभिषेक को चार दिन पहले गिरफ्तार कर पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लहसड़ी गांव के खैरा टोला निवासी गोविंद व मुरलीधर को सिक्टौर के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **मुख्य आरोपित को चार दिन पहले भेजा जा चुका है जेल**

# दिनदहाड़े ताला तोड़कर 45 लाख की चोरी

## पैथोलाजी संचालक के घर हुई घटना, फोरेंसिक व डाग स्क्वाड के साथ पहुंची पुलिस

**जासं, गोरखपुर :** पैथोलाजी संचालक के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर नकदी, गहने समेत 45 लाख रुपये कीमत का सामान उठा ले गए। फोरेंसिक व डाग स्क्वाड टीम के साथ पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौरी चौरा के बसडीला गांव निवासी जयप्रकाश शुक्ल सिंघड़िया में पैथोलाजी सेंटर चलाते हैं।

उनकी पत्नी देवरिया के एक कालेज में लाइब्रेरियन हैं। 10 वर्ष से वह खोराबार में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार की सुबह 10 बजे वह पत्नी के साथ घर से निकले। देवरिया जाने वाली बस पर पत्नी को बैठाने के बाद पैथोलाजी सेंटर चले गए। शाम चार बजे जयप्रकाश घर पहुंचे और मुख्य दरवाजे पर लगा ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो आलमारी व बेड का लाकर टूटा मिला। मकान के पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर आलमारी में रखी नकदी, गहने व सामान उठा ले गए थे। घटना की जानकारी जयप्रकाश ने डायल 112 पर दी। खोराबार थाना पुलिस को उन्होंने बताया कि जनवरी में बेटे की शादी होनी है। एक माह से इसकी तैयारी चल रही है। शादी के लिए उन्होंने गहने पहले ही खरीद लिए थे। प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि जयप्रकाश शुक्ल से चोरी हुए गहने की रसीद मांगी गई है।

- **जनवरी में तय है बेटे की शादी, स्वजन कर रहे थे तैयारी**
- **खोराबार में मकान बनवाकर रहते हैं चौरी चौरा क्षेत्र के जयप्रकाश शुक्ल**

### सिपाही के घर सोमवार को हुई थी चोरी

खोराबार थाना क्षेत्र के सिक्टौर के करमहिया टोला में सोमवार की रात उत्तर प्रदेश पुलिस के मुख्य आरक्षी भुनेश्वर सिंह के मकान का ताला तोड़कर नकदी और गहने उठा ले गए। परिवार के लोग छठ पूजा के लिए देवरिया जिले में स्थित गांव गए थे। मंगलवार को घटना की जानकारी होने पर बेटे विशाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी थी।



पैथोलाजी संचालक के घर में बिखरा पड़ा सामान • सौजन्य- इंटरनेट मीडिया

# गैंगस्टर डाक्टर परिवार की कुर्क होगी 50 करोड़ से अधिक संपत्ति

**जासं, गोरखपुर** : नर्सिंग कालेज की मान्यता का फर्जी आदेश दिखाकर सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य तबाह करने के आरोपित गैंगस्टर डाक्टर परिवार पर शिकंजा कस गया है। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने तिवारीपुर पुलिस की रिपोर्ट पर आरोपित डा. अभिषेक यादव की 50 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। आरोपितों की भूमि, भवन, नर्सिंग कालेज व आठ वाहनों को कुर्क करने के आदेश के साथ ही अलग-अलग बैंकों में 15 से अधिक खातों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। डा.अभिषेक व उसकी पत्नी समेत पांच आरोपित जेल में हैं।

पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज के संचालक डा.अभिषेक यादव ने शासन से मान्यता मिलने का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया था। इसकी शिकायत होने के बाद संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने आठ जनवरी को कोतवाली थाने में राज नर्सिंग कालेज के संचालक पर मुकदमा दर्ज कराया था। ठगी के शिकार छात्रों और स्वजन को जानकारी हुई तो उन्होंने भी तहरीर दी। छात्रों का दबाव बढ़ने पर अधिकारियों ने कालेज पर ताला लगाने के साथ ही आरोपितों के खिलाफ पिपराइच थाने



तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज ● जागरण

- **तिवारीपुर थाना पुलिस की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने दिया आदेश**
- **भूमि, भवन व नर्सिंग कालेज पर लगेगा ताला, जब्त होंगे आठ वाहन**

में भी मुकदमा दर्ज कराया।

कोतवाली पुलिस की छानबीन में पता चला कि दुर्गाबाडी निवासी डा.अभिषेक यादव, पत्नी डा.मनीषा यादव, बशारतपुर में रहने वाली बहन डा.पूनम यादव, शक्तिनगर निवासी डा.सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा के करमहा निवासी श्याम नारायण मौर्य व मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी 2015 से यह गिरोह चला रहे हैं। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने 16 सितंबर को आरोपितों के खिलाफ कोतवाली थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। संबंधित खबर >> 4

# नशीले पाउडर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर :** कैंट थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह नशीले पाउडर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि बुधवार की सुबह बस अड्डा के पास नशीले पाउडर के साथ दो युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपितों की पहचान तिवारीपुर के सूर्य विहार कालोनी निवासी अशोक डोम व सागर के रूप में हुई।

# उद्घाटन मैच में सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी की टीम ने दर्ज की जीत



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में बुधवार को सरमाउंट टी-20 कप का शुभारंभ सेंट एंड्रयूज कालेज के क्रिकेट मैदान पर हुआ। उद्घाटन मैच में ही सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी ने एटीएम क्रिकेट एकेडमी को हराकर जीत दर्ज की।

सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी के कप्तान संदीप मित्तल ने टास जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। सरमाउंट की टीम ने नौ विकेट खोकर 151 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी में आदित्य पांडेय ने 27, संदीप मित्तल ने 24 तथा शत्रुघ्न मिश्र ने 22 रनों का योगदान दिया। एटीएम क्रिकेट एकेडमी की तरफ से वीरेंद्र यादव व ऋषभ त्रिपाठी ने दो-दो तथा सुमित, विकास, रजनीश व ओम ने एक-एक विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एटीएम क्रिकेट एकेडमी की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर 77 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से विनय उपाध्याय ने 26 रन, विकास राय ने 16 व आदर्श ने 13 रनों का योगदान दिया। सरमाउंट की तरफ से गेंदबाजी करते हुए नीरज यादव व उत्कर्ष मिश्र ने दो-दो तथा संदीप मित्तल ने एक विकेट लिया।

**सेंट एंड्रयूज कालेज के मैदान पर एसएसपी ने किया शुभारंभ, पहले ही मैच में पराजित हो गई एटीएम क्रिकेट एकेडमी की टीम**

इससे पूर्व मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.गौरव ग्रोवर ने मैच का शुभारंभ किया। निदेशक रोहन सिंह ने एसएसपी का स्वागत किया। इस दौरान मंडल क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सफिक सिद्दीकी, वरिष्ठ गायक व उद्घोषक प्रभाकर शुक्ल, क्रिकेट कोच दुर्गेश चौधरी, रामानंद सिंह, अजीत यादव, प्रभास गौड़, आकाश, विनय तथा आदित्य मौजूद रहे।

# शहर से बाहर होंगे स्टैंड जाम से मिलेगी निजात

सतीश पांडेय ● गोरखपुर

- चिह्नित स्थान पर 30 नवंबर तक स्टैंड स्थानांतरित करने की तैयारी
- अपर पुलिस महानिदेशक ने जिलाधिकारी व एसएसपी को लिखा पत्र

यातायात माह में शहर के लोगों को जाम से निजात दिलाने की तैयारी चल रही है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने डीएम व एसएसपी को पत्र लिखकर 30 नवंबर के भीतर ही शहर के भीतर चल रहे सभी स्टैंड को पहले से चिन्हित (शहर से बाहर) स्थान पर शिफ्ट करने को कहा है। इसको लेकर तैयारी भी शुरू हो गई है।

शहर में आठ स्थानों पर मनमानीपूर्ण तरीके से बस व आटो स्टैंड चलता है। एडीजी जोन अखिल कुमार ने डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को पत्र लिखकर इसकी जानकारी देकर शहरवासियों की सुविधा के लिए शहर के बाहरी क्षेत्र में चिन्हित स्थान पर बस/टैक्सी स्टैंड शिफ्ट करने का सुझाव दिया है।

पत्र में एडीजी ने लिखा है कि पहले भी आपको बताया गया है कि रेलवे स्टेशन, रोडवेज तिराहा, विश्वविद्यालय चौराहा से कुलपति आवास तक कचहरी/मंडलायुक्त कार्यालय के सामने, पैडलेगंज चौकी के पास, नार्मल टैक्सी स्टैंड, रेलवे स्टेशन के बाहर होटलों के सामने, धर्मशाला और पर्यटन कार्यालय के सामने गलत तरीके से स्टैंड चल रहे हैं। नगर निगम ने आटो स्टैंड के लिए विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार बंगले के पूर्व खाली जमीन, शास्त्री चौराहा के पास चकबंदी कार्यालय परिसर, आंबेडकर चौराहा, धर्मशाला रेलवे पुलिया से उत्तर तरफ, विश्वविद्यालय चौराहे पर गणेश प्रतिमा के सामने स्थित भूमि चिन्हित की है, लेकिन व्यवस्था का अभाव है।

विश्वविद्यालय छात्रावास के पास स्थित पार्किंग स्थल के पास बसों से अवैध वसूली किए जाने का मामला भी सामने आ चुका है, जिसमें रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ है।

## 11 जगह स्टैंड बनाने का दिया सुझाव

एडीजी ने 11 जगह स्टैंड बनाने का सुझाव दिया है, जिसमें सोनौली (महराजगंज) सिद्धार्थनगर की बसों को महेसरा के पास, कुशीनगर/बिहार की ओर से आने जाने वाली बसों व टैक्सी को मड़ापार के पास, महराजगंज को जाने वाली बसों को खजांची चौराहे के पास, जेल रोड और बड़हलगंज, बलिया, मऊ, वाराणसी, आजमगढ़ जाने वाली बसों को नौसढ़, संतकबीरनगर, बस्ती, लखनऊ को जाने वाली बसों व टैक्सी को नौसढ़ से आगे लखनऊ रोड पर।

रेलवे स्टेशन के बाहर नेपाल व महराजगंज जाने वाली टैक्सी को स्टेशन पार्किंग एरिया में, कैंपियरगंज व पीपीगंज जाने वाले आटो को कुष्ठ आश्रम और पर्यटन विभाग कार्यालय के सामने खड़ी होने वाली कार को लेबर कमिश्नर कार्यालय में खड़ी किए जाने की व्यवस्था बनाने को कहा है।



"शहर के भीतर गलत तरीके से चलने वाले बस व आटो स्टैंड की वजह से जाम लगने की शिकायत लगातार मिल रही है। इससे निजात दिलाने के लिए चिन्हित स्थान पर स्टैंड को शिफ्ट करने के लिए डीएम व एसएसपी को पत्र लिखा गया है। दोनों अधिकारियों से कहा गया है कि 30 नवंबर तक यह व्यवस्था करा दें।

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

# एडीजी यातायात को जाम मिलीं शहर के चौराहों की बायीं लेन

**जासं, गोरखपुर** : यातायात माह के दूसरे दिन बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ ने शहर में आधा दर्जन से अधिक चौराहों का निरीक्षण किया। चार चौराहों पर मिलीं खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। आइटीएमएस सिस्टम के निरीक्षण के दौरान वह संतुष्ट दिखीं। स्टोरेज की व्यवस्था नहीं होने पर शासन स्तर पर बात करने के लिए कहा। ठंड के मौसम में दुर्घटनाओं से बचने के लिए नगर निगम, पीडब्लूडी, यातायात पुलिस को आमजन के साथ मिलकर काम करने व अधिक से अधिक रिफ्लेक्टर का प्रयोग किए जाने की बात कही।

बुधवार को दोपहर में एडीजी यातायात ने सबसे पहले गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किया। इसके बाद उन्होंने पैडलेगंज, छात्रसंघ, सीएस, यातायात, धर्मशाला, गोरखनाथ, गोलघर, कलेक्ट्रेट चौराहा और टाउन हाल का निरीक्षण किया। कई चौराहों पर बायीं पटरी खाली नहीं मिलने पर उन्होंने एसपी यातायात से खाली कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस पर एसपी यातायात ने बताया कि शहर के 15 प्रमुख चौराहों पर स्प्रींग पोस्ट लगाने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा गया है। एडीजी नगर निगम में स्थित आइटीएमएस सिस्टम का निरीक्षण करने पहुंचीं। वहां एसपी यातायात डा.एमपी सिंह ने उन्हें आइटीएमएस सिस्टम के कार्य के बारे में उदाहरण सहित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम के जरिये अब तक कई घटनाओं का पर्दाफाश हो चुका है। हाल में हुई लूट के पर्दाफाश का उदाहरण भी दिया। 13 चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एडीजी ने व्यवस्था पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि लखनऊ से आते समय कई चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिये बायीं पटरी खाली करने, हेलमेट लगाकर चलने समेत अन्य बातें सुनने को मिलीं।



आइटीएमएस का निरीक्षण करतीं एडीजी यातायात अनुपम कुलश्रेष्ठ • जागरण

एडीजी यातायात ने कहा कि ठंड का मौसम है। ऐसे में यातायात पुलिसकर्मी रिफ्लेक्टर जैकेट पहनकर ही रात में चौराहों पर खड़े हों। नगर निगम और पीडब्लूडी के अधिकारियों से बात कर चौराहों पर रिफ्लेक्टर सिस्टम लगवाएं।

# सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी ने जीता उद्घाटन मैच

## सेडिका ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का एसएसपी ने किया उद्घाटन

गोरखपुर। सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल की ओर से आयोजित सरमाउंट टी-20 कप का बुधवार को सेंट एंड्रयूज कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर आगाज हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने शुभारंभ किया। सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी ने एटीएम क्रिकेट एकेडमी को हराकर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया।

मैच में सरमाउंट क्रिकेट एकेडमी के कप्तान संदीप मित्तल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सरमाउंट ने नौ विकेट खोकर 151 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी में आदित्य पांडेय 27 रन, संदीप मित्तल 24 रन और शत्रुघ्न मिश्र ने 22 रनों का योगदान दिया। एटीएम क्रिकेट एकेडमी की तरफ से वीरेंद्र यादव व ऋषभ त्रिपाठी ने 2-2 विकेट सुमित, विकास, रजनीश तथा ओम ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एटीएम क्रिकेट एकेडमी ने ओवरों में सात विकेट खोकर 77 रन ही बना सकी।

इससे पूर्व स्कूल के निदेशक रोहन सिंह ने एसएसपी गौरव ग्रोवर का स्वागत किया। एसएसपी ने ट्रॉफी का अनावरण करने के बाद खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।



सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल की ओर से आयोजित अंडर-19 टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता। संवाद

# व्यापारी की हत्या में शामिल दो गिरफ्तार

## 26 अक्तूबर को डांगीपार में चाकू मारकर की गई थी हत्या, दोनों जेल भेजे गए

अमर उजाला ब्यूरो

खोराबार। इलाके के डांगीपार में बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की हत्या में शामिल दो और आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपियों की पहचान लहसड़ी के खैरा टोला निवासी गोविंद निषाद व मुरलीधर के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, 26 अक्तूबर को डांगीपार में विक्की वर्मा की चाकू से मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में विक्की वर्मा की हत्या की गई थी।

पुलिस ने एक आरोपी अभिषेक को घटना के दो दिन बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। जांच में दो अन्य आरोपियों का नाम सामने आया था, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी थी। बुधवार को दोनों आरोपी भी गिरफ्तार कर लिए गए। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया।

## समूह एजेंट से लूट के दो और आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। बेलघाट में समूह एजेंट से लूट में शामिल दो और आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटे गए 60 हजार रुपये, बाइक और तमंचा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपियों की पहचान बेलघाट के पुरनहा निवासी योगेंद्र चौहान व उरुवा के हरिहरपुर बनकटा निवासी धीरज कुमार के रूप में हुई। योगेंद्र थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस के मुताबिक, 11 अक्तूबर को शाहपुर के बेलाव के पास बाइक सवार बदमाशों ने समूह एजेंस से 1.96 लाख रुपये लूटा था। पुलिस केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी थी। आरोपियों ने बताया कि तीन साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिए थे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। ब्यूरो

# छठ पूजा में गई छात्रा लापता अपहरण का केस

**चौरीचौरा।** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी छठ पर्व के दिन लापता हो गई। पुलिस आरोप के आधार पर पड़ोसी गांव के युवक व दो महिलाओं पर अपहरण और धमकी देने का केस दर्ज कर जांच कर रही।

किशोरी के पिता ने दी तहरीर में लिखा है कि किशोरी 11वीं की छात्रा है। वह 31 अक्तूबर को छठ पूजा में भोर में गई थी और घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन की गई, लेकिन पता नहीं चला। पिता का आरोप है कि दीपक भारती व अन्य दो महिलाओं ने मिलकर भगाया है। पूछताछ करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ब्यूरो

**किशोरी को भगा ले जाने का आरोप :** पिपराइच इलाके के एक गांव की निवासी किशोरी को युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। पुलिस जंगल धूसड़ निवासी अजय निषाद के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

# 14 मुकदमों की फिर से खोली गई थी फाइल, लगी थी चार्जशीट

## डॉ. अभिषेक ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर लगवा दी थी फाइनल रिपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉ. अभिषेक यादव पर 2014-15 में भी 14 मुकदमे दर्ज किए गए थे। तब अभिषेक ने अपने प्रभाव से सभी मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट लगवा ली थी। मामले की गोपनीय जानकारी होने के बाद मई 2021 में तत्कालीन एसएसपी डॉ. विपिन ताडा (वर्तमान में सहारनपुर एसपी) ने सभी मुकदमों की फिर से जांच कराई और चार्जशीट दाखिल की गई थी। इसके बाद ही गैंगस्टर की तैयारी कर ली गई थी।

राज नर्सिंग कॉलेज के छात्रों से ही एसएसपी रहे डॉ. विपिन को राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक अभिषेक यादव के खिलाफ दर्ज पुराने केस और उसमें लगे एफआर की जानकारी हुई। इसके बाद एसएसपी ने गोपनीय जांच

### मई 2021 में तत्कालीन एसएसपी ने पूरा मामला पकड़कर शुरू कराई कार्रवाई

कराई। जांच में पाया गया कि सभी मामलों में गलत तरीके से एफआर लगाई गई थी। अब एसएसपी के आदेश पर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सभी मामलों को फिर से खोलकर जांच पूरी कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करा दी गई है।

**विद्यार्थियों ने किया था विरोध-प्रदर्शन** : जालसाजी की जानकारी होने पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर पिपराइच थाने में केस दर्ज हुआ था। वहीं, गोरखनाथ मंदिर के पास रास्ता जाम कर प्रदर्शन करने पर छात्रों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

### पिपराइच थाने में 17 मार्च को दर्ज हुआ था केस

राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज, जंगल अहमद अली शाह तुरा बाजार के संचालक अभिषेक यादव के खिलाफ 17 मार्च को पिपराइच थाने में केस दर्ज कराया गया था। यह केस तहसीलदार सदर वीरेंद्र कुमार गुप्ता की तहरीर पर हुआ था। तहसीलदार सदर ने तहरीर में लिखा था कि कॉलेज ने वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 में छात्र-छात्राओं से एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए मनमाना शुल्क वसूला है। पिछले चार वर्षों में कॉलेज के किसी भी छात्र को कोई डिग्री नहीं दी गई है। कॉलेज प्रबंधन ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है। सीएमओ ने कॉलेज की जांच कराई तो मान्यता फर्जी पाई गई।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कैंपियरगंज।** पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान सोनौरा बुजुर्ग निवासी हरिनंदन के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। चौकी इंचार्ज प्रभात सिंह ने बताया कि आरोपी को शिवपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। ब्यूरो

# मारपीट के दो आरोपी पकड़े गए

**गोरखपुर।** मारपीट कर घायल करने के दो आरोपियों को उरुवा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान उरुवा क्षेत्र के मरवटिया निवासी नदीम खां व जावेद मिर्जा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# मारपीट और चोरी का केस दर्ज

गीडा। इलाके के गोपालपुर पड़रिया निवासी विमल धर दुबे ने मारपीट व चोरी का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि मनबढ़ों ने मंगलवार रात आठ बजे रविंद्र दुबे, संगम दुबे समेत चार लोगों ने मारपीट की और घर से बाइक उठा ले गए। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# नशीले पाउडर के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने नशीले पाउडर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान तिवारीपुर क्षेत्र के सूर्य बिहार कॉलोनी, आंबेडकरनगर निवासी अशोक उर्फ टिंकू और सागर के रूप में हुई। ब्यूरो

# नाबालिग से छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। उसकी पहचान खोराबार क्षेत्र के जंगल केवटलिया निवासी शिवम राय के रूप में हुई। ब्यूरो

## डीएम और एसएसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**बीआरडी** मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। तैयारियों को लेकर बुधवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार, डीएम कृष्णा करूणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर ने कॉलेज कैंपस का निरीक्षण करते हुए स्वर्ण जयंती द्वार को देखा। प्राचार्य ने बताया कि स्वर्ण जयंती द्वार बनकर तैयार हो गया है। डीएम ने द्वार बनाने वालों को निर्देश दिया कि चार नवंबर तक बांस-बल्ली हट जाएं, जिससे की द्वार से आवागमन में कोई परेशानी न हो। इस बीच उन्होंने कैंपस में बन रहे मंच का भी निरीक्षण किया।



बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती द्वार का निरीक्षण करते डीएम कृष्णा करुणेश एसएसपी गौरव ग्रोवर और प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार। विज्ञप्ति

# राज नर्सिंग कॉलेज के मालिक डॉ अभिषेक की संपत्ति होगी कुर्क

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गैंगस्टर एक्ट के आरोपी व राज नर्सिंग कॉलेज के मालिक डॉ. अभिषेक यादव, उनकी पत्नी व बहन की 50 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क होगी। तिवारीपुर पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने बुधवार को इस आशय का आदेश जारी किया।

जानकारी के मुताबिक, डीएम ने आरोपी की चिह्नित हुई भूमि, भवन, नर्सिंग कॉलेज व आठ वाहनों को कुर्क करने का आदेश दिया है। अलग-अलग बैंकों के 15 से अधिक खातों से लेनदेन पर भी रोक लगा दी गई है। बिना मान्यता के नर्सिंग कॉलेज में विद्यार्थियों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने का आरोपी डॉ. अभिषेक व उसकी पत्नी समेत पांच आरोपी इस समय जेल में हैं। पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव पर शासन के निर्देश पर केस दर्ज कराया गया था। आरोप है कि कूटरचित दस्तावेज के सहारे शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया गया था। शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने आठ जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

## 50 करोड़ से अधिक की संपत्ति चिह्नित, गैंगस्टर के तहत कार्रवाई का आदेश

डॉ. अभिषेक की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया गया है। जल्द ही कार्रवाई होगी। माफिया के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। **-कृष्णा करूणेश,** डीएम

>> संबंधित खबर पेज 3 पर

## कोतवाली थाने में दर्ज हुआ था गैंगस्टर का केस

जालसाजी का केस दर्ज कर कोतवाली थाना पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि दुर्गाबाड़ी निवासी डॉ. अभिषेक यादव, पत्नी डॉ. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डॉ. पूनम यादव, साथी शक्तिनगर निवासी डॉ. सी प्रसाद उर्फ चौधी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थानाक्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनरायण मौर्य और मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के साथ मिलकर 2015 से यह गिरोह चला रहे हैं। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने 16 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी विवेचना तिवारीपुर थाना पुलिस कर रही है।

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 03/11/22

# दस पर हत्या का प्रयास का केस

**अकटही बाजार(एसएनबी)।** बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामायन वर्मा की शिकायत पर हत्या का प्रयास समेत विभिन्न अपराधिक धाराओं में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पीड़ित के पिता ने दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि विगत 23 अक्टूबर को शाम मेरा पुत्र प्रमोद बाजार से समान खरीदकर घर लौट रहा था तभी शैलेन्द्र वर्मा अंकित वर्मा निवासी छेरिहां मनोज वर्मा राजू वर्मा निवासी सोहनपुर द्वारा पुरानी रंजिश के कारण सभी लोग मिलकर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत जान से मारने के लिए गांव के दरोगा कुशवाहा मनु कुशवाहा राम बहाल कुशवाहा हरिश्चंद्र कुशवाहा संतोष कुशवाहा के सहयोग से राजू चौरसिया पुत्र राम जी चौरसिया व पीयूष पांडे पुत्र विनोद पांडे कांटा से लैस होकर मोटरसाइकिल से पीछा पीछा करते हुए समय लगभग 5:00 बजे घर से 20 मीटर की दूरी पर पहले से घात लगाए दरोगा कुशवाहा मनु कुशवाहा हरिश्चंद्र कुशवाहा संतोष कुशवाहा ने मिलकर आगे से घेर लिया तब तक राजू और पीयूष पीयूष पांडे पहुंच गए सभी ने मां बहन की भद्दी भद्दी गाली गुप्ता देते हुए हमला कर दिया राजू ने कट्टे से गोली मार दी जिससे वह बेहोश होकर गिर गया शोर-शराबा सुनकर प्रार्थी एवं गांव के लोग पहुंचे तत्पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएससी भाटपाररानी ले गई जहां गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें महर्षि देवरावा बाबा मेडिकल कलेज के लिए रेफर कर दिया वहां से चिकित्सकों ने केजीएमसी लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। आगे बताया कि केजीएमसी से इलाज चल रहा है।इस बावत थानाध्यक्ष बनकटा बरजोर सिंह ने बताया कि विवेचना हो रही है साक्ष्य मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

हिन्दुस्तान 03/11/22

# स्कूल नहीं गए छात्र, परेशान रही पुलिस

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। घर से स्कूल के लिए निकले तीन छात्र पढ़ने के डर से स्कूल नहीं गए। परिजनों ने बच्चों के स्कूल नहीं पहुंचने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस परेशान हो गई। पुलिस टीम बच्चों के तलाश में जुट गई। करीब पांच घण्टे के बाद पुलिस ने तीनों बच्चों को उनके घर से कुछ दूरी से बरामद कर परिजनों को सौप दिया है।

कस्बा के वार्ड नम्बर चार चिकटोली मुहल्ले के रहने वाले धनंजय शर्मा का 8 वर्षीय बेटा अमन शर्मा व चंदन शर्मा की 12 वर्षीय बेटी कृति शर्मा, बेटा दिशांत शर्मा 10 वर्ष कस्बे के गायत्री स्कूल में पढ़ते है।

- कस्बे के वार्ड नंबर चार चिकटोली मोहल्ले के रहने वाले हैं छात्र
- पांच घंटे बाद पुलिस ने कस्बे से खेलते हुए किया बरामद

बुधवार की सुबह करीब 7:30 बजे तीनों छात्र एक साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकल गए। लेकिन तीनों स्कूल न जाकर मुहल्ले के आसपास ही रह गए। बच्चों के स्कूल न जाने की जनकारी करीब दस बजे लंच लेकर स्कूल गए चंदन शर्मा को हुई तो उन्होने परिजनों सहित पुलिस को सूचित किया। छात्रों के स्कूल नही पहुचने की जानकारी मिलने के बाद परिजनो ने पुलिस को तहरीर दी। स्कूल गए छात्रों के रास्ते से लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम परेशान रही और छात्रों की तलाश में जुटी गई।

करीब पांच घण्टे के कड़ी मशक्क्त के बाद पुलिस ने तीनों बच्चों को उनके घर के पास से एक मकान के बरामदे से खेलते हुए बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर भाटपाररानी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौप दिया गया है। छात्रों के स्कूल न जाने से पुलिस की परेशानी बढ़ गई थी। उनकी तलाश के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए।

हिन्दुस्तान दि. 03/11/22

# सड़क हादसे में प्रधानाध्यापक समेत दो की मौत, छाया मातम



मदन यादव (फाइल फोटो)

- तेज रफ्तार बोलेरो ने एक ही बाइक पर सवार दोनों को रौंदा
- देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर खुखुन्दू के पास हुआ हादसा

खुखुन्दू(देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। सड़क हादसे में बुधवार की अपरान्ह एक प्रधानाध्यापक समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसा देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर खुखुन्दू के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया।

खुखुन्दू थाना क्षेत्र के शेरवा बभनौली गांव के रहने वाले मदन यादव(55) पुत्र स्व. श्यामराज यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेनुआ भलुअनी में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। गांव के पास ही उनका एक आरा मशीन भी है। बुधवार को करीब 3:30 बजे वह आरा मशीन के मिस्त्री रामअधार विश्वकर्मा(70)पुत्र स्व गोबरी विश्वकर्मा निवासी बहादुरपुर को अपनी बाइक पर बैठा कर खुखुन्दू जा रहे थे। देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर सेंट कैथरीन स्कूल स्कूल के सामने फोरलेन पर चढ़ते समय खुखुन्दू की तरफ से सलेमपुर जा रही तेज रफ्तार बोलेरों ने उन्हें रौंद दिया। आसपास लोगों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही दोनों के परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक इमरजेंसी पर पहुंच गए। चिकित्सकों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लिया:** हादसे के बाद बोलेरो चालक गाड़ी लेकर तेजी से भागने लगा। उसी दौरान मुसैला चौराहे के पास उसका चक्का ब्रस्ट हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसका पीछा कर भरथुआ के पास से दबोच लिया। पुलिस बोलेरो को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है।

**परिवार में छाया मातम:** प्रधानाध्यापक व आरा मिस्त्री की मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। मदन यादव अपने चार भाईयों में सबसे छोटे थे। उनका एक बेटा आदित्य व बेटी नेहा है। उनकी पत्नी पुष्पा आंगनवाड़ी कार्यकत्री हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी अचेत हो गईं। उधर राम अधार के परिजन भी रो रो कर बदहवाश हो गए। उनका दो बेटा व तीन बेटिया हैं।

हिन्दुस्तान दि. 03/11/22

# पुलिस की नाक के नीचे से लाखों की चोरी

बरियारपुर। बरियारपुर थाने के सटे हार्डवेयर की दुकान से मंगलवार की रात को चोर लाखों रुपए का सामान चुरा ले गए। घटनास्थल के बगल में थाने में पुलिस सोती रही । दुकानदार जब सुबह दुकान खोलने आया तो उसको पता चला कि दुकान में चोरी हुई है।

दुकान के पीछे का दरवाजा खुला हुआ है यह देख उसके होश उड़ गए सबसे पहले उसने अपना काउंटर और सामान को देखा तो उसमें से 5000 नगद तीन टुल्लू पंप 2 हैंड पाइप तथा अन्य सामान गायब मिला इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मुआयना किया हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई थी

हिन्दुस्तान दि० 03/11/22

कुशीनगर में महिला की हत्या का है आरोपी, जेल प्रशासन ने जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया था

# हत्याभियुक्त के फरार होने के मामले में 3 पर केस

देवरिया, निज संवाददाता। जिला अस्पताल से हत्याभियुक्त के फरार होने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने दो बंदी रक्षकों और बदमाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली पुलिस ने जेल अधीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। उधर मामले की जानकारी होने के बाद डीआईजी जेल ने दोनों बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया।

कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के मेहदीगंज में 28 सितंबर 2022 की रात विधवा पूजा (35) पुत्री कांता प्रसाद की हत्या हुई थी। महिला के पिता कांता प्रसाद की तहरीर पर मृतका की सास समेत पांच के खिलाफ हत्या का केस दर्ज हुआ था। पुलिस की जांच में पता चला कि अयोध्या के इनायत नगर थाना क्षेत्र के गहनी खिहारन बरूआ बाजार के रहने वाले प्रवीन पाल उर्फ प्रदीप पाल पुत्र रामअजोर पाल ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने प्रवीण पाल को 28 अक्टूबर को कोर्ट में पेश किया जहां से जिला कारागार देवरिया भेज दिया गया। जेल प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया, जहां से मंगलवार की देर शाम वह फरार हो गया। जेल अधीक्षक दीप्त मिश्र की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने हत्याभियुक्त प्रवीन पाल उर्फ प्रदीप पाल पुत्र रामअजोर पाल निवासी गहनी खिहारन बारुन बाजार थाना इनायत नगर जिला अयोध्या, जेल वार्डर विपिनचन्द्र निवासी मऊ अवतारा थाना जगदीशपुर जिला अमेठी व जेल वार्डर हीरालाल निवासी मदी थाना चन्दवक जिला जौनपुर हालमुकाम जिला कारागार के विरुद्ध धारा 223, 224 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## फरार बदमाश का नहीं मिला सुराग

जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती प्रवीन पाल उर्फ प्रदीप पाल ने शौचालय में गया था। जहां से जेल वार्डर को चकमा देकर फरार हो गया। हत्याभियुक्त की तलाश में पुलिस ने रोडवेज व रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी किया। साथ ही पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसके बाद भी फरार बदमाश के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने बदमाश के बारे में आस पास के जिले के पुलिस को इसके बारे में जानकारी दिया है।

- जेल अधीक्षक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- मामले में डीआईजी जेल ने दोनों बंदीरक्षकों को किया निलंबित

“ जिला अस्पताल से फरार हत्यारोपी प्रवीन पाल के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।
- श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर देवरिया।

## पहले भी इलाज व पेशी से भाग चुके हैं बदमाश



- पूर्व में फरार तीन बदमाशों का नहीं चल सका पता
- एसओजी और वाराणसी एसटीएफ ने दो बदमाशों को दबोचा

देवरिया। पहले भी इलाज व पेशी पर गए बदमाश जिले से फरार हो चुके हैं। इसमें से अधिकांश को एसओजी और एसटीएफ वाराणसी ने पकड़ लिया। लेकिन आज भी दीपक सिंह, जयराम गोंड़ और मकसूदन भर के बारे में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल सका।

भाटपाररानी थाना क्षेत्र के छोटका गांव का रहने वाला जयराम गोंड़ करीब जिला कारागार में बंद था। 9 अक्तूबर 2019 को पुलिस लाइन में तैनात दरोगा शिवशंकर चौबे और आनन्द सिंह दो दर्जन कांस्टेबल के साथ बंदियों को जिला कारागार से न्यायालय लेकर गए थे। जहां से वह लघुशंका करने के लिए पुलिस कर्मी के साथ गया। जहां से पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया।

भाटपाररानी थाना क्षेत्र चनुकी सोहनपा मार्ग पर दिग्सौली गांव के समीप बदमाश शाका पाण्डेय अपने दोस्त के साथ सिपाही अखिलेश यादव को गोली मार कर घायल कर दिया था। इसमें उसे भी गोली लगी थी। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां से 19 अगस्त 2018 को शाका पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आखिरकार एसटीएफ वाराणसी ने 14 सितम्बर को उसे वाराणसी में पकड़ा।

अगस्त 2018- तरकुलवा थाना क्षेत्र के पकड़ी महुअवा गांव का रहने वाला टीपू ने 2 अगस्त को घर में सो रही डेढ़ वर्ष की बेटी राधिका को उठा कर पड़ोस के पानी से भरे गड्ढे में फेंक दिया था। पुलिस ने उसे पकड़ कर 16 अगस्त 2018 को न्यायालय लाई। जहां से रस्सी काट कर वह फरार हो गया था। कोतवाली में दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था।

दोहरे हत्याकांड में रामआसरे केवट और उसके सहयोगी बिहार के पश्चिम चंपारण जिला के थाना सेमरा के परमादपुर गांव निवासी मकसूदन भर पुत्र प्रहलाद की पेशी थी। जिस पर कुशीनगर की पुलिस 5 दिसम्बर 2011 को अन्य बंदियों के साथ दोनों को पेशी पर लेकर न्यायालय ले गई थी।

हिन्दुस्तान दि० 03/11/22

हिन्दुस्तान दि. 23/11/22

# डेढ़ दर्जन के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। बिजली विभाग द्वारा बुधवार को आकस्मिक रिचेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें विद्युत बिल बकाया में कनेक्शन कटने के बाद भी दुबारा बिजली का उपयोग किए जाने के आरोप में डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

बिजली विभाग के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि रिचेकिंग अभियान के तहत क्षेत्र के ग्राम कौला मुंडेरा में धनुषधारी प्रसाद, जनाब अंसारी, हलीमा खातून, दिलबास, छेदी गौड, राम बहादुर यादव तथा ग्राम महुआपाटन में रामवृक्ष पटेल, राम रक्षा, रामप्रवेश, सवरून निशा, लल्लन वर्मा, राम बहाल कुशवाहा, संजीव गुप्ता, बृज नारायण, नरेश, दिनेश, गोकुल, रामजतन आदि उपभोक्ताओं का कनेक्शन विद्युत बिल बकाया में कटे होने के बाद भी बिना विद्युत बिल जमा किए लाइट का प्रयोग करते पाया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा। जिन उपभोक्ताओं की लाइट विद्युत बिल बकाया में विच्छेदन की गई थी, उनकी दोबारा रिचेकिंग की जा रही है। जो बिना विद्युत बिल जमा किए बिजली का प्रयोग कर रहे हैं, उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

दैनिक जागरण दि. 03/11/22

# पांच घंटे तक परेशान रहे स्वजन खेलते मिले तीनों बच्चे



स्वजन व पुलिस के साथ खड़े बच्चे • सौ. पुलिस

जासं, भाटपाररानी: घर से बुधवार की सुबह ड्रेस में निकले तीन बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे तो उनकी खोज शुरू हो गई। इसको लेकर स्वजन के साथ ही पुलिस घंटों परेशान रही। दोपहर में बच्चे उपनगर के रतसिया रोड स्थित मकान के बरामदे में खेलते मिले। बच्चों को देखकर पुलिस ने राहत की सांस ली। तीनों बच्चों को उनके अभिभावकों को सुपुर्द कर दिया गया।

उपनगर के वार्ड नंबर चार चिकटोली के रहने वाले धनंजय शर्मा व चंदन शर्मा सगे भाई हैं। धनंजय शर्मा विदेश में नौकरी करते हैं। उनका आठ वर्षीय पुत्र अमन शर्मा व चंदन शर्मा का 10 वर्षीय पुत्र निशांत व 12 वर्षीया पुत्री कृति के साथ शिव मंदिर रोड स्थित गायत्री शिक्षण संस्थान में कक्षा एक में पढ़ते हैं। तीनों सुबह आठ बजे एक साथ घर से स्कूल जाने के लिए निकले, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों को उनके अभिभावक को सौंप दिया गया है।

दैनिक जागरण दि. 03/11/22

# दस लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, बनकटा: एक सप्ताह पूर्व बाजार कर घर लौट रहे अधिवक्ता को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। सोहनपुर के रहने वाले रामायन वर्मा ने तहरीर में आरोप लगाया था कि 23 अक्टूबर की शाम मेरे पुत्र अधिवक्ता प्रमोद कुमार को बाजार से सामान खरीदकर घर लौटते समय पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने गोली मार दी। केजीएमयू लखनऊ में उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेरिहां गांव के शैलेंद्र वर्मा व अंकित वर्मा, सोहनपुर गांव के मनोज वर्मा व राजू वर्मा, दरोगा कुशवाहा, मनु कुशवाहा, हरिश्चंद्र कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राजू चौरसिया, पीयूष पांडेय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## दो कंबाइन मशीन किया सीज

जासं, रुद्रपुर : बिना फसल अवशिष्ट प्रबंधन किए कंबाइन मशीन का प्रयोग करने पर प्रशासन सख्त हो गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शीतलमांझा और एकौना थानाक्षेत्र के ग्राम नगवां खास में दो कंबाइन मशीन को बुधवार को सीज किया गया। दोनों गांवों में कंबाइन मशीन से धान की कटाई की जा रही थी। सूचना पर एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला को जानकारी दी। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक दुर्गेश श्रीवास्तव ने जानकारी पुलिस को दी।

दैनिक जागरण दि. 03/11/22

# बंदी की फरारी में दो बंदीरक्षक निलंबित

## पूरी रात बंदी की तलाश करती रही पुलिस, एसपी ने एसओजी समेत दो टीमों को सौंपी जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता, देवरिया: महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से फरार बंदी की कोतवाली पुलिस मंगलवार की पूरी रात शहर के विभिन्न क्षेत्र में तलाश करती रही, लेकिन वह पुलिस कर्मियों के हाथ नहीं लगा। उधर बंदी के फरार होने के मामले में जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने बंदी व दोनों बंदी रक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसके साथ ही बस्ती के वरिष्ठ जेल अधीक्षक व अधिष्ठान प्रभारी गोरखपुर शशिकांत सिंह ने ड्यूटी में तैनात जेल के दोनों बंदी रक्षक विधिचंद्र व हीरालाल को लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया है।

फरार बंदी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल अयोध्या जनपद के इनायनत नगर थाना क्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार का रहने वाला है। उसने कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में बीते 28 सितंबर की रात प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए दूसरी महिला पूजा (35) की हत्या कर दी थी।

कुशीनगर पुलिस ने उसे 28 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जिला जेल देवरिया में दाखिल किया था। बंदी प्रवीन की सोमवार की शाम तबीयत खराब होने पर जेल पुलिस की अभिरक्षा में महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के मेडिकल वार्ड के बेड नंबर 17 पर भर्ती कराया गया था। मंगलवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह शौच के लिए गया। शौचालय की खिड़की के रास्ते फरार हो गया।



बंदी के भागने के बाद हनुमान मंदिर रोड पर सतर्क रही पुलिस • जागरण

### महिला की हत्या में हुआ था गिरफ्तार

बंदी प्रवीन रामकोला थाना क्षेत्र के मेहदीगंज मे 28 सितबर की रात अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था, लेकिन मुलाकात न होने पर चुपके से जाकर अपरिचित पूजा के घर मे छिप गया। रात मे प्रेमिका के भाइयो को फंसाने के लिए बिस्तर पर सो रही पूजा की हत्या कर दी। वह कुछ माह पहले मुंबई से कुशीनगर के रामकोला के मेहदीगंज आया था। मुंबई मे ही उसकी प्रेमिका रहती थी। बाद मे वह मेहदीगंज आ गई।

> जेल अधीक्षक की तहरीर पर फरार बंदी व दोनों बंदी रक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की तलाश के लिए एसओजी समेत दो टीमें लगाई गई हैं।
>
> संकल्प शर्मा, एसपी

अमर उजाला दि० 03/11/22

# सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करें : एसपी

## डॉ. आशीष पैरामेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित हुई पुलिस की पाठशाला





पाठशाला को एसपी संकल्प शर्मा ने संबोधित किया।


पुलिस की पाठशाला में उपस्थित विद्यार्थी और शिक्षक। अमर उजाला


अब कुछ गलत होने पर विरोध करेंगी। एसपी सर की बातों से गजब का आत्मविश्वास आया है। आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। -नीरज सिंह


एसपी सर ने एक शिक्षक की तरह पुलिस व इसकी व्यवस्था के बारे में बताया। यह पाठशाला अनुभव देने वाला रहा। बातों को अन्य से भी बताकर जागरूक करेंगी। -पूजा यादव

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ा है, इसके फायदों के साथ स्याह पक्ष भी सामने आए हैं।

सोशल मीडिया का प्रयोग बेहद सावधानी से करें खासतौर पर महिलाएं और छात्राएं।

पुलिस अधीक्षक बुधवार को अमर उजाला फाउंडेशन के अपराजिता अभियान के तहत शहर के उमानगर स्थित डॉ.आशीष पैरामेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पुलिस की पाठशाला में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, ऐसे में हैकर आपका बैंक अकाउंट कभी भी खाली कर सकते हैं। कभी किसी को अपना पिन नंबर न बताएं। कार्यक्रम में मौजूद 220 से अधिक छात्राओं को जागरूक करते हुए एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अपने चित्र अपलोड करते समय निजता का ख्याल अवश्य रखें।

कई लोगों ने सोशल मीडिया पर गलत नामों से अपनी प्रोफाइल बना रखी है। ऐसे में समस्या पालने से अच्छा है खुद को सुरक्षित रखा जाए।

एसपी ने कहा कि कभी किसी से वित्तीय जानकारी साझा न करें। इस तरह का कोई मामला घटित हो जाने पर तत्काल पुलिस के साइबर सेल में शिकायत करें।

इसके पूर्व संस्था की प्रबंध निदेशक मृदुला सिंह ने एसपी का स्वागत किया। संचालन निदेशक डॉ. रीतू सिंह ने किया।

इस दौरान प्राचार्य जय विभूति, उप प्राचार्य पूजा बरनवाल, स्मिता शर्मा, अभिषेक त्रिपाठी, सत्येंद्र कुमार सिंह, दिव्या, राकेश सिंह, शिप्रा कुशवाहा, प्रतिमा राजभर, दीपिका राव, प्रीति वर्मा, कविता, पूजा आदि मौजूद रहीं।

अमर उजाला दि० 03/11/22

# तीन बच्चों के लापता होने की सूचना पर हलकान रही पुलिस

## बाद में एक घर के बरामदे में खेलते मिले तीनों बच्चे

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। नगर के शिव मंदिर रोड स्थित गायत्री शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले एक ही कक्षा के तीन बच्चों के बुधवार को लापता होने की सूचना पर दोपहर 1:30 बजे तक भाटपाररानी पुलिस हलकान रही।

बाद में तीनों बच्चे नगर के रतसिया रोड स्थित एक मकान के बरामदे में खेलते हुए पाए गए। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और तीनों बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

नगर के वार्ड नंबर चार चिक टोली निवासी धनंजय शर्मा और चंदन शर्मा सगे भाई हैं। धनंजय शर्मा विदेश रहते हैं। धनंजय शर्मा का 8 वर्षीय पुत्र अमन शर्मा तथा

### घर से पढ़ने गए बच्चे नहीं पहुंचे स्कूल

### पुलिस ने बच्चों को परिजनों को सुपुर्द किया

चंदन शर्मा की पुत्री कृति (12) और दिशांत (10) तीनों शिव मंदिर रोड स्थित गायत्री शिक्षण संस्थान में कक्षा एक में पढ़ते हैं। तीनों सुबह आठ बजे एक साथ घर से स्कूल जाने के लिए निकले। तीनों स्कूल न जाकर रतसिया रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने एक मकान के अंदर बरामदे में खेलने लगे।

इधर चंदन शर्मा लंच लेकर जब सुबह नौ बजे विद्यालय पहुंचे तो पता चला कि तीनों आज विद्यालय नहीं आए हैं। इस पर स्कूल प्रशासन और अभिभावक सक्रिय हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही पुलिस पूरे नगर तथा आसपास के जाने वाले मार्गों पर सक्रिय हो गई। यह खबर तेजी से पूरे नगर में फैल गई।

नगरवासी भी जगह-जगह तीनों बच्चों की तलाश करने लगे। उधर, बच्चों को 1:30 बजे लंच के समय जब भूख लगी तो वे तीनों अंदर बरामदे से बाहर निकले। तब तक पुलिस और नगरवासियों की नजर उन पर पड़ गई। पुलिस उन्हें थाने लाई और अभिभावकों को सूचित कर तीनों बच्चों को उन्हें सुपुर्द कर दिया।

थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों को उनके अभिभावकों को सुपुर्द कर दिया गया है।

अमर उजाला दि० 03/11/22

# अस्पताल संचालक, आशा बहू समेत पांच पर केस दर्ज

## कोतवाली थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी बासुदेव प्रसाद की तहरीर पर मंगलवार की देर रात पुलिस ने अस्पताल संचालक, आशा बहू समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया है।

### निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गई थी प्रसूता की मौत

कोतवाली थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी बासुदेव प्रसाद की बेटी का नगर के रंजनी हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान प्रसव हुआ था। जिसके बाद गोरखपुर के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बासुदेव प्रसाद की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रंजनी हॉस्पिटल के संचालक ओम प्रकाश मिश्रा, शीला शर्मा, गुलशन शर्मा, रानी शर्मा समेत बंजरिया गांव की आशा कार्यकर्ता कृष्णावती देवी पर केस दर्ज किया है।

कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि रंजनी अस्पताल के संचालक पर गैर इरादन हत्या व मेडिकल काउंसिल एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

लोगों पर केस दर्ज किया है।

अमर उजाला दि० 03/11/22

# दस आरोपियों पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बनकटा/रामपुर बुजुर्ग। क्षेत्र के छेरिहा गांव में करीब दस दिन पूर्व एक युवक को घेरकर गोली मारने के आरोप में पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

रामायण वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि अपने गांव तथा सोहनपुर निवासी कुछ लोगों से उनका पुराना विवाद है। 23. अक्तूबर को पुत्र प्रमोद कुमार दीवाली पर्व के लिए सामान खरीद कर मोटसाइकिल से अकेले घर आ रहा था।

इसी बीच घर से कुछ दूरी पर घात लगाकर बैठे शैलेंद्र वर्मा, अंकित वर्मा, मनोज वर्मा, राजू वर्मा, दरोगा कुशवाहा, मनु कुशवाहा, हरश्चिंद्र कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राजू चौरसिया, पियूष पांडेय ने घेर लिया और उस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने तमंचे से गोली मार दी, जिससे वह घायल होकर गिर गया।

घायल का इलाज केजी एमयू में कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पांच लोगों पर छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा

लार रोड। मईल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पांच लोगों पर छेड़खानी सहित मारपीट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया था कि 19 अक्तूबर को व गांव के एक सरकारी हैंडपंप पर नहा रहे थे। इसी बीच बगल के एक व्यक्ति नहाने से मना करने लगे। जब हमने इसका विरोध किया तो विवाद करने लगें। उनके घरवाले भी जुट गए और मारपीट करने लगे। मईल थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने छेड़खानी, बलवा, मारपीट सहित अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-11-2022

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 12 दबोचे

**कसया (कुशीनगर), हिसं।** पुलिस ने बुधवार को कसया में देवरिया रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार युवतियों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने आपत्तिजनक वस्तुएं, एक कार व दो स्कार्पियो बरामद की हैं। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने पर अनैतिक देह व्यापार निषेध अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर सभी को जेल भेजा गया है। पुलिस ने गेस्ट हाउस को सील कर दिया है।

कसया थाने में बुधवार को सीओ पीयूषकांत राय तथा पडरौना सीओ

**04** युवतियां भी पकड़ी गईं छापेमारी के दौरान

■ **कसया के गेस्ट हाउस में चल रहा था धंधा, सील**

कुंदन सिंह ने प्रेसवार्ता में छापेमारी का खुलासा किया। बताया कि देह व्यापार को लेकर मुखबिर से मिली सूचना पर कसया पुलिस ने थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी व पुलिस टीम ने शुभ शगुन मैरिज हॉल एंड गेस्ट हाउस में छापेमारी की। तलाशी के दौरान आठ युवक तथा चार युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में पाई गईं। पकड़े गए युवकों की पहचान विषम कुमार निवासी शाहपुर थाना गोसाईगंज (अयोध्या), सुनील निवासी कुसमहा टोला निवासी खपरधिकवा थाना श्यामदेउरवा, जिला महराजगंज, मिथिलेश कुमार सिंह, मनोज कुमार शर्मा और बलिंद्र सिंह निवासी मरछागर लच्छीराम, थाना हथुआ, मुन्ना कुमार निवासी मनिछापर थाना हथुआ, गोपालगंज, बिहार, फखरुद्दीन अंसारी निवासी पुरंदरपुर थाना तुर्कपटी जिला कुशीनगर, अभिषेक सिंह निवासी गोपालगढ़ थाना कसया, जिला कुशीनगर के रूप में हुई। सभी को जेल भेज दिया गया।

➤कार्रवाई का निर्देश P 04

# रिफ्लेक्टर टेप लगाकर किया जागरूक

## यातायात माह

**कुशीनगर।** यातायात माह नवम्बर के दूसरे दिन बुधवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु प्रभारी निरीक्षक यातायात सत्य सान्याल शर्मा ने जनपद में ट्रैक्टर ट्राली, पिकअप, बस, ट्रक व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया और चालकों से इन्हें हमेशा लगाए रखने की अपील की।

# हिस्ट्रीशीटर चोर गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कसया पुलिस टीम ने थाने के हिस्ट्रीशीटर चोर आशमुहम्मद उर्फ भुटेली निवासी पिपरहिया को रोडवेज बस स्टैण्ड से पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास से चार घंटे पहले कसया बस स्टैंड पर यात्री के पाकेट से चुराया पर्स चोरी बरामद हुआ। पर्स में 3500 रूपये और एटीएम कार्ड था। भुटेली का पुराना आपराधिक इतिहास है। उस पर कसया थाने में 16 मुकदमे दर्ज हैं।

# फरार पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने थाने में दर्ज मुकदमों में फरार चल रहे पांच अभियुक्तों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कमल प्रसाद निवासी पटहेरिया आबादकारी, अजय चौहान निवासी जंगल बेलवा कटनवार, विकास चौहान निवासी जंगल बेलवा कटनवार, सुनील यादव निवासी बलुचहां व विशाल निवासी आवास विकास कालोनी पडरौना शामिल हैं।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बरवापट्टी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नारायणपुर पुलिया के समीप से पुलिस ने बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे एक चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम नारायणपुर पुलिया के समीप पहुंची थी। वहां दो व्यक्ति आते दिखे और पुलिस को देख भागने लगे।

# ट्रेन से कटने पहुंचे व्यक्ति को पुलिस ने बचाया

**खड्डा।** खड्डा में परिवारिक कलह से तंग आकर ट्रेन से कटने जा रहे एक 48 वर्षीय व्यक्ति को पुलिस ने बचा लिया। परिजनों को बुलाकर उसे घर भेजवाया गया है। खड्डा थाना क्षेत्र के बहोरछपरा निवासी रोहित प्रसाद गुप्त की परिवार के लोगों से किसी बात को लेकर कलह है। बुधवार की देर रात रोहित का परिवार के लोगों से झगड़ा हुआ।

# साइबर क्राइम को लेकर किया जागरूक

**पडरौना।** गीता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में रविंद्रनगर में बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देकर सजग रहने को जागरूक किया गया।

# साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

कुशीनगर। साइबर जागरुकता अभियान के अन्तर्गत थाना सेवरही पुलिस की टीम ने बुधवार को लोकमान्य इण्टर कालेज सेवरही व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विद्यार्थियों को साइबर अपराध को जागरुक किया।

छात्र एवं छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर 1930 व साइबर अपराध रोकथाम पोर्टल **cybercrime. gov. in** के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

# कोर्ट के आदेश पर हटा अतिक्रमण

**सपहा, हिन्दुस्तान संवाद।** सारी गिदहा गांव के खलिहान के जमीन पर करीब 40 वर्षो से गांव के ही हरिनारायन पुत्र बेचू, रामप्रसाद पुत्र रामधारी कच्ची फूस की मकान बनाकर रह रहे थे।

इस पर गांव के लोगों ने उच्च न्यायालय में अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसील प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंच खलिहान के जमीन से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान तहसीलदार कसया मान्धाता प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता, प्रभारी कानूनगो ब्रजेश मणि त्रिपाठी, राजन मिश्रा, एसआई प्रदीप कुमार, चन्दन मौर्य, महिला उपनिरीक्षक अंजलि त्रिपाठी, वकील कुमार, विशाल यादव, अश्विनी यादव, आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराध से रहें सतर्क : सीओ

**जासं, पडरौना:** साइबर जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित गीता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को जागरूक किया गया। सीओ सदर और साइबर सेल की टीम ने छात्रों को बताया कि जरा सी चूक से उन्हें आर्थिक चपत उठानी पड़ेगी।

सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि साइबर अपराध का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। बैंक या एटीएम से जुड़ी जानकारी बैंक कभी नहीं मांगता। अगर आपके नंबर पर फोन कर कोई इससे जुड़ी जानकारी मांगता है तो सावधान हो जाइए, अन्यथा आप आर्थिक चपत के शिकार हो सकते हैं। इंटरनेट मीडिया का प्रयोग करते समय भी सावधानी बरतें।

साइबर सेल प्रभारी मनोज पंत ने कहा कि एटीएम कार्ड का प्रयोग करते समय सजगता बरतें। अगर पीछे खड़ा व्यक्ति ताक-झांक कर रहा तो उससे सावधान हो जाइए। अगर असुरक्षित महसूस कर रहे तो तत्काल इसकी सूचना गार्ड को दें। नियमानुसार एटीएम में एक बार में एक व्यक्ति ही प्रवेश कर सकता है।

कहा कि अगर खाते से पैसे कट जाएं तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 पर दें। प्रबंधक ओपी गुप्ता ने सभी के प्रति आभार जताया। एसएओ कुबेरस्थान आरके सिंह सहित शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

# आत्महत्या करने गए अधेड़ को बचाया

**जागरण संवाददाता, खड्डा** : थाने के गांव बहोरछपरा के रहने वाले एक अधेड़ ने आर्थिक तंगी से आजिज आकर बुधवार की रात लगभग नौ बजे आत्महत्या करने के लिए गांव से चार किमी दूर खड्डा रेलवे स्टेशन के पश्चिम सोहरौना अंडरपास के निकट ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहा था। प्रधान की सूचना पर खड्डा पुलिस के जवान रेलवे ट्रैक के किनारे आत्महत्या के लिए बैठे व्यक्ति को समझा बुझाकर घर पहुंचाया। कर्ज की बोझ से दबे 55 वर्षीय रोहित प्रसाद गुप्ता पुत्र रामशरण गुप्ता का आर्थिक सहयोग उनके पुत्र नहीं कर रहे हैं, ताकि उनको कर्ज से मुक्ति मिल सके। उनका कहना है कि बड़े पुत्र की शादी समेत कई बार लोगों से लिया कर्ज लगभग पांच लाख रुपये हैं। इस कर्ज को वापस करने में पुत्र उनका सहयोग नहीं करते हैं। इस बात को लेकर दोपहर से ही पारिवारिक कलह शुरू हो गया। देर शाम को रोहित रेल से कटकर जान देने की बात कहकर घर से निकले। पुलिस ने रेल ट्रैक पर उनकी तलाश शुरू की। आत्महत्या के लिए ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे रोहित को सिपाही प्रेमनारायण वर्मा और राहुल पांडेय ने समझा बुझाकर घर पहुंचाया।

# चोरी की बाइक संग दो लिफ्टर गिरफ्तार

**जासं, बरवापट्टी:** क्षेत्र के नरायनपुर पुलिया के पास से बुधवार को बरवापट्टी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से चोरी के दो मोबाइल भी बरामद हुए। एसएचओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि नरायनपुर पुलिया के पास बाइक सवार दो युवकों को देख पुलिस ने रोका।

कागजात मांगने पर वे नहीं दे सके। दोनों ने स्वीकारा कि बाइक चोरी की है। दोनों की पहचान निखिल सिंह निवासी सरगटिया करनपट्टी व भोला साहनी बनरहा पूरबपट्टी थाना सेवरही के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज है।

# तमंचे के साथ नृत्य करने वाला गिरफ्तार

**पटहेरवा :** क्षेत्र के धौरहरा से पटहेरवा पुलिस ने तमंचे के साथ नृत्य करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक की पहचान विकास कुमार गौड़ निवासी माधोपुर मीर पटिया के रूप में हुई। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय ने बताया कि यह घटना बीते दिनों इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय धौरहरा के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। (जासं)

# पर्स चोरी के आरोप में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**कसया :** नगर स्थित ओवरब्रिज के समीप कसया पुलिस ने बुधवार को हिस्ट्रीशीटर व रोडवेज परिसर से यात्री का पर्स चुराने वाले आसमुहम्मद उर्फ भुटेली निवासी पिपरहिया को गिरफ्तार किया। एसएचओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि सुबह 11 बजे थाने पहुंचे एक व्यक्ति ने रोडवेज परिसर से पर्स चोरी होने की शिकायत की। परिसर में लगे सीसी कैमरे की मदद से चोर की पहचान कर उसकी तलाश शुरू की गई। चार घंटे बाद सवा तीन बजे पुलिस ने उसे ओवरब्रिज के समीप गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# देह व्यापार में लिप्त आठ युवक गिरफ्तार

- युवकों के साथ एक गेस्ट हाउस में महिला व तीन युवतियां धराई
- कसया के सबया में काफी दिनों से चल रहा था देह व्यापार

**जागरण संवाद्दाता, कसया:** कसया पुलिस ने देह व्यापार के एक संगठित गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। बुधवार की भोर में एक गेस्ट हाउस में छापेमारी कर पुलिस ने एक महिला, तीन युवतियों के अतिरिक्त आठ युवकों को रंगे हाथ पकड़ा। उनके पास से दो लग्जरी कार, बियर केन, शक्ति वर्धक दवा व कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गईं। पुलिस गेस्ट हाउस को सील कर कार्रवाई में जुटी है।

सीओ पीयूष कांत राय ने थाने में पत्रकारों को बताया कि रात के दूसरे पहर में एक व्यक्ति ने सूचना दी कि कसया के सबया स्थित शुभ शगुन मैरेज हाल एंड गेस्ट हाउस में संगठित देह व्यापार का धंधा चल रहा है। लगभग दस की संख्या में धंधे में संलिप्त लोग मौजूद हैं। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी, चौकी प्रभारी हाइवे सन्नी जावला, एसआइ विवेक पांडेय, परमानन्द यादव, महिला कांस्टेबल प्रिया सिंह, शशिबाला सिंह, सिंपी यादव, गौरी व पूनम आदि की टीम गठित कर छापेमारी की गई तो अनैतिक कृत्य में संलिप्त अयोध्या जिले के थाना गोसाईंगंज के गांव शाहपुर निवासी 32 वर्षीय विषम कुमार, महराजगंज के श्याम देउरवा के गांव कुशमा के टोला खपरधिकवा निवासी 24 वर्षीय सुनील, गोपालगंज बिहार के हथुआ थाना के गांव मरछागर लच्छीराम निवासी 35 वर्षीय मिथिलेश कुमार सिंह, बिहार गोपालगंज के मनिछापर निवासी 39 वर्षीय मुन्ना कुमार, बिहार गोपालगंज के मरछागर लक्षीराम निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार शर्मा, गोपालगंज बिहार हथुआ थाना के गांव मरछागर लक्षीराम निवासी 45 वर्षीय बलिंद्र सिंह, कुशीनगर तुर्कपट्टी के गांव पुरंदरपुर निवासी 26 वर्षीय फकरुद्दीन एवं संचालक कुशीनगर के कसया गोपालगढ़ निवासी 24 वर्षीय अभिषेक सिंह के अतिरिक्त चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। सीओ राय ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इनके पास से बरामद सभी समान जब्त कर लिया गया है। गेस्ट हाउस को सील कर मालिक के विरुद्ध भी करवाई की जाएगी। जांच में यहां संगठित देह व्यापार किए जाने का तथ्य सामने आया है। बाहर से महिलाओं को बुलाकर अनैतिक धंधा कराया जा रहा है। आगे जहां भी ऐसी शिकायत मिलेगी कारवाई की जाएगी।



कसया थाना में पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते दाएं से सीओ पीयूष कांत राय व सीओ कुंदन कुमार सिंह ● जागरण

## कृषि मंत्री व विधायक ने डीएम से की थी शिकायत

**जासं, कसया:** जिले के दौरे पर आए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विधायक पीए पाठक ने कसया व कुशीनगर में संचालित कुछ गेस्ट हाउस व होटलों में देह व्यापार का धंधा किए जाने की शिकायत डीएम एस राजलिंगम से करते हुए कड़ी कार्रवाई करने बात कही थी। उन्होंने पुलिस के संरक्षण का भी आरोप लगाया था।

इस कार्रवाई को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।



छड़ लदे वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाते टीएसआई सत्य शान्याल शर्मा ● जागरण

# वाहनों पर लगाया गया रिफ्लेक्टर टेप

जागरण संवाददाता,पडरौना: यातायात माह के दूसरे दिन बुधवार को वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात की जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी ने मातहतों संग वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चालकों से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। यातायात प्रभारी सत्य सान्याल शर्मा ने नगर के कठकुइयां मोड़ पर वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक किया। कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। अगर आवश्यक है तो वाहन को रोक मोबाइल का प्रयोग करें। गति का ध्यान रखें। निर्धारित गति से तेज वाहन चलाना आपके साथ सामने वाले के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। तेज रफ्तार सड़क हादसों में सबसे बड़े कारक के रूप में सामने आई है। यातायात निरीक्षक ने बताया कि शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी भ्रमण कर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य किया गया। ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके।

# हत्यारोपित के फरार होने में दो बंदीरक्षक निलंबित

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से हत्यारोपित बंदी के फरार होने के मामले में दो बंदीरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। दोनों बंदीरक्षकों विधिचंद्र व हीरालाल की अभिरक्षा में हत्यारोपित मेडिकल कालेज में भर्ती था और मंगलवार की देर शाम शौचालय की खिड़की तोड़कर फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस की दो टीमें लगाई गईं हैं, लेकिन बुधवार को दूसरे दिन भी पता नहीं चल सका।

फरार बंदी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल अयोध्या जनपद के इनायनत नगर थानाक्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार का रहने वाला है। आरोप है कि उसने 28 सितंबर को कुशीनगर जिले के रामकोला थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए उनकी पड़ोसी 35 वर्षीय पूजा की हत्या कर दी थी। वह प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। प्रेमिका के घर वालों को उसका मिलना पसंद नहीं था। कुशीनगर पुलिस ने उसे 28 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। सोमवार की शाम तबीयत खराब होने पर उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे शौच जाने का बहाना बनाकर वह निकला और शौचालय की खिड़की तोड़कर फरार हो गया। बुधवार को बंदीरक्षकों के निलंबन की कार्रवाई के साथ जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र की तहरीर पर दोनों बंदीरक्षकों और प्रवीन के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** गोरखपुर छावनी-छपराः- पीक्यूआरएस मशीन द्वारा सीटीआर/पी तथा टीएसआर/पी0 का कार्य।, **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2022-127, **अनुमानित लागत (₹) : 3,47,76,730/-, अमानत राशि (₹) : 3,23,900/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 28.11.2022,** स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः **12 माह,**

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2022-127 **दिनांक 28.11.2022 को 14.30 बजे**

# भूमि पैमाइश के दौरान मारपीट, तीन गिरफ्तार

**जासं, सफहा :** कसया के ग्राम खेसारी गिदहा में उच्च न्यायालय के आदेश पर बुधवार को खलिहान की भूमि की पैमाइश करने गई राजस्व व पुलिस टीम के सामने ही दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के एक व्यक्ति को ईंट से गंभीर चोट लगी, जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गांव की खलिहान की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। गांव के ही श्रीकांत द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका पर आदेश हुआ था। आदेश के अनुपालन में तहसीलदार मांधाता प्रताप सिंह की मौजूदगी में टीम द्वारा जेसीबी से अतिक्रमण हटाया जा रहा था। इसी बीच कार्रवाई से प्रभावित व शिकायतकर्ता पक्ष में मारपीट हो गई।

पुलिस मौके से तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाना लाई। इस दौरान नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता, प्रभारी कानूनगो ब्रजेश मणि त्रिपाठी, राजन मिश्रा एसआई प्रदीप कुमार, चंदन मौर्य, महिला उपनिरीक्षक अंजलि त्रिपाठी, वकील कुमार, विशाल यादव, अश्विनी यादव आदि उपस्थित रहे।

# एप से पुलिस रोकेगी फर्जी आधार कार्ड का दुरुपयोग

- एप के जरिये पता कर लेंगे कि आधार कार्ड सही है या फर्जी
- फर्जी आधार कार्ड से सामने आ रहीं आर्थिक अपराध की घटनाएं

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग कर लोगों को आर्थिक चपत लगाने वालों की अब खैर नहीं होगी। आधार क्यूआर कोड स्कैनर एप के जरिये चंद मिनटों में पुलिस अब पता कर लेगी कि आधार कार्ड सही है या फर्जी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) द्वारा विकसित यह एप अब जिले के हर पुलिसकर्मी के मोबाइल में होगा, ताकि वे इसका प्रयोग कर सकें। एप के जरिये एयरपोर्ट, रेल व बस स्टेशन, होटल या अन्य हाई सिक्योरिटी स्थलों पर प्रवेश के समय संदिग्धों की पहचान भी उजागर हो सकेगी।

यूआइडीएआइ द्वारा तैयार यह मोबाइल एप आधार कार्ड का दुरुपयोग रोकेगा। एप के द्वारा आधार कार्ड स्कैन कर संबंधित व्यक्ति का नाम, पता, लिंग, जन्मतिथि, फोटो आदि के विवरण को सत्यापित किया जा सकेगा।

आर्थिक अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को अपने मोबाइल में यह एप डाउनलोड करने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था व चेकिंग के समय पुलिसकर्मी संदिग्ध व्यक्ति, पकड़े गए अपराधियों द्वारा दी गई जानकारी की सच्चाई जान सकेंगे।

इसके साथ ही एयरपोर्ट, रेल तथा बस स्टेशन, होटल आदि जगहों पर प्रवेश के समय व्यक्ति की पहचान सत्यापित कर अवांछित गतिविधि व धोखाधड़ी करने वालों को चिन्हित कर उन पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

> आधार क्यूआर कोड स्कैनर एप को समस्त पुलिसकर्मियों को अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही पुलिस लाइन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि पुलिसकर्मियों को इसमें दक्ष बनाया जा सके। एप के माध्यम से आधार कार्ड के दुरुपयोग पर रोक लगेगा। आपराधिक घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

## जल्द ही पुलिस लाइन में आयोजित होगा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम

जल्द ही पुलिस लाइन में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां विशेषज्ञों द्वारा पुलिसकर्मियों को इस एप के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके बाद थानेवार गोष्ठी आयोजित कर पुलिसकर्मियों को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बरवापट्टी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नारायणपुर पुलिया के पास से पुलिस ने बुधवार शाम एक चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। नारायणपुर पुलिया के समीप पुलिस को एक बाइक पर दो लोग आते दिखे। पुलिस को देख वह भागने लगे। इस पुलिस ने उनको दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में बाइक का कागज नहीं दिखा पाए। इसके बाद चोरी की बात स्वीकार कर ली। संवाद

# तमंचा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**पटहेरवा।** छठ पूजा के दौरान डीजे पर डांस करते हुए तमंचा लहराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तमंचा बरामद होने पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया की मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। इसमें डीजे के गाने पर कुछ युवक डांस करते नजर आ रहे थे। एक युवक तमंचा के साथ डांस करता दिख रहा था। जांच में पुलिस ने उसे धौरहरा प्राथमिक स्कूल के पास से उसे गिरफ्तार किया गया उसके पास से एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विकास कुमार निवासी माधोपुर मीर के रूप में हुई है। संवाद

# सोशल मीडिया पर साझा न करें व्यक्तिगत जानकारी : सीओ

**पडरौना।** गीता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बुधवार को साइबर जागरुकता दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई।

सदर सीओ कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि भले ही सोशल नेटवर्किंग का क्रेज अधिक हो, लेकिन लोगों नहीं भूलना चाहिए कि एक छोटी सी भूल उनकी जिंदगी तबाह कर सकती है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सिर्फ बच्चे ही नहीं, उनके माता-पिता को भी अलर्ट रहना चाहिए। अंजान से दोस्ती और उसकी बातों में आने की गलती नहीं करनी चाहिए। इसके कुप्रभाव से बचने के लिए दोस्तों के साथ माता-पिता को भी सोशल मीडिया के बारे में जागरूक करें। किसी भी देशा में सोशल साइट पर व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें। अकेले मिलने के लिए जोखिम न उठाएं।

कार्यक्रम को कुबेरस्थान एसओ राघवेंद्र सिंह, साइबर सेल के प्रभारी मनोज कुमार पन्त आदि ने संबोधित कर विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से जुड़ी कई जानकारी दी। इसके पहले कॉलेज के प्रबंधक ओपी गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह परिहार ने अभार जताया।

अपर्णा राव, ब्यूटी यादव, सद्दाम हुसैन, अंकुर त्रिपाठी, अश्वनी शुक्ला, सत्यम सिंह, शिवम सिंह, अखिलेश चन्द्र राय, आनंद शर्मा, मदन मोहन पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद

# सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, चार युवतियों समेत 12 गिरफ्तार

## आपत्तिजनक वस्तुएं सहित दो स्कार्पियो को पुलिस ने कब्जे में लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/कसया।** नगर के एक निजी मैरिज हाल में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने बुधवार को पर्दाफाश किया। मौके पर आपत्तिजनक वस्तुओं सहित चार महिलाओं व आठ पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है। मैरिज हाल को सील कर दिया गया है।

स्थानीय थाने में कसया सीओ पीयूष कांत राय तथा पडरौना सीओ कुंदन सिंह ने पत्रकारों को बताया कि देह व्यापार के बारे में सूचना मिली थी। इसी आधार पर कसया सीओ की अगुवाई में कसया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी व टीम ने शुभ शगुन मैरिज हाल एंड गेस्ट हाउस की तलाशी ली, तो मौके पर होटल के विभिन्न कमरों से आठ पुरुष और चार महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान विषम कुमार पुत्र गणेश चंद्र दुबे निवासी शाहपुर थाना गोसाईगंज जिला अयोध्या, सुनील पुत्र मिठाईलाल निवासी कुशमहा टोला निवासी खपरधिकवा थाना श्यामदेउरवा जिला महाराजगंज, मिथिलेश कुमार सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी मरछागर लच्छीराम थाना हथुआ जिला गोपालगंज बिहार, मुन्ना कुमार पुत्र रामनाथ प्रसाद पटेल निवासी मनिछापर थाना हथुआ जिला गोपालगंज बिहार, मनोज कुमार शर्मा पुत्र हरिशंकर शर्मा निवासी मरछागर लच्छीराम थाना हथुआ जिला गोपालगंज बिहार, बलिंद्र सिंह पुत्र रामदेव निवासी मरछागर लच्छीराम थाना हथुआ जिला गोपालगंज बिहार, फकरुद्दीन पुत्र अलीन अंसारी निवासी पुरंदरपुर थाना तुर्कपटी जिला कुशीनगर, अभिषेक सिंह पुत्र बैरिस्टर सिंह निवासी गोपालगढ़ थाना कसया जिला कुशीनगर के रूप में हुई है। इनके साथ चार महिलाएं भी पकड़ी गईं हैं।

मौके से 17 आपत्तिजनक वस्तुएं, चार टैबलेट दवा, दो खाली सिगरेट का डब्बा, छह बियरकेन, दो स्कार्पियो सहित अन्य सामान मिला है। शुभ शगुन मैरिज हाल एंड गेस्ट हाउस को सील कर मुकदमा किया गया है।

### कृषि मंत्री ने एसएचओ को लगाई थी फटकार

जिले के दौरे पर आए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कसया एसएचओ और चौकी इंचार्ज को देह व्यापार होने की सूचना पर फटकार लगाई थी। इस संबंध में 27 अक्तूबर को जिले के दौरे पर आए कृषि मंत्री को सूचना मिली थी। कुशीनगर के होटलों में देह व्यापार किया जा रहा है। इस पर उन्होंने इसे तत्काल बंद कराने का निर्देश दिया था।

# बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सपही तड़वा में मंगलवार शाम एक गुमशुदा बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम सपही टड़वा निवासी बृजबिहारी पुत्र स्वामी नाथ ने पुलिस को बताया कि अपने परिजनों से बिछड़ा दो वर्ष का एक बच्चा कसया-सेवरही जाने वाले मुख्य मार्ग पर रोते हुए भटक रहा है। सूचना मिलते ही पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची और बच्चे को संरक्षण में लेकर लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया।

थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बच्चे का फोटो सपही टड़वा के ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को दिखाया तो उसकी पहचान सपही टड़वा के ही भरवा टोली निवासी हरिकेश पुत्र प्रभु मुसहर के रूप में हो गई। संवाद

# तमकुहीराज क्षेत्र से लापता बालक बनारस में मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

डिबनी बंजरवा/सलेमगढ़। तमकुहीराज क्षेत्र के मुकुंदपुर से सोमवार की दोपहर लापता बालक बनारस (काशी) में मिला है। इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों संग पुलिस टीम बनारस के लिए रवाना हो गई। बालक के सकुशल होने की सूचना से परिजनों ने राहत की सास ली। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि बालक की लोकेशन मिल गई है। उसे जल्द ही परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

मुकुंदपुर निवासी अनिल मिश्रा का नाबालिग बेटा कृष्णा सोमवार को अचानक गायब हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। परेशान घरवालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बालक के अपहरण की आशंका में पुलिस सक्रिय हो गई। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा और एसएचओ नीरज राय ने पीड़ित परिवार से मिलकर बालक की तलाश का आश्वासन दिया।

*तमकुहीराज से लापता बालक बनारस पहुंच गया है। उसे ले आने के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। बालक को जल्द ही उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।*

**- जितेंद्र सिंह कालरा,** सीओ तमकुहीराज

बालक के लापता होने की सूचना पुलिस ने जीआरपी के अलावा अन्य पुलिस थानों को दी। सोशल मीडिया के जरिए उसकी फोटो और पहचान वायरल करके तलाश में मदद मांगी। बुधवार को जानकारी मिली कि बालक की कद-काठी, हुलिया का एक बालक बनारस (काशी) में है। एक व्यक्ति ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

# हत्या के फरार आरोपी की तलाश में देवरिया पुलिस पहुंची रामकोला

**पडरौना/रामकोला।** प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए महिला की हत्या करने का आरोपी देवरिया जिला अस्पताल से फरार हो गया है। इसके बाद देवरिया की पुलिस कुशीनगर स्थित उसके प्रेमिका के घर दबिश देने पहुंच गई। उधर, लापरवाही में जेल के गार्ड सहित फरार आरोपी पर भी मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

28 सितंबर को रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में पूजा (35) पत्नी स्व. राजेश प्रसाद की सोते वक्त धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। 28 अक्तूबर को मामले का पर्दाफाश करते हुए कुशीनगर पुलिस ने अयोध्या जनपद के इनायतनगर थाना क्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार निवासी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल को गिरफ्तार करके जेल भिजवाया था। जेल में तबीयत खराब होने पर उसे मंगलवार को पुलिस की कस्टडी में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

देवरिया के एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि हत्या के आरोपी को जेल के गार्ड इलाज कराने जिला अस्पताल ले गए थे। संवाद

# खलिहान से हटाया गया अतिक्रमण

## दोबारा कब्जा करने पर दी गई सख्त कार्रवाई की चेतावनी

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** तहसील क्षेत्र के गांव खेसारी गिदहा में हाईकोर्ट के आदेश पर बुधवार को खलिहान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसीलदार मान्धाता प्रताप सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ अतिक्रमण हटवाकर दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी।

खेसारी गिदहा गांव में कुछ लोगों ने खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण करके फूस का मकान बनवा लिया था। इसकी शिकायत लोगों ने एसडीएम कसया कोर्ट में की। बाद में मामला हाईकोर्ट में चला गया। हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के संबंध में कार्रवाई का आदेश दिया। बुधवार को फोर्स के साथ पहुंचे तहसीलदार ने बुलडोजर चलाकर जमीन को खाली करा दिया।

इस दौरान दोनों पक्षों के आमने-सामने होने से गहमा-गहमी बनी रही। कार्रवाई में नायब तहसीलदार कसया आशीष गुप्ता, प्रभारी कानूनगो ब्रजेश मणि त्रिपाठी, राजन मिश्रा, एसआई प्रदीप कुमार, चंदन मौर्य, महिला उपनिरीक्षक अंजलि त्रिपाठी, वकील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



खेसारी गिदहा गांव में अतिक्रमण हटवाते तहसीलदार। संवाद

# अतिक्रमण देखने गए युवक पर धारदार हथियार से हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/कसया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खेसारी गांव में बुधवार की शाम प्रशासन की ओर से अवैध कब्जा हटवाया जा रहा था। देखने के लिए पहुंचे कसया कस्बा निवासी अरविंद गुप्ता पर एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

जिससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उनको कसया सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कसया कस्बा निवासी दिनेश गुप्ता ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि उनके भाई अरविंद गुप्ता बुधवार की शाम खेसारी गांव में प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटते देखने के लिए गए थे। इसी बीच इसी गांव के एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश में धारदार हथियार ने हमला कर दिया। इस संबंध में एसएचओ डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अभियुक्त ने बरामद कराया असलहा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपशब्द कहते हुए असलहा लहराने के आरोपी को पुलिस ने बुधवार को रिमांड पर लेकर पूछताछ की।

इस दौरान अभियुक्त ने अवैध पिस्टल की बरामदगी कराई। असलहा मिलने के बाद पुलिस ने उसे दोबारा जेल भेज दिया।

पटहेरवा एसओ गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि अक्तूबर माह में एक युवक का असलहा लहराते वीडियो वायरल हुआ था। युवक असलहा लहराकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र बातें कह रहा था।

वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने उसकी तलाश की तो उसने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

बुधवार को कोर्ट की अनुमति पर पुलिस ने देवरिया जेल में बंद अभियुक्त सुजीत शर्मा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उसने पिस्टल बरामद कराया।

# यातायात माह में भी कदम-कदम पर टूट रहे ट्रैफिक नियम

## पुलिसकर्मियों के सामने से बिना रोक-टोक निकल रहे बिना हेलमेट पहने बाइक सवार, तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर हादसे की आशंका

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** यातायात माह की शुरूआत एक तारीख से हो चुकी है, लेकिन जिले में लोग यातायात नियमों को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। मोहल्लों से लेकर चौराहों तक लोग ट्रैफिक नियमों का मजाक बना रहे हैं। पुलिस भी मूक दर्शक की भूमिका में है। बुधवार को नगर के विभिन्न जगहों पर लोग यातायात नियमों की अनदेखी करते नजर आए। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आगे अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

यातायात माह एक से लेकर 30 नवंबर तक मनाया जाता है। मंगलवार को जिले में इसकी विधिवत शुरूआत हुई है। इस माह में लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाता है। ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन इसका कोई असर पडरौना सहित आसपास के क्षेत्रों में नजर नहीं आ रहा है। पुलिस के अनुसार औसतन रोजाना ही सड़क दुर्घटना के दो मामले सामने आते हैं।



छावनी के पास बिना हेलमेट तीन सवारी बाइक चलाते लोग। संवाद



नगर के सुबाष चौक पर नहीं होती कोई चेकिंग, धड़ल्ले से यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं लोग। संवाद

### दृश्य एक : बिना हेलमेट तीन सवारी

**समय :** सुबह 11:31 बजे

**स्थान :** छावनी, रविंद्र नगर रोड

नगर में लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। पडरौना-रविंद्र नगर रोड पर बुधवार सुबह लोग बिना हेलमेट तीन सवारी बाइक चलाते नजर आए। उनकी जब फोटो खींची गई तो आपत्ति जताई। हेलमेट न पहनने की वजह पूछी गई तो बताया कि थोड़ी दूर ही जाना था।

### दृश्य दो : चौराहे पर नहीं कोई चेकिंग

**समय :** दोपहर 3:20 बजे, **स्थान :** सुभाष चौक

सुभाष चौक पर यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगती है, लेकिन कोई चेकिंग नहीं की जाती है। इस चौराहे पर ट्रैफिक दरोगा और दीवान के साथ पीआरडी जवान मौजूद रहते हैं। चौराहे पर पुलिसकर्मी सिर्फ जाम छुड़ाने पर जोर देते हैं। बिना हेलमेट पहने, तीन सवारी बाइक चलाने पर कोई रोकटोक नहीं करते हैं।

**औसतन रोज होती हैं दो दुर्घटनाएं :** पुलिस के अनुसार, कुशीनगर में औसतन रोज दो सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें अधिकतर बाइक सवार होते हैं। बाइक पर तीन सवारी चलने और बिना हेलमेट पहने लोग दुर्घटना के शिकार होकर काल के गाल में समा रहे हैं। मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की जान चली गई थी, जबकि छह लोग घायल हो गए थे।

*यातायात माह में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान काटकर जुर्माना वसूल किया जाता है। लोगों को जागरूक करने के बाद सघन अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।*
*- धवल जायसवाल, एसपी कुशीनगर*

### पिछले पांच साल में हुई सड़क दुर्घटनाएं

**वर्ष- दुर्घटनाओं की संख्या- मृतकों की संख्या- घायलों की संख्या**

2022- 541- 314- 313
2021- 612- 378- 345
2020- 549- 341- 278
2019- 674- 343- 311
2018- 529- 306- 294
2017- 496- 291- 222

**नोट:** आंकड़े 15 अक्तूबर तक हैं।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

## ट्रैफिक व कोतवाली पुलिस ने नगर तिराहा पर बैरियर लगाकर चलाया जांच अभियान

# बिना हेलमेट शहर में नहीं मिलेगी एंट्री

महराजगंज, निज संवाददाता। सड़क सुरक्षा व यातायात जागरूकता माह के दूसरे दिन ट्रैफिक व कोतवाली पुलिस ने नगर में विशेष जांच अभियान चलाया। एसपी के निर्देश पर नगर के मुख्य चौराहे के समीप बैरियर लगाकर वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान बिना हल्मेट जो भी बाइक चालक आया उसे रोक दिया गया। दो सौ बाइक चालकों ने घर से हेल्मेट मंगवाया। करीब डेढ़ सौ बाइक चालकों ने डीएम के निर्देश पर नगर चौराहे पर लगाए गए स्टाल से नया हेल्मेट खरीदा। हेल्मेट पहनने के बाद ही उनको शहर में प्रवेश की इजाजत दी गई। बिना हेल्मेट व सीट बेल्ट वाले करीब 210 चालकों का ट्रैफिक पुलिस ने ई-चालान काट जुर्माना लगाया। ट्रैफिक प्रभारी हरी सिंह यादव ने कर्मियों के साथ यातायात नियम को लेकर लोगों को जागरूक भी किया। बताया कि यातायात नियम की अनदेखी से मौत की घटनाएं बढ़ रही हैं। इनकी तुलना में आपराधिक वारदातों में मौत का ग्राफ कम है।



टीआई हरी सिंह यादव ने बुधवार को नगर के मुख्य चौराहे पर बाइक चालक को हेलमेट पहनाकर जाने की इजाजत दी। ● हिन्दुस्तान

हेल्मेट लगाकर बाइक चलाने पर हादसे के बाद भी मौत की गुंजाइश कम रहती है। इसलिए बाइक चालक हेल्मेट पहन कर गाड़ी चलाने की आदत डालें। इसकी अनदेखी पर कार्रवाई तय है। ट्रैफिक पुलिस ने चार पहिया वाहनों में शीट-बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाने वाले चालकों की जांच किया। जागरूकता अभियान के बीच टीआई ने कहा कि चार पहिया वाहन में यात्री व चालक शील्ट बेल्ट अवश्य लगाएं। गाड़ी के शीशा पर ब्लैक फिल्म नहीं लगी होनी चाहिए। अगर किसी गाड़ी के शीशा में ब्लैक फिल्म लगा है तो उसे हटा लें। अन्यथा की दशा में कार्रवाई की जाएगी।

> नगर क्षेत्र के अलावा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। इस दौरान जिले भर में दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट व लाइसेंस बाइक ड्राइविंग, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बुधवार को 840 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यह अभियान जारी रहेगा।
>
> हरी सिंह यादव-यातायात पुलिस प्रभारी

## एसपी ने इंस्पेक्टर और उप निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदला

# दो इंस्पेक्टर और सात दरोगा का हुआ तबादला

### फेरबदल

महराजगंज, निज संवाददाता। पुलिस महकमा में तबादला एक्सप्रेस जारी है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने दस थानेदारों के बाद दो इंस्पेक्टर व पांच उप निरीक्षकों का ट्रांसफर कर दिया है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर रामकृपाल सिंह को स्वाट टीम का प्रभारी बनाया गया है। कोल्हुई थाना में तैनात रहे एसआई रोहित यादव अब एसपी के नए पीआरओ होंगे।




- कोल्हुई थाने के एसआई रोहित यादव एसपी के पीआरओ बने
- श्यामदेउरवा से निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान को कोतवाली भेजा गया
- कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने को एसपी ने महकमे में फेरबदल किया

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल ने बताया कि श्यामदेउरवा थाना में अतिरिक्त निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान को कोतवाली में उसी पद पर तैनात किया गया है। सर्विलांस सेल के एसआई अनघ कुमार को कोठीभार थाना क्षेत्र के नगर पालिका सिसवा बाजार के महत्वपूर्ण पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। परसामलिक थानाक्षेत्र के सेवतरी चौकी प्रभारी एसआई दिनेश कुमार को सदर कोतवाली के कलक्ट्रेट चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कोतवाली के एसआई प्रवीण कुमार सिंह को पकड़ी पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। पकड़ी पुलिस चौकी प्रभारी एसआई ओम प्रकाश राज को कलक्ट्रेट में तैनात किया गया है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सोमवार को बताया कि जनपद महाराजगंज में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के मद्देनजर महकमे में फेरबदल किया गया है। जिससे कि घटनाओं पर लगाम लगाने के साथ ही जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया जा सके।

# नशीली दवाओं के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**नौतनवा :** पुलिस ने चकदह गांव से नशीली दवाओं के साथ नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। नौतनवा थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि बुधवार को एक बाइक पर संदिग्ध दिखा। उसको पकड़ लिया गया। उसके पास से 484 प्रतिबंधित इंजेक्शन, एक मोबाइल फोन व बाइक बरामद किया गया। आरोपित हरिश्चंद्र गुप्ता निवासी

ग्राम थुम्हवा वार्ड नं तीन सम्मरी माई गांव पालिका थाना मर्चवार जिला रुपंदेही पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। (जासं)

# निरीक्षक व उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल

**जासं, महराजगंज :** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने निरीक्षक व उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है।

श्यामदेउरवा थाना के अतिरिक्त निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान को कोतवाली थाना के अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर तैनात किया गया है। निरीक्षक राम्मकृपाल सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी स्वाट टीम, उप निरीक्षक अनघ कुमार को सर्विलांस सेल से चौकी प्रभारी सिसवा, उप निरीक्षक दिनेश कुमार को चौकी प्रभारी सेवतरी से कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी, उप निरीक्षक रोहित यादव को थाना कोल्हुई से पीआरओ पुलिस अधीक्षक, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी पकड़ी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश राज को चौकी प्रभारी पकड़ी से थाना कोतवाली स्थानांतरित किया गया है।

# सोनौली से नौतनवा तक यातायात व्यवस्था लचर

- राजमार्ग व कस्बा की मुख्य सड़क पर लग रहा जाम
- यातायात माह के दूसरे दिन खुली पुलिस के दावे की पोल

**जागरण संवाददाता, सोनौली :** पुलिस व प्रशासन नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाता है। नवंबर की शुरुआत के दूसरे ही दिन बुधवार को नौतनवा से सोनौली सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर कई बार जाम लगा। इस समस्या का मूल कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनौली के कुनसेरवा से स्टेट बैंक चौराहा तक ट्रक चालकों का मनमानी करते हुए दूसरे लेन पर आ जाना है। इस वजह से जाम लग जाता है।

सोनौली कस्बा के रामजानकी मंदिर से सोनौली मुख्य गेट सड़क के फुटपाथ पर दुकानदारों का अतिक्रमण है। दो पहिया व चार पहिया वाहनों के फुटपाथ के बाद सड़क पर पार्किंग करने से जाम लग गया। राहगीर व विभिन्न स्कूलों के छात्र जाम में फंसकर परेशान रहे। नौतनवा के छपवा तिराहा पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आया। नौतनवा के घंटाघर चौराहा, अस्पताल चौक व गांधी चौक पर भी कई बार जाम लगा। नौतनवा में भी जाम लगने का प्रमुख कारण दुकानदारों द्वारा सड़क तक अतिक्रमण करना व वाहन चालकों की ओर से यातायात नियमों



सोनौली में विपरीत लेन से गुजर रहे ट्रकों की वजह से लगा जाम ● जागरण

का पालन नहीं करना है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस कर्मियों को यातायात नियमों का अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

स्थानीय निवासी अनूप जायसवाल ने बताया कि सोनौली में जाम सबसे बड़ी समस्या है। इसका मुख्य कारण ट्रकों का विपरीत लेन से आवागमन है।

धर्मेंद्र मोदनवाल ने कहा कि पुलिस का ध्यान सिर्फ मालवाहक



धर्मेंद्र मोदनवाल



अनूप जायसवाल

वाहनों से वसूली पर रहता है। अगर वह विपरीत लेन से जा रहे वाहनों पर कार्रवाई होती तो ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रहती।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**जासं, भिटौली :** महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को पंडित काशी प्रसाद दीक्षित शिक्षण एवं प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पकड़ी दीक्षित में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एनएसएस के डा. अब्दुल कलाम इकाई के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव ने छात्राओं से कहा कि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई छींटाकशी करे अथवा परेशान करें, तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर पुलिस को सूचना दें।

उन्होंने वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर-112,

## बेहिचक हेल्प नंबर पर दर्ज कराएं शिकायत

चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 की जानकारी दी। महिला आरक्षी निधि तिवारी ने कहा कि थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने में भी समस्या से अवगत करा सकती हैं। किसी भी छात्रा को किसी से डरना नहीं चाहिए। किसी भी छात्रा को सोशल मीडिया का कम प्रयोग करना चाहिए। संरक्षक डा.अजय कुमार पांडेय, प्राचार्य डा. अजय कुमार दुबे, योगेश कुमार दुबे, धर्मेंद्र पटेल, अभिनव सिंह, हैपी सिंह, प्रेमचंद, आशीष गिरी, दीपक मणि, अर्चना दीक्षित, अमित कुमार यादव, अजय कुमार यादव, बृजेश्वर सिंह, मनोज गोंड मौजूद रहे।

# ऑनलाइन पोल : जनता का भरोसा जीत रही है पुलिस




सोनौली कोतवाली का फोटो। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जनता की नजर में महराजगंज पुलिस की छवि सुधरी है। सीमावर्ती कोतवाली सोनौली के कामकाज पर 88.66 प्रतिशत लोगों ने भरोसा जताया, जिससे यह कोतवाली जनता का भरोसा जीतने में पहले पायदान पर है।

दूसरे पायदान पर पनियरा थाना है। 83.69 प्रतिशत लोगों ने यहां की पुलिस के कामकाज को ठीक करार दिया है। सोहगीबरवा थाने के काम को 82.48 प्रतिशत लोगों ने बेहतर बताया जिससे यह थाना तीसरे पायदान पर है।

जनता की राय आईजीआरएस, ट्वीटर, एफआईआर फीड बैक, पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन के बारे में ली गई। सबसे निचले 19 वें स्थान पर चौक थाना है।

पुलिस की कार्य प्रणाली के लिए ऑनलाइन जनता की राय ली गई। जिसकी रिपोर्ट आने पर जिले के 19 थानों के कार्य प्रणाली पर जनता कितना भरोसा की, इसके बारे में जानकारी हुई।

जिले के सभी थानों ने बेहतर काम करते हुए 50 प्रतिशत से ज्यादा मत प्राप्त किया है। सदर कोतवाली पर 79.41 प्रतिशत लोगों ने भरोसा जताया जिससे जिले में 10 वें स्थान पर है।

## सदर कोतवाली के कामकाज पर लोगों का ज्यादा भरोसा नहीं, 10 वें पायदान पर

### 9,910 लोग फीड बैक में शामिल

आईजीआरएस फीडबैक में 417, ट्वीटर पोल में 2003, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन में 1164, एफआईआर फीडबैक में 275 लोग शामिल हुए। कुल 9,910 लोगों ने ऑनलाइन अलग-अलग पुलिस की कार्य प्रणाली पर अपना मत दिया।

*पहले से काफी सुधार देखने को मिल रहा है। पुलिस की कार्य प्रणाली में सुधार आए और इसे जनता बताएं, इस वजह से यह व्यवस्था लागू हुई है। पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन फीड बैक लिया जाता है। जिन थानों की प्रगति कम है, उनको सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं। -**डॉ. कौस्तुभ**, पुलिस अधीक्षक*

75.22,फरेंदा 79.43, बृजमनगंज 69.16, पुरंदरपुर 80.51, कोल्हुई 80.46, निचलौल 77.04, कोठीभार 78.50 चौक बाजार 65.07, ठूठीबारी 81.26, बरगदवा 78.62, परसामलिक थाने के काम काज पर 72.73 प्रतिशत लोगों ने भरोसा जताया है। सोनौली 88.66,

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

# पुलिस ने किया दुष्कर्मी को गिरफ्तार

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को वाल्टरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया आरोपी को थाने में लाकर पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।जहां से उसको जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता की ओर से मिली तहरीर के आधार पर सुनील निषाद पुत्र शिवलाल निवासी तीरगांव थाना गोला जनपद गोरखपुर के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी जिसे मंगलवार सुबह बस्ती जिले के महिला थाना के निकट से गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया जाएगा । गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, कां. राकेश यादव ,का.बलवंत यादव ,का.जितेंद्र शाह, का. विद्यासागर यादव शामिल रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए वाल्टरगंज पुलिस ने दो वारन्टियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है । थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह के नेतृत्व में वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा मुकदमा नंबर 1803/2013 धारा 25/323/504/506 भादसं से सम्बन्धित वारण्टी शिवमूरत व मुकदमा अपराध संख्या 112/20 धारा 147, 148, 498ए, 504, 506, 149, 492 आइपीसी से सम्बन्धित वारण्टी बसन्त लाल को वारण्ट दिखाकर गिरफ्तार किया गया और थाना से नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया गया है। पकड़े गये वारंटी शिवमूरत पुत्र स्व. जयकरन प्रजापति ग्राम सैथवलिया थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती,बसन्तलाल पुत्र गजराज सा. तेनुआ थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती के रहने वाले है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीममे योगेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष उप निरीक्षक सुभाष मौर्य,उप निरीक्षक हकीम, का. अवधेश यादव,का. संजय यादव,का. शुभम चौधरी,का. हरिशंकर यादव थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती शामिल रहे।

# जमीनी विवाद में मारपीट, सात नामजद

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के लोहरौली गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ। दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गये। पीड़ितों की तहरीर पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मारपीट व जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पैकोलिया थाना क्षेत्र के लोहरौली गांव में मंगलवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने - सामने आ गये। बात आगे बढी तो दोनो पक्ष एक दूसरे पर लाठी डंडा लेकर टूट पडे। दोनो पक्षों से चार लोग घायल हो गए। गुलशन कुमार पुत्र शिवप्रसाद की तहरीर पुलिस ने मुरली प्रसाद, संजू कुमार, पंकज कुमार, नितिन कुमार के बिरुद्ध धारा 308, 323, 504, 506,आईपीसी तथा दूसरे पक्ष के बिट्टू उर्फ संजू कुमार की तहरीर पर पुलिस ने शिवप्रसाद, गुलशन तथा अनूप के बिरुद्ध धारा 323, 504, 506,आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। घायलों को उपचार के लिऐ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर भेजा गया। थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# दी गयी यातायात नियमों की जानकारी

**छावनी (एसएनबी)।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बैंक एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। साथ ही यातायात माह के तहत नियमों का पालन करने वाले चालको को फूल देकर स्वागत किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि जीवन अनमोल है। सडक पर यातायात नियमों का उल्लंघन नही करना चाहिए। उन्होने कहा कि यातायात नियमो का पालन करने से दुर्घटनाए कम होती है। सडक सुरक्षा के तहत हम सभी को ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे हम आवागमन को और सुगम बना सके। थानाध्यक्ष ने कहा कि यातायात नियमों का पालन चंद लोग ही करते है जिससे आए दिन मार्ग दुर्घटनाए होती है। तमाम लोग मासूम जिंदगियो को भी निगल जाते है जिनकी कोई गलती नही होती। उन्होने सभी लोगो से यातायात नियमो का पालन करने की अपील किया।



# मारपीट में आधा दर्जन पर मुकदमा

पैकोलिया। पैकोलिया थाना क्षेत्र के लोहरौली गांव में भूमि विवाद हुए मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्षों के पीड़ितों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुश्तैनी मकान को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष के गुलशन कुमार की तहरीर पर मुरली प्रसाद व उनके बेटे संजू, पंकज, नितिन के खिलाफ और दूसरे पक्ष के बिट्टू उर्फ संजू कुमार की तहरीर पर शिवप्रसाद, गुलशन व अनूप कुमार के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सुनील निषाद निवासी गोला जिला गोरखपुर के खिलाफ थाने पर आईपीसी 376, 323 व 504 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने महिला थाना जनपद बस्ती के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# स्कूल में लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने एक स्कूल में मारपीट, तोड़फोड़ व लूट करने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि वांछित आरोपी सुनील कुमार पाठक निवासी सोनौरा थाना वाल्टरगंज को बुधवार को उसके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में स्थित एक स्कूल पर पहुंचकर मारपीट, तोड़फोड़ कर स्कूल का ड्रोन कैमरा आदि लूटने का मामला अगस्त 2022 में सामने आया था। पुलिस ने प्रकरण में आईपीसी 504, 506, 392, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। वांछित आरोपी सुनील कुमार पाठक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जगन्नाथ यादव, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश, महेश राय, कांस्टेबल मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार शामिल रहे।

# साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

विक्रमजोत। छावनी पुलिस ने बुधवार को बाल गोविंद गंगा प्रसाद इण्टर कॉलेज नेतवर पट्टी के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया। चौकी इंचार्ज विक्रमजोत ओमप्रकाश मिश्र ने साइबर अपराध के प्रकार, साइबर अपराध के कारण, रोकथाम व बचाव की जानकारी दी।

राहुल सिंह ने साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, 112, 1090 आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुधा त्रिपाठी, कृष्ण कुमार प्रजापति व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# मेड़ काटने के विवाद में चले लाठी-डंडा

बभनान। खेत की मेड़ काटने पर मना करने पर लाठी-डंडे से मारपीट होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया।


बुधवार को गौर थाना क्षेत्र के साड़ी हरिनाम गांव में जमकर लाठी-डंडे से मारपीट होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद थाने पहुंची पीड़िता मोनिका ने तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम विपक्षी राम सुरेश व राम गनेश आदि उसके मेड़ काटकर बांस-बल्ली लगा रहे थे।

# आपसी विवाद को लेकर मारपीट

**नगर बाजार।** नगर थाना क्षेत्र के फुलवरिया निषाद निवासी सुमित्रा का आरोप है कि गांव के राम सुरेश, उनकी समेत अन्य ने एकराय होकर आपसी विवाद को लेकर लाठी-डंडे से मारापीटा। वहीं दूसरे पक्ष की रामकली ने सुमित्रा, सुबरन व अविनाश पर मारने-पीटने सहित अन्य आरोप लगाए हैं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया दोनों पक्षों के तहरीर पर पुलिस मुकदमा कर छानबीन की जा रही है।

# जेठ पर नशे में छेड़खानी करने का आरोप, केस

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली तीस वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि उनके पति के बड़े भाई दारू पीकर आए दिन अपशब्द कहते हैं। 31 अक्टूबर की देर शाम उन्हें गलत नीयत से पकड़ कर छेड़खानी की। पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ 354क, 323 व 504 के तहत केस दर्ज कर लिया है।




फोरलेन पर पुरानी बस्ती थानांतर्गत पॉलीटेक्निक पर डायवर्जन के चलते भारी वाहनों का लंबा जाम लग गया। • हिन्दुस्तान

# डायवर्जन के चलते फोरलेन पर लगा जाम

**मानिकचन्द।** अयोध्या में शुरू हुई 14 कोसी परिक्रमा को लेकर फोरलेन पर भारी वाहनों के डायवर्जन के चलते बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थानांतर्गत पॉलीटेक्निक चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। यहां से बड़े वाहनों को डायवर्ट करने की व्यवस्था रही। पॉलीटेक्निक चौराहे पर मौजूद पुलिस कर्मी गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को हथियागढ़, गौरा तिराहा वाया मनौरी के लिए डायवर्ट कर रहे थे। इससे पॉलीटेक्निक चौराहे से लेकर करही तक वाहनों का लम्बा जाम लग गया। गुरुवार से आवागमन सामान्य रहेगा।

# हैवानियत करने के आरोपी की सरगर्मी से हो रही तलाश

**फॉलोअप**

- चार टीमें लगीं, महिला समेत चार लोगों से हुई पूछताछ
- छावनी थाना क्षेत्र में 31 अक्टूबर की शाम हुई थी घटना

छावनी (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। छावनी थाना क्षेत्र में भैंस चराने गई युवती के साथ हुई हैवानियत करने के आरोपी की पुलिस टीम सरगर्मी से तलाश कर रही है। छावनी थाने की तीन टीमों के साथ ही स्वॉट टीम को भी आरोपी की तलाश में लगा दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत चार लोगों से पूछताछ भी की।

दूसरी तरफ घटनास्थल के पास स्थित स्कूल के सीसीटीवी फुटेज के अलावा आसपास के रास्तों के सीसी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती पीड़िता अब खतरे से बाहर है। छावनी पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट का मुकदमा कायम किया है। घटना में गंभीर चोट आने के कारण पीड़िता को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया था। बुधवार को छावनी थाने से एक टीम गोरखपुर रवाना हुई। टीम पीड़िता के इलाज की जानकारी लेने के साथ ही घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी हासिल करेगी। घटना के बाद पीड़िता की मां ने आरोपी की पहचान के लिए कुछ अहम जानकारी दी थी। इसके अनुसार आरोपी के सिर पर आगे की तरफ बाल कम थे और दांत बहुत गंदे थे। इसके अलावा अभी तक पुलिस के हाथ आरोपी से संबंधित कोई जानकारी नहीं लग सकी है।

थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी व थाने की तीन टीमें घटना के खुलासे में लगी हैं।

# खेत को लेकर मारपीट, क्रॉस एफआईआर

**बस्ती।** हर्रैया थाने के कोदई निवासी प्रभावती ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के हरीराम समेत छह लोगों ने अरूई के खेत का मेड़ काट कर मिलाने से मना करने की बात को लेकर एक राय होकर मारापीटा। वहीं गांव के हरीराम का आरोप है कि खेत में लहसुन बोने की बात को लेकर व भूमि विवाद में शिवलाल समेत पांच लोगों ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी।

# कूटरचना कर सम्पत्ति अपने नाम कराई, केस

**बस्ती।** हर्रैया थाने में तहरीर देकर परसरामपुर के मुनियांवपुर निवासी घनश्याम तिवारी ने आरोप लगाया है कि धोखे से उनकी, मां व भाई की समस्त चल-अचन संपत्ति को कूटरचना और साजिश करके मां करूणा देवी से अपने नाम व अन्य के नाम बैनामा व वसीयत करा लिया गया। पुलिस ने मुनियांव खुर्द निवासी कार्तिकमणि त्रिपाठी समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के लोहरौली निवासी गुलशन कुमार का आरोप है कि गांव के मुरली प्रसाद, संजू, पंकज व नितिन ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके पिता को अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी देते हुए मारापीटा।



बभनान कस्बे में कैंडल मार्च निकाल न्याय की मांग करते लोग ● जागरण

## बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

जासं बभनान, बस्ती : महागौरी नगर वार्ड में विवाहिता की मौत के बाद बुधवार को दिवंगत के मायके वालों ने बभनान कस्बे में बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए लोगों के साथ कैंडल मार्च निकाला। इसके महिला पुरुष और बच्चियां भी शामिल थी। कुछ लोगों के हाथों में तख्तियां थी, जिन पर जस्टिस फार साक्षी, मामले की निष्पक्ष जांच हो, लिखा हुआ था। कैंडल मार्च शाम करीब 6.30 बाबा बागेश्वर नगर वार्ड से निकलकर सब्जी मंडी हर्रैया तिराहा, विजय चौक होते हुए कस्बे के अन्य हिस्सों में गया। 29 अक्टूबर को महागौरी नगर वार्ड में रूबल कमलापुरी की पत्नी साक्षी का शव छत की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटका पाया गया था। दिवंगत के पिता सूरज लाल के तहरीर पर पुलिस ने पति रूबल कमलापुरी, ससुर भाजपा नेता व नामित सभासद राधेश्याम ,जेठ दीपक सहित जेठानी के विरुद्ध में मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने मंगलवार को दिवंगत के पति को गिरफ्तार किया था।

# थानों पर कम्युनिकेशन के लिए टॉवर को अपग्रेड कराएं

## बैठक

बस्ती, निज संवाददाता। रेंज कार्यालय पर डीआईजी आरके भारद्वाज ने बुधवार को बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के रेडियो शाखा के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने परिक्षेत्र के सहायक रेडियो अधिकारी को निर्देशित किया गया कि हैंड हेड सेट व स्टैटिक सेट जो मरम्मत योग्य हो, उनकी मरम्मत करा ली जाए। आवश्यकता हो तो वायरलेस सेट की कमी दूर करने के लिए रेडियो मुख्यालय को मांग पत्र प्रेषित करें। रेंज के जिस जनपद के थानों पर कम्युनिकेशन नहीं हो पा रहा है, उनके टावर को अपग्रेड करा लिया जाए। डीआईजी ने कहा कि चौकी/थाना प्रभारी से संपर्क करके पता करें कि शैडो एरिया कौन है। इसके लिए पूरा प्लान बनाएं। बताया गया कि परिक्षेत्र के जनपद बस्ती में इंटरचेंज रिपीटर लगाया गया है। इसके तहत जिले के 17 थानों, 28 चौकी साथ में संतकबीरनगर में 9 थाने व 24 चौकी व सिद्धार्थनगर में 21 थाने आते हैं। इनमें पांच थाना बॉर्डर, 6 चौकी नेपाल बॉर्डर पर और इसमें कुल 20 कर्मचारी नियुक्त हैं।

# मारपीट मामले में क्रास केस

**बस्ती :** हर्रैया थानाक्षेत्र के कोदई गांव निवासी प्रभावती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के हरीराम, हरीराम, अजय,गोलू सहित छह लोगों ने अरुई के खेत का मेड़ काट कर मिलाने से मना करने की बात को लेकर मारापीटा। वहीं गांव के हरीराम का आरोप है कि खेत में लहसुन बोने की बात को लेकर व भूमि विवाद में शिवलाल, श्याम सुंदर, कृष्णा समेत पांच लोगों ने मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज किया है। (जासं)

# पराली न जलाएं, देना होगा जुर्माना

**जासं, बस्ती :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने तहसील सदर के तौलतपुर गांव में धान की क्राप कटिंग (फसल कटाई प्रयोग) कराया। राजस्व बोर्ड के निर्देशानुसार इसका उद्देश्य जनपद में फसल उत्पादन का औसत ज्ञात करना है। उन्होंने बलवंत द्वारा चार बीघा क्षेत्रफल में बोए गए प्रसन्ना धान का 43 वर्गमीटर में क्राप कटिंग कराया। डीएम ने बलवंत को बताया कि धान क्रय केन्द्र पर बेचने पर 2040 प्रति क्विंटल मिलेगा। ग्रामीणों से अपील किया कि धान कटाई के बाद पराली न जलाएं। ग्राम प्रधान को सुझाव दिया कि पराली निकट के गो संरक्षण केंद्र में भिजवाएं। लेखपाल को निर्देशित किया कि गोष्ठी करके ग्रामीणों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें। सुनिश्चित करें कि कोई पराली न जलाए। पराली जलाने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

तहसीलदार राधेश्याम गुप्ता, अपर सांख्यिकी अधिकारी अजय चौधरी, ग्राम प्रधान आनंद उपाध्याय, कानूनगो विद्यासागर, लेखपाल राजेश तथा यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी के प्रतिनिधि शिवकुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



फसल कटाई कर धान की उपज देखतीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ● जागरण

# दुष्कर्म के मुकदमे की होगी पुनर्विवेचना, डीआइजी ने दिया आदेश

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती** : दुष्कर्म के एक मामले में परशुरामपुर पुलिस की ओर से फाइनल रिपोर्ट लगाने पर डीआइजी ने पीड़िता की शिकायत पर पुनर्विवेचना का आदेश दिया है। परशुरामपुर थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल व डीआइजी बस्ती परिक्षेत्र को शिकायती पत्र दिया था। पीड़िता ने बताया कि उसके द्वारा जून 2022 में थाना क्षेत्र के परशुरामपुर निवासी सुभाष गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता तथा फूलचंद के विरुद्ध दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। परशुरामपुर पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपितों से मिलकर फाइनल रिपोर्ट लगा दिया। डीआइजी ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मामले में जांच कराई और मुकदमे की पुनर्विवेचना संतकबीर नगर जिले को स्थानांतरित कर दिया। परशुरामपुर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही ने बताया कि पीड़िता द्वारा अपने 164 के बयान में घटना की पुष्टि नहीं की गई थी, जिसकी वजह से मामले में फाइनल रिपोर्ट लगी थी।

# संदेह के आधार पर पुलिस ने तीन को उठाया

- कई बिंदुओं पर जांच करने में जुटी छावनी पुलिस
- छावनी थानाक्षेत्र में युवती के साथ हैवानियत का मामला

**जासं, छावनी, बस्ती :** छावनी थाना क्षेत्र में भैंस चराने गई युवती के साथ हुई हैवानियत के मामले में आरोपित के बारे में पता लगा रही पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती पीड़िता की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

छावनी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि सोमवार की शाम करीब पांच बजे उनकी बेटी भैंस चराने गांव के बाहर गई थी। इसी बीच बाइक से एक अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगा। आरोपित ने उसके प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे वह जख्मी हो गई। उसे पहले जिला महिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है, मगर आरोपित की पहचान न होने के कारण पुलिस के समक्ष मुश्किलें आ रही हैं। पुलिस ने पीड़िता से आरोपित का हुलिया जानने के बाद संदेह के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि प्रकरण में पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। गांव में पीड़िता के परिवार से किसी की रंजिश तो नहीं है इसका भी पता लगाया जा रहा है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही आरोपित का पता चल जाएगा और वह पुलिस की गिरफ्त में होगा।



# मारपीट में सात पर मुकदमा

**पैकोलिया, बस्ती :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के लोहरौली गांव में मंगलवार की रात भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक पक्ष के गुलशन कुमार की तहरीर पर मुरली प्रसाद, संजू कुमार, पंकज कुमार, नितिन कुमार के विरुद्ध जबकि दूसरे पक्ष पक्ष के बिट्टू उर्फ संजू कुमार की तहरीर पर शिवप्रसाद, गुलशन और अनूप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**जासं, टिनिच, बस्ती :** गौर थानाक्षेत्र के साड़ीकल्प ग्राम पंचायत में सोमवार को भूमि विवाद के कारण दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव निवासी चुन्नीलाल यादव पुत्र भगवान यादव व राम सुरेश यादव पुत्र दानी यादव के बीच भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार की शाम विवादित भूमि पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया।

# बांध दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**वाल्टरगंज, बस्ती :** स्थानीय पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को महिला थाना बस्ती के समीप से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि थानाक्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच एक सूचना के आधार पर मंगलवार की शाम आरोपित सुनील निषाद निवासी तीरागांव थाना गोला जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। (जासं)

# स्कूल में मारपीट, तोड़फोड़ व लूट का आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने खजुरिया स्थित एक निजी स्कूल में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ व लूट करने के मुकदमे में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले में दो आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दो अगस्त की रात थाना क्षेत्र में स्थित एक विद्यालय में घुसकर तीन युवकों ने मारपीट की। वहां खड़ी कार और स्कूल की वैन को सरिया से क्षतिग्रस्त कर दिया।

इतना ही नहीं आरोपितों ने स्कूल के कार्यालय में घुसकर वहां रखा ड्रोन कैमरा, प्रिंटर और 12 हजार रुपये नकदी भी लूट लिया। मामले में पुलिस ने वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के सोनौरा पाठक गांव निवासी ओंकार पाठक, सुनील पाठक व रंगीलाल के अलावा एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने ओंकार व रंगीलाल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित सुनील कुमार पाठक को पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। बुधवार की सुबह 8.45 बजे आरोपित ने उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

# बालिका के यौन शोषण में एक नामजद

**सोनहा, बस्ती :** थानाक्षेत्र के एक गांव की छ्ह वर्षीय बालिका का यौन शोषण करने के मामले में सोनहा पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने गली में खेलते समय उनकी बेटी को पकड़कर घर में उठा ले गया व उसका यौन शोषण किया। बालिका ने रोते हुए यह बात परिवार के लोगों से बताई। उलाहना देने पर आरोपित मारपीट पर उतारू हो गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। (जासं)

# मंदिर में मारपीट का आरोप

**बस्ती :** हर्रैया थाना क्षेत्र के अमोढ़ा निवासी मनीराम दास हालमुकाम तपसी धाम मंदिर ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दुबौलिया थाने के उभाई गांव निवासी विजय ने तपसी धाम मंदिर में आकर उन्हें अपशब्द कहते हुए मारपीट की और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित पर केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा

**पैकोलिया।** क्षेत्र के लोहरौली गांव में मंगलवार की रात जमीन के विवाद में दो पक्षों को जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है।

लोहरौली गांव निवासी शिव प्रसाद तथा मुरली प्रसाद के बीच जमीन संबंधी विवाद है। मंगलवार रात दोनों पक्षों आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते वहां मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में एक पक्ष के शिव प्रसाद के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने शिवप्रसाद के पुत्र गुलशन कुमार की तहरीर पर मुरली प्रसाद, संजू कुमार, पंकज कुमार, नितिन कुमार पर मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के बिट्टू उर्फ संजू कुमार की तहरीर पर शिवप्रसाद, गुलशन और अनूप पर केस दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। संवाद

# दहेज उत्पीड़न का आरोप, केस दर्ज

## दो मामलों में 11 आरोपी किए गए नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

### महिला थाना और परसरामपुर थाना क्षेत्र के हैं मामले

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना और परसरामपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

महिला थाने में तहरीर देकर किरन यादव ने बताया है कि उनकी शादी गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के निबहर निवासी संदीप यादव के साथ हुई है। उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज में कार व जमीन की मांग कर अपशब्द कहते हुए पीट और प्रताड़ित किया गया।

महिला थाना पुलिस ने पीड़ित महिला के पति के अलावा ससुर विनोद यादव, सास संध्या यादव, जेठ संजय यादव, जेठानी रेनू यादव, ननद सुमन यादव और साधना पर डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, परसरामपुर थाने में तहरीर देकर रहीना ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग की गई। मां पूरी न होने पर उनके भाई सतीश को जानमाल की धमकी दी गई।

पुलिस ने दुभरा डिवई निवासी शनि, राजू, चिन्ना और रुसा के पर मुकदमा दर्ज किया है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

केस दर्ज होने के बाद से आरोपी तथा गोरखपुर जिले के थाना गोला ग्राम तीरागांव निवासी सुनील निषाद को पुलिस तलाश रही थी।

बुधवार को महिला थाने के निकट से उसको गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद पुलिस ने उसका चालान कर दिया। संवाद

## खेत के लिए मारपीट, क्रास एफआईआर

**बस्ती।** हर्रैया थाने के कोदई निवासी प्रभावती ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के हरीराम समेत छह लोगों ने अरूई के खेत का मेड़ काटकर मिलाने से मना करने की बात पर मारपीट की। वहीं, गांव के हरीराम का आरोप है कि खेत में लहसुन बोने की बात पर व जमीन के विवाद में शिवलाल समेत पांच लोगों ने पीटकर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## नल तोड़ने, पेड़ काटने पर विवाद

**बस्ती।** नगर थाने में तहरीर देकर फुलवरिया निषाद निवासी रामकली ने आरोप लगाया है कि पारिवारिक विवाद में गांव की सुमित्रा, सुबरन व अविनाश ने नल तोड़ दिया। मना करने पर ईंट चलाए और पीटा। वहीं, इसी थाने के जसईपुर निवासी सीताशरण का आरोप है कि गांव के हरिप्रकाश, भागवत, विशाल व अनिल ने गिरा हुआ पेड़ काटने व ले जाने से मना करने की बात पर अपशब्द कहते हुए धमकाया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

## मारपीट और लूट का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने बुधवार की सुबह शहर के उर्मिला एजूकेशन एकेडमी में साथियों के साथ मारपीट व लूट करने के आरोप में क्षेत्र के सोनौरा गांव निवासी सुनील को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

## मुकदमे की रंजिश में पीटा

**बस्ती।** कलवारी थाने में तहरीर देकर उमरिया निवासी रेखा पुत्री नेबूलाल ने आरोप लगाया है कि पूर्व से चल रहे मुकदमे की रंजिश में दस मई को उन्हें गांव की खुश्बू और अनुराधा ने जातिसूचक व अपशब्द कहते हुए पीटकर धमकाया। आरोप लगाया कि आरोपियों ने सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने मारपीट, लूट व अन्य आरोपों में केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# वायरलेस सेट को दुरुस्त रखने के दिए गए निर्देश

## डीआईजी ने रेडियो शाखा प्रभारियों के साथ की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** रेंज कार्यालय पर डीआईजी आरके भारद्वाज ने बुधवार को बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के रेडियो शाखा के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ देर शाम बैठक कर उनके कामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परिक्षेत्र के जनपदों के सभी थानों पर वायरलेस सेट सुचारु रूप से कार्य करें, यह सुनिश्चित किया जाए।

डीआईजी ने कहा कि चौकी व थाना प्रभारी से संपर्क करके पता करें कि शैडो एरिया कौन है। वहां सभी व्यवस्था की जाएं, जिसकी आवश्यकता है। इसके

**डीआईजी ने कहा-चौकी व थाना प्रभारी से संपर्क करके पता करें कि शैडो एरिया कौन है**

लिए पूरा प्लान बनाएं। बताया गया कि परिक्षेत्र के जनपद बस्ती में इंटरचेंज रिपीटर लगाया गया है। इसके तहत जिले के 17 थानों, 28 चौकियों के साथ में जनपद संतकबीरनगर में नौ थाने व 24 चौकी और सिद्धार्थनगर में 21 थाने आते हैं।

इनमें पांच थाने बॉर्डर, छह चौकी नेपाल सीमा पर हैं और इनमें कुल 20 कर्मचारी नियुक्त हैं।

उन्होंने परिक्षेत्र के सहायक रेडियो अधिकारी को निर्देशित किया कि हैंड हेड सेट व स्टैटिक सेट अगर मरम्मत योग्य हो तो उसे करा लें। आवश्यकता हो तो वायरलेस सेट की कमी दूर करने के लिए रेडियो मुख्यालय से मांग करें। रेंज के जिस जनपद के थानों पर कम्युनिकेशन नहीं हो पा रहा है, उनके टावर को अपग्रेड करा लिया जाए।

बैठक में परिक्षेत्र के सहायक रेडियो अधिकारी मोहन लाल व तीनों जनपद में कार्यरत रेडियो शाखा के प्रभारी, उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के रेडियो शाखा के प्रभारी आरएसआई राजेंद्र दूबे भी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में दबिश

## पुलिस की चार टीमें ढूंढ रहीं, छावनी थाना क्षेत्र में 31 अक्तूबर की शाम हुई थी घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** छावनी थाना क्षेत्र में भैंस चराने गई युवती से दुष्कर्म के आरोपी की पुलिस टीम सरगर्मी से तलाश कर रही है।

छावनी थाने की तीन टीमों के साथ ही स्वॉट टीम को भी आरोपी की तलाश में लगा दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों से पूछताछ भी की।

थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी व थाने की तीन टीमें घटना के पर्दाफाश के लिए लगी हैं। सीसीटीवी फुटेज के अलावा अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती पीड़िता अब पूरी तरह से खतरे से बाहर है। छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी गांव में स्थित एक इंटर कॉलेज के पीछे सोमवार की शाम भैंस चराने गई थी।

उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बाइक से आया और भैंस के बारे में उनकी बेटी से पूछने लगा। फिर थोड़ा आगे गया। कुछ देर में दोबारा लौटा और उनकी बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया।

युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने उसने उसके चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट पहुंचाई। युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। स्थानीय मेडिकल कॉलेज से उसे मंगलवार की सुबह बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया था। थाने में अज्ञात युवक पर दुष्कर्म के प्रयास सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जेठ पर नशा कर छेड़खानी करने का आरोप

*बस्ती। मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि उनके पति के बड़े भाई नशे में आए दिन अपशब्द कहते हैं। महिला का आरोप है कि 31 अक्तूबर की देर शाम आरोपी ने छेड़खानी की। विरोध करने पर पीटा। पुलिस ने आरोपी अमित पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद*

संव
बस
को
महि
ने
या
गोर
निव
हुई
में
अप

# दो सहायक अध्यापक बर्खास्त, दर्ज होगा केस

## कूटरचना कर नौकरी हासिल करने के आरोप में की गई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अभिलेखों में कूट रचना कर परिषदीय स्कूलों में नौकरी हासिल करने के दो आरोपी सहायक अध्यापकों को बर्खास्त कर दिया गया है।

बीएसए डॉ. इंद्रजीत प्रजापति ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच में अभिलेखों में हेराफेरी से नौकरी हासिल करने की पुष्टि हुई। इस आधार पर दोनों आरोपियों की सेवा समाप्त कर मुकदमा दर्ज कराने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही वेतन रिकवरी के लिए कार्रवाई करने के लिए कहा है। बीएसए के अनुसार, कुदरहा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय टेंगरिया राजा में प्रधानाध्यापक पद पर हरीश चौधरी की नियुक्ति वर्ष 1999 में सहायक अध्यापक के तौर पर हुई थी। अंतरजनपदीय स्थानांतरण में वह जिले में आए थे।

### बीएसए ने अब तक दिए गए वेतन की वसूली के लिए जारी किया आदेश

उनके अभिलेखों की शिकायत हुई थी। जांच में पता चला कि हरीश चौधरी ने इंटरमीडिएट और बीटीसी के फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी हासिल कर ली थी।

अभिलेख में संतकबीरनगर जिले के सिंहापार का पता दर्ज है। वहीं, दूसरे मामले में सल्टौआ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय तुरकौलिया में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत अवधेश कुमार की शिकायत हुई थी।

जांच में सामने आया कि उसने एक ही सत्र में यूपी बोर्ड और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय बोर्ड से हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा संस्थागत तौर पर पास की है। दोनों प्रमाणपत्रों में जन्मतिथि अलग-अलग है। अभिलेख में बहादुरपुर बस्ती का पता दर्ज है।

### कूट रचना कर संपत्ति अपने नाम कराई, केस

**बस्ती।** हर्रैया थाने में तहरीर देकर परसरामपुर के मुनियांवपुर निवासी घनश्याम तिवारी ने आरोप लगाया है कि धोखे से उनकी, मां व भाई की संपत्ति को कूटरचना और साजिश करके आरोपी ने अपने नाम करा लिया। आरोप है कि उनकी मां करूणा देवी से आरोपी ने संपत्ति को अपने नाम व अन्य के नाम बैनामा व वसीयत करा लिया। पुलिस ने मुनियांव खुर्द निवासी कार्तिकमणि त्रिपाठी समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी, गबन व अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

# डकैती के मामले में 7 साल की सजा

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)** ।अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश ने शकीलुरहमान ने डकैती के एक मामले में अब्दुल गनी पुत्र कतिबन बंजारा निवासी गोपीजोत थाना मोहाना को दोषी पाते हुए सात वर्ष का कारावास व 6 हजार अर्थदंड की सजा सुनाया है।

# खेल के मैदान पर अतिक्रमण करने वालों पर हो कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)**। बीआरसी बर्डपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर के सामने स्थित खेल के मैदान में अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस चौकी प्रभारी शुद्धोधन सहित पुलिस अधिक्षक, उप जिला अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। खण्ड शिक्षा अधिकारी बर्डपुर महेन्द्र प्रसाद ने दिए गए पत्र में ब्लक एवं तहसील स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समरोह के आयोजन का हवाला देते हुए बताया कि कई व्यक्तियों के मकान का सारा पानी बीआरसी के सामने स्थित खेल के मैदान में गिर रहा है, जिससे खेल के मैदान पर 04 नवंबर से होने वाले ब्लक एवं तहसील स्तरीय रैली हेतु दौड़ के लिए ट्रैक, कबड्डी वालीबाल, टेनिस, खोखो, कुश्ती, आदि का मैदान नही बन पा रहा है। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों तथा घर का सार पानी खेल के मैदान में गिराने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# युवती भगाने व धमकाने पर केस

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपितों से पीड़ित पक्ष जब पूंछने पहुंचा, तो उन्हें वे गालियां व जान से मारने की धमकी देकर भगा दिए। युवती की मां ने थाने पर पुलिस को तहरीर दिया, जिस पर पुलिस केस दर्जकर छानबीन में जुट गई है।

गोल्हौरा थाने की पुलिस से थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी मां ने बुधवार को गुहार लगाया कि उसकी 19 वर्षीया पुत्री को मंगलवार की सायं संजय पुत्र नारायन कहीं भगा ले गया है। जिसमें संजय के भाइयों भरत, सुहाल, विजय कुमार व उसके जीजा का हाथ है। पुत्री को ढूंढते जब वह उसके घर पहुंची तो सभी ने गालियां व जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया है। जिस पर पुलिस ने मुअसं139/22 धारा 366, 504, 506 आईपीसी दर्जकर युवती व आरोपितों की तलाश में जुट गई है। उक्त बावत थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# फ्लैग मार्च निकालकर दिया सुरक्षा का एहसास

**बिस्कोहर (एसएनबी)।** कार्तिक पूर्णिमा को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पंचायत बिस्कोहर में थाना त्रिलोकपुर की पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि सभी लोग त्योहार को भयमुक्त वातावरण में मनायें। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगी। इस मौके पर निरीक्षक शशि प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक प्रमोद पांडेय, ब्रज राज पांडेय, शिव दास गौतम चौकी प्रभारी बिस्कोहर सर्वेश कुमार यादव, मुख्य आरक्षी रवि प्रताप उपाध्याय, आरक्षी जय हिंद राजभर, विंद्रेश कुमार, अजय कुमार, आशीष मौर्य, अर्जुन यादव, पंकज सिंह आदि पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# नकली मोबिल आयल बेच रहे पांच दुकानों पर छापेमारी

**जासं, बांसी** : नामी मोबिल आयल कंपनी कस्ट्रायल के नाम पर नकली मोबिल बेच रहे पांच दुकानों पर पुलिस ने मंगलवार देर शाम छापेमारी की। 218 लीटर नकली मोबिल पकड़ा गया, जिसमें कापी राइट एक्ट का मुकदमा पंजीकृत करते हुए सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

नकली मोबिल बेचे जाने की सूचना कंपनी को मिल रही थी। मंगलवार को दिल्ली से आए कंपनी के सिनियर इन्वेस्टिगेशन अधिकारी दिलीप कुमार कोतवाली पुलिस के साथ नगर के प्रतापनगर वार्ड स्थित सांई आटो पार्ट्स की दुकान पर पहुंचे जहां एक-एक लीटर के डिब्बों में भरा 22 डिब्बा हाथ लग गया। दुकान मालिक पिंकू अग्रहरि के राजेंद्र नगर स्थित गोदाम से भी सात पेटी रखा 140 लीटर मोबिल बरामद हुआ। तेलौरा चौराहे पर भी चार दुकानों पर छापेमारी की। खान आटो पार्ट्स से 12 पीस, एसआटो पार्ट्स के यहां से 10 पीस, आर्यन आटो पार्ट्स के यहां से 14 पीस तथा मिश्रा आटो पार्ट्स की दुकान से नकली मोबिल भरा डिब्बा बरामद हुआ।

# फ्लैट बेचने के नाम पर ठगी साइबर सेल ने कराया वापस

## इंटरनेट मीडिया पर विज्ञापन देख झांसे में आए, लोटन कस्बा निवासी व्यक्ति ने की थी शिकायत

**जासं, सिद्धार्थनगर:** साइबर सेल ने फ्लैट खरीदने के इच्छुक एक व्यक्ति से साइबर जालसाजों ने एक लाख रुपये की ठगी कर लिया। पीड़ित ने ठगी होने का अहसास होते ही इसकी शिकायत साइबर सेल में की। टीम ने प्रयास कर ठगे गए एक लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराने में सफलता पायी है।

लोटन कस्बा निवासी आशीष कुमार जायसवाल ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी कि इंटरनेट मीडिया पर पेज पर शाहू सिटी डाट काम फ्लैट बेचने का एक विज्ञापन प्रसारित हो रहा था। पेज पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक किया तो कुछ देर में एक अज्ञात नंबर से फोन आया और फ्लैट बेचने की बात करने लगा। उसकी बातों पर विश्वास करके पीड़ित ने उसके बैंक खाते में एक लाख रुपये स्थानांतरित कर दिया। ठगी का आभास होते ही उन्होंने इसकी शिकायत सेल में दी। साइबर सेल की टीम ने प्रयास कर उक्त रकम वापस कराया। निरीक्षक सुभाष यादव प्रभारी साइबर,उप निरीक्षक हरिचरन यादव,अतुल चौबे, दिलीप कुमार द्विवेदी,अजय यादव आशुतोष जायसवाल, राहुल कुमार मौर्या, शिवम मौर्या ने अहम भूमिका निभाई।

**अस्पताल में ताला तोड़ कर चोरी** : शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनकोला में 31 अक्टूबर को ताला तोड़ कर चोरों ने कुछ पुराने उपकरण पर हाथ साफ किया। मंगलवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डा एनपी सिंह ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# विद्यालय में हुई चोरी का पर्दाफाश

**जासं, शोहरतगढ़ :** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर में हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। चोरी के समान के साथ चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपित का नाम नारायनपुर निवासी अशोक है।

क्षेत्राधिकारी जयराम ने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रधानाध्यापक प्राची त्रिपाठी ने विद्यालय में चोरी की तहरीर दी थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम चोर की तलाश कर रही थी। बुधवार कुछ संदिग्ध सामान के साथ एक युवक को मड़वा चौराहे पर देखा गया। वह कहीं भागने का फिराक में था। पुलिस टीम पकड़ कर जब तलाशी ली नहीं बदलतीतो उसके पास से चोरी की गई दो गैस सिलेंडर, दो लोटा, दो गिलास, सात थाली व एक हजार चार सौ रुपये नकद बरामद हुआ है। एसओ पंकज पांडेय भी मौजूद रहे।

**हार्डवेयर दुकान से नकदी व घरेलू सामान चोरी:** सकारपार,खेसरहा थाना क्षेत्र के सकारपार चौराहा स्थित एक हार्डवेयर की दुकान पर मंगलवार की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों के हाथ नकदी व अन्य घरेलु सान लगे हैं। दुकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। दुकान स्वामी राधेश्याम पाण्डेय ने तहरीर में 16 हजार नकदी सहित अन्य घरेलू सामान ले जाने की बात कही है। सकारपार चौकी इंचार्ज रामकुमार यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

# एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के 10 लोगों पर केस

- 30 अक्तूबर की सुबह कार की टक्कर से हुई मौत का मामला
- एंबुलेंस सेवा के नोडल अफसर की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में 30 अक्टूबर को एंबुलेंस न मिलने के कारण हादसे में घायल वृद्ध की मौत के मामले में जोगिया पुलिस ने एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के 10 अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई एंबुलेंस सेवा के नोडल अफसर डॉ. शेषभान गौतम की तहरीर पर की है।

डॉ.गौतम ने प्रबंधन के अधिकारियों, तीन एंबुलेंस वाहनों के चालक व गाइड खिलाफ जोगिया थाने में बुधवार को तहरीर दी। पुलिस ने सड़क हादसे के मामले में हुए मुकदमा में इन आरोपियों का नाम जोड़ लिया है। इनके खिलाफ लापरवाही के मामले में केस दर्ज हुआ है। दरअसल जोगिया थाना क्षेत्र के करौदा मसीना में 30 अक्तूबर की सुबह कार की टक्कर से साइकिल सवार मंगल प्रसाद(58) घायल हो गए थे। परिवारीजन उन्हें जिला अस्पताल में लाए। अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। परिवारीजनों ने एंबुलेंस के लिए फोन किया तो एक घंटे बाद ड्राइवर आया और तेल न होने की बात कह कर गोरखपुर जाने से मना कर दिया। इस दौरान घायल मंगल प्रसाद की मौत हो गई।

इस मामले में मृतक के पुत्र संतराम ने जोगिया थाने में तहरीर दी थी, जिसके आधार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। अब बुधवार को नोडल अधिकारी एंबुलेंस डॉ.शेषभान गौतम ने जोगिया पुलिस को सेवा प्रदाता कंपनी के प्रबंधन से जुड़े लोगों व तीन एंबुलेंस के चालकों व कर्मचारियों को दोषी मानते हुए तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रबंधन से जुड़े चार व तीन एंबुलेंस वाहनों के छह कर्मियों पर केस दर्ज कर लिया है। इसमें सेवा प्रदाता कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सौरव पांडेय, ईएमई राहिल सिद्दीकी, अरविंद गौतम, रीजनल मैनेजर अनुराग पांडेय व तीनों एंबुलेंस वाहन के रूपेंद्र यादव, राजेश कुमार, राम विनेश चौधरी, दीपचंद, कमलेश कुमार व गोपाल रस्तोगी के खिलाफ केस दर्ज किया है। जोगिया कोतवाली प्रभारी दिनेश सरोज ने बताया कि एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चोरी के गैस सिलेंडर सहित आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने सोमवार रात हुई चोरी की एक घटना का पर्दाफाश बुधवार को कर दिया है। आरोपित को चोरी के रसोई गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि सोमवार रात में एक घर में चोरी हुई थी। बुधवार को मड़वा चौराहा से आरोपित क्षेत्र के नारायनपुर निवासी अशोक पुत्र दुखहरन को चोरी के रसोई गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

# कार्य में बाधा डालने वाले तीन पर केस

बांसी। बांसी क्षेत्र के नरही बुजुर्ग गांव निवासी तीन लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

रमाकांत दुबे पुत्र राधेश्याम निवासी नरही बुजुर्ग ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि डीएम के आदेश पर 21 अगस्त को गाटा संख्या 373 से अतिक्रमण हटाया गया था। अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासन ने पत्थर लगवा दिया था। विपक्षी कृपाशंकर पुत्र दशरथ, सरवेश, दिलीप पुत्र सेवानाथ ने दोबारा चार से पांच फीट कब्जा कर लिया है। एसडीएम बांसी ने विधिक कार्रवाई का निर्देश दे दिया था।

# बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज

बांसी। बांसी-इटवा मार्ग पर हुई एक सड़क दुर्घटना के मामले में पांच दिन बाद पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है।

विमल कुमार साकिन सेखुईया थाना गोल्हौरा ने बांसी कोतवाली पर दी तहरीर में कहा है कि उसके चाचा भगतचन्द 28 अक्टूबर शाम पांच बजे साइकिल से घर की तरफ जा रहे थे। बांसी कोतवाली क्षेत्र के महरवाजोत के पास पहुंचे कि पीछे से बाइक चालक ने ठोकर मार दी इससे सिर व अन्य कई जगह चोट लगी। जिला अस्पताल से गोरखपुर रेफर होने के बाद चाचा की स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया है कि वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# वायरलेस सेट को दुरुस्त रखने के निर्देश

## डीआईजी ने रेडियो शाखा प्रभारियों के साथ की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** रेंज कार्यालय पर डीआईजी आरके भारद्वाज ने बुधवार को बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के रेडियो शाखा के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ देर शाम बैठक कर उनके कामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परिक्षेत्र के जनपदों के सभी थानों पर वायरलेस सेट सुचारु रूप से कार्य करें, यह सुनिश्चित किया जाए।

डीआईजी ने कहा कि चौकी व थाना प्रभारी से संपर्क करके पता करें कि शैडो एरिया कौन है। वहां सभी व्यवस्था की जाएं, जिसकी आवश्यकता है। इसके लिए पूरा प्लान बनाएं। बताया गया कि परिक्षेत्र के जनपद बस्ती में इंटरचेंज रिपीटर लगाया गया है।

इसके तहत जिले के 17 थानों, 28 चौकियों के साथ में जनपद संतकबीरनगर में नौ थाने व 24 चौकी और सिद्धार्थनगर में 21 थाने आते हैं। इनमें पांच थाने बॉर्डर, छह चौकी नेपाल सीमा पर हैं और इनमें कुल 20 कर्मचारी नियुक्त हैं।

उन्होंने परिक्षेत्र के सहायक रेडियो अधिकारी को निर्देशित किया कि हैंड हेड सेट व स्टैटिक सेट अगर मरम्मत योग्य हो तो उसे करा लें। आवश्यकता हो तो वायरलेस सेट की कमी दूर करने के लिए रेडियो मुख्यालय से मांग करें। रेंज के जिस जनपद के थानों पर कम्युनिकेशन नहीं हो पा रहा है, उनके टावर को अपग्रेड करा लिया जाए।

बैठक में परिक्षेत्र के सहायक रेडियो अधिकारी मोहन लाल व तीनों जनपद में कार्यरत रेडियो शाखा के प्रभारी, उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के रेडियो शाखा के प्रभारी आरएसआई राजेंद्र दूबे भी उपस्थित रहे।

# एंबुलेंस सेवा के 10 कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, आठ की सेवा समाप्त

## एंबुलेंस नहीं मिलने से घायल की मौत का मामला, नोडल अफसर की तहरीर पर हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध संयुक्त जिला अस्पताल में 30 अक्तूबर को एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण हादसे में घायल व्यक्ति की मौत के मामले में एंबुलेंस सेवा के 10 अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस मामले में पहले से दर्ज मुकदमे में इन आरोपियों के नाम जोड़ दिए गए हैं। सेवा प्रदाता कंपनी ने आठ कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी है।

एंबुलेंस सेवा के नोडल अफसर डॉ. शेषभान गौतम ने बुधवार को प्रबंधन के अधिकारियों, तीन एंबुलेंस चालकों व गाइड के खिलाफ जोगिया थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पहले से दर्ज केस में इन लोगों का नाम बढ़ा दिया।

जोगिया थाना क्षेत्र के करौदा मसीना में 30 अक्तूबर सुबह कार की चपेट में आने से मंगल प्रसाद (58) की मौत हो गई थी। घटनास्थल पर परिजन ने 108 नंबर डायल कर एंबुलेंस की प्रतीक्षा की,


एंबुलेंस चालक बोला, नहीं है डीजल घायल ने तड़प-तड़प कर तोड़ दिया दम

31 अक्तूबर के अंक में प्रकाशित खबर

**30 अक्तूबर को हादसे में घायल वृद्ध को इलाज मिलने में देर के कारण हो गई थी मौत**

लेकिन आधे घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची तो वे टेंपो से घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। पहले एंबुलेंस के चालक ने बताया कि डीजल नहीं है, जबकि दूसरी एंबुलेंस स्टार्ट ही नहीं हुई।

इंतजार के दौरान ही मरीज ने दम तोड़ दिया। इस कारण मैनेजर सहित तीनों एंबुलेंस वाहनों के कर्मचारियों को दोषी माना गया। इस मामले में मृतक मंगल प्रसाद के पुत्र संतराम ने थाने में तहरीर दी थी, जिसके आधार पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जोगिया कोतवाल दिनेश सरोज ने बताया कि एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### इनके खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी जीवीके एवं ईएमआरआई का प्रबंधन करने वाले जनपद स्तर के तीन अधिकारियों सहित 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर सौरव पांडेय, ईएमई राहिल सिद्दीकी एवं अरविंद गौतम, रीजनल मैनेजर अनुराग पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन एंबुलेंस वाहन के चालक रूपेंद्र यादव, ईएमटी राजेश कुमार, चालक राम विनेश चौधरी व ईएमटी दीपचंद, चालक कमलेश कुमार व ईएमटी गोपाल रस्तोगी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

### इनको नौकरी से निकाला

एंबुलेंस सेवा के नोडल अफसर डॉ. शेषभान गौतम ने बताया कि एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी ने लापरवाही के मामले में ईएमटी संजय कुमार व राजेश कुमार, चालक रूपेंद्र यादव व उमेश चंद्र यादव, ईएमटी दीपचंद, चालक रामविनेश चौधरी, ईएमटी गोपाल रस्तोगी व चालक कमलेश कुमार को नौकरी से निकाल दिया है।

### स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई

अमर उजाला में प्रकाशित खबर- चालक बोला नहीं है डीजल, घायल ने तड़प तड़प कर तोड़ दिया दम... का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सीएमओ को जांच के निर्देश दिए थे। सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल ने बताया कि सेवा प्रदाता कंपनी के 10 अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले में शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। सेवा प्रदाता कंपनी ने इस मामले आठ कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी है।

# नकली मोबिल बेचने वाले दो पर मुकदमा

बांसी। बांसी क्षेत्र में असली के नाम पर नकली मोबिल बेचने वाले दो दुकानों को सील कर दिया गया है। कंपनी की ओर से कॉपी राइट एक्ट के तहत केस भी दर्ज कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया है कि ब्राड एडी एंड रिस्क मैनेजमेंट प्रालि के सीनियर इंवेस्टिगेटर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि बांसी में सर्वे के दौरान पाया कि उनकी कंपनी के नाम से नकली मोबिल बनाकर बेचा जा रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम ने छापेमारी की। इसमें सांई आटो पार्टस के दुकानदार पिंकू अग्रहरि पुत्र कृष्ण देव अग्रहरि निवासी टेकधरनगर बांसी के पास से 75 पीस व तेलौरा बाजार में खान आटो गैरेज पर अनस गोरी पुत्र अब्दुल समद निवासी मिश्रौलिया की दुकान से आठ पीस नकली आयल बरामद हुआ। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि बरामद मोबिल को सीज कर दिया गया है। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# फ्लैट के लिए गंवाए एक लाख हुए वापस

सिद्धार्थनगर। साइबर सेल की मदद से भूमि खरीद के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी का शिकार हुए व्यक्ति की रकम वापस हो गई। शिकायतकर्ता आशीष कुमार जायसवाल ने फेसबुक पर पेज देखा, जिसमें फ्लैट बेचने का विज्ञापन था।

लिंक पर क्लिक किया, जिसके पश्चात एक अज्ञात नंबर से फोन आया और फ्लैट बेचने की बात की। उसकी बातों पर विश्वास करके एक अज्ञात व्यक्ति के खाते में उसने एक लाख रुपये भेज दिया।

जैसे ही पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, उसने सूचना साइबर सेल को दी। साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 30 अक्तूबर को आशीष कुमार जायसवाल के खाते में संपूर्ण एक लाख रुपये वापस करा दिए। संवाद

# चोरी के सामान साथ एक गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर में हुई चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो गैस सिलिंडर, दो लोटा, दो गिलास, सात थाली और 1400 रुपये बरामद हुए। आरोपित को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर की प्रधानाध्यापक प्राची त्रिपाठी ने तहरीर दी थी कि विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर चोर गैस चूल्हा, बर्तन आदि उठा ले गए हैं। आरोपी ने अपना नाम अशोक निवासी ग्राम नारायणपुर थाना शोहरतगढ़ बताया है। संवाद

# कार्तिक पूर्णिमा के मद्देनजर पुलिस सतर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिस्कोहर।** कार्तिक पूर्णिमा के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार शाम को नगर पंचायत बिस्कोहर में त्रिलोकपुर व चौकी बिस्कोहर के पुलिस कर्मियों ने मार्च किया और चेकिंग की।

थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने त्योहार को भयमुक्त वातावरण में मनाने का संदेश दिया। कहा कि किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लोगों से निडर रहने का आह्वान किया। पैदल गश्त के बाद थानाध्यक्ष ने बूढ़ी राप्ती नदी के परसोहन व भियुरा घाट पर मेले के आयोजकों से जानकारी ली और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कहा कि अगर कोई संदिग्ध दिखे, तो पुलिस को जानकारी दें।

इंस्पेक्टर शशि प्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी बिस्कोहर सर्वेश कुमार यादव, मुख्य आरक्षी रवि प्रताप उपाध्याय, आरक्षी जय हिंद राजभर, विंद्रेश कुमार, अजय कुमार, आशीष मौर्य, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मियों ने मार्च किया और चेकिंग की

## गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

**यातायात माह** एक माह पुलिस चलाती है जागरुकता अभियान, 11 महीने केवल चालान, 10 माह में सड़क हादसों में 97 लोगों ने गंवाई जान

# जागरुकता अभियान बेअसर, सड़क हादसों पर नहीं लग पा रहा ब्रेक

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** जिले में बढ़ रहे सड़क हादसे पुलिस के जागरुकता अभियान को आईना दिखा रहे हैं। पुलिस हर साल एक महीने लोगों को जागरूक करती है, फिर भी हादसे बढ़ते जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सिर्फ जागरुकता की बदौलत हादसे रोकना पुलिस के लिए चुनौती है।

आए दिन लोग सड़क हादसे में जान गंवा रहे हैं। बढ़ते सड़क हादसे तस्दीक कर रहे हैं कि पुलिस का जागरुकता अभियान कारगर नहीं हो पा रहा है।

इस साल के 10 महीनों में ही जनपद में 178 सड़क हादसे हो चुके हैं और 97 लोगों की जान गई है। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए आरटीओ के साथ ही पुलिस विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया जाता है।

नवंबर में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग के साथ ही चालकों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट प्रयोग करने जैसे कई नियम बताए जाते हैं। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज में जाकर बच्चों को जागरूक करना होता है।

लेकिन, पुलिस का जागरुकता अभियान केवल कागजों तक सिमट कर रह जाता है। जानकारों को कहना है कि पुलिस का जोर अधिक से अधिक चालान काटने पर होता है।

हर थाना नंबर वन आने के चक्कर में चालान काटने में पूरा ताकत झोंक देता है। ऐसे में सड़क हादसों में कैसे कमी आएगी। यह आसानी से समझ सकते हैं। क्योंकि शासन के लाखों कोशिशों के बाद भी सड़क हादसे कम होने के बजाए बढ़ रहे हैं।

असमय सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है। लोगों का कहना है कि अगर जिम्मेदार सही से अपनी जिम्मेदारी की निर्वहन करें तो हादसों में काफी कमी आएगी। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। जिसका नतीजा हादसे पर हादसा।

हालांकि शसन के साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात माह से जुड़े जिम्मेदार सड़क हादसों को कम करने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं। नवंबर में चलाए जाने वाले यातायात माह के इतर भी समय-समय पर लोगों को सुरक्षित सफर के लिए आगाह किया जाता है। फिर भी हादसे बढ़ रहे हैं। कुछ लोग हादसों की वजह खराब सड़कों का भी हवाला दे रहे हैं।

## सड़क हादसों पर एक नजर

| वर्ष | हादसे | घायल | मौत |
|---|---|---|---|
| 2020 | 148 | 128 | 100 |
| 2021 | 220 | 127 | 148 |
| 2022 | 178 | 88 | 97 |

### जिले में 10 माह में 178 सड़क हादसे

पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2022 से अक्तूबर तक 178 सड़क हादसों में 97 लोगों की मौत हुई। वहीं, सड़क हादसों में 88 लोग घायल हुए हैं।

सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात नियत का पालन कराया जा रहा है। यातायात पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। विद्यालयों में जाकर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। नियम तोड़ने वालों का चालान करने के साथ ही वाहन को सीज किया जा रहा है।

**-अमित कुमार आनंद,** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

## विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने खारिज की याचिका

सिद्धार्थनगर। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट बृजेश कुमार द्वितीय ने बुधवार को किशोरी को अगवा करके सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी की ओर से जमानत के लिए दी गई याचिका को खारिज कर दिया। विशेष अभियोजक पवन कुमार पाठक ने अभियुक्त के जमानत प्रार्थना का विरोध किया।

पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार, 10 अगस्त 2022 सुबह करीब 10 बजे उसकी नाबालिग बेटी अपने घर से सिद्धार्थनगर पढ़ने गई थी। रास्ते में रवि गुप्ता, अभिषेक गुप्ता एवं दो अज्ञात व्यक्तियों ने बेटी को बहला-फुसलाकर एक वाहन में जबरदस्ती बैठा लिया और सिद्धार्थनगर से नेपाल घुमाने के प्रयोजन से ले गए। उन्होंने उसे नेपाल के बजाय जेल के समीप वाले पार्क में ले गए। रवि एवं अभिषेक ने उससे दुष्कर्म किया।

दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने सहयोग किया। इस वारदात को अंजाम देने के बाद लड़की को मोहाना चौराहे पर ले जाकर छोड़ दिया एवं उसको जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। न्यायालय ने संज्ञान लेकर अभियुक्तों को तलब किया।

अभियुक्त रवि कुमार गुप्ता की तरफ से प्रस्तुत जमानत याचिका को आधारहीन पाकर न्यायालय ने खारिज कर दिया। अभियुक्त जेल में है।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

# प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करते तीन गिरफ्तार

संतकबीरनगर/दुधारा (एसएनबी)। सरकारी योजनाओं का प्रलोभन देकर एवं पत्रकारिता का धौंस जमाकर कूट रचित व धोखाधड़ी कर लोगों से फ्राड कर ठगने वाले 3 अंतर्जनपदीय शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त आरोपितों के पास से पुलिस ने नगदी सहित अन्य सामान भारी मात्रा में बरामद किया है। इस संबंध में सीओ अंशुमान मिश्र ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे अपने हमराहियों के साथ थाना क्षेत्र शांति व्यवस्था हेतु मामूर थे कि जरिए आरटी सेट कन्ट्रोल रुम से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम देवापार गांव में अल्टो कार सवार 03 व्यक्ति अपने को बैंक कर्मी बता कर महिलाओं से अंगूठा निशानी लगवाकर उनके बैंक खातों से पैसा निकाल लिये है। उक्त लोग बाघनगर की तरफ जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक दुधारा मय टीम द्वारा तीनों अभियुक्तों कुलदीप कुमार पुत्र श्रीपाल और अंकित पुत्र मुशीलाल निवासीगण बारादौलतपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर तथा राघवेन्द्र सोनकर पुत्र झुग्गीलाल निवासी गजनेर थाना गजनेर जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया। उक्त लोगों के पास से पुलिस ने 1 अदद वीडियो कैमरा, 2 अदद तापमान मापक, 3 अदद ओटीजी कनेक्टर, 1 अदद प्लस रीडिंग मीटर, 1 अदद एयरटेल सिम, 1 अदद ब्लूटूथ सैमसंग, 4 अदद मोबाइल फोन, 1 ब्लड ग्लूकोमीटर, 1 अदद बायोमैट्रिक डिवाइस मय कनेक्टर, 3 अदद माइक, 4 अदद डिवाइस चार्जर, 2 अदद चार्जिंग डाटा केवल, 1 अदद डायरी, 4 प्रेस आईडी कार्ड, 1 अदद निर्वाचन कार्ड, 1 अजज ड्राइविंग लाइसेंस, 1 अदद आयुष्मान भारत कार्ड, 1 अदद कलेज आईडी कार्ड, 2 अदद एटीएम कार्ड, 4 अदद हेल्थ कार्ड, 1 अदद रजिस्ट्रेशन पेपर, 1 अदद इंक पैड, 6 अदद पर सादे पेपर पर निशानी बना अंगूठा, 1790 ₹ नकद, 1 अदद अल्टो कार (यूपी 77 डी 7770) को बरामद किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है जिसका सरगना राघवेन्द्र उपरोक्त है। पत्रिकारिता के आड़ में हमलोग अपने तथा अपने परिवार के भरण पोषण हेतु भोले भाले ग्रामीणों को विश्वास में लेकर सरकारी योजनाओं का प्रलोभन देकर लाभ दिलाने के लिए ग्रामीणों से धाखे से अंगूठी निशानी व आधार कार्ड लेकर पैसा मोबाइल बैंकिग में ट्रांसफर करा लेते हैं तथा कुछ सादे पन्नों पर हस्ताक्षर, अंगूठा बनवाकर रख लेते हैं। ताकि बाद में उसका दुरुउपयोग कर अनुचित लाभ उठा सकें। हम लोगों के द्वारा इस प्रकार के अनेकों लोगों के साथ जनपद महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया आदि जनपदों में पैसा हड़पने का कार्य किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दुबे, प्रभारी चौकी बाघनगर उ.नि. रजनीश कुमार राय, उ.नि. अमरनाथ यादव, हे.कां. रमेश यादव, मोतीलाल यादव, कां. विशाल सिंह, हे.कां. चालक प्रमोद सिंह आदि शामिल रहे।

> महिलाओं से ठगी करने के बाद भाग रहे तीनों लोगों को दौड़ाकर पुलिस ने पकड़ा था



पुलिस हिरासत में लिए पर तीनों आरोपी।

# विवाहिता को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से खदेड़ा

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से हैवानियत

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के धवरेपार गांव में व्याही एक नवविवाहिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर अपने पति के उपर हैवानियत करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं गले पर ब्लेड से वार कर लहुलूहान तक करने का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने पति पर मारपीट कर तरह तरह से प्रताड़ित करने के बाद घर से खदेड़ देने का आरोप भी पति के उपर मढ़ा है। घटना के बाद अपने मायके धनघटा थाना क्षेत्र के कनैला गांव पहुंची विवाहिता ने घटनाक्रम की पूरी जानकारी मायके वालों को दी तो विवाहिता के पिता ने धनघटा पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। धनघटा थाना क्षेत्र के कनैला गांव निवासी रामकेश पुत्र कवि ने बताया कि उसकी बेटी अन्जनी की शादी अभी हाल में ही महुली थाना क्षेत्र के धवरेपार गांव निवासी दीपक पुत्र मुन्ना के साथ हुई है। शादी के बाद जब से बेटी अपने ससुराल धवरेपार गांव पहुंची तभी से उसके पति द्वारा बेटी को तरह तरह से दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। बीते सोमवार की सुबह बेटी अन्जनी को उसके पति द्वारा दहेज की मांग को लेकर भद्दी भद्दी गालिया और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। बेटी द्वारा जब विरोध किया गया तो उसके पति ने बेटी को मारपीट कर घायल करने के बाद उसकी हत्या करने की नियति से उसके गले पर ब्लेड से वार कर दिया गया जिससे बेटी लहूलुहान हो गयी। रामकेश की तहरीर पर उसके दामाद महुली थानान्तर्गत धवरेपार गांव निवासी दीपक पुत्र मुन्ना के विरूद्ध आईपीसी की धारा 498ए, 323, 504, 506 तथा डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर घटना की छनबीन शुरू कर दी है।

## पति, सास, ससुर और जेठानी नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के तेजपुर गांव निवासी एक विवाहिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पति समेत अन्य ससुरालियों के उपर मारपीट कर घायल करने के बाद घर से खदेड़ देने का आरोप लगाया है। इस सम्बन्ध में विवाहिता द्वारा धनघटा थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया है जिसके आधार पर पुलिस ने विवाहिता के पति, सास, ससुर और जेठानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, मारने पीटने, गाली और जानमाल की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के तेजपुर गांव निवासी विवाहिता सुभावती पत्नी नागेन्द्र से बताया कि शादी के बाद जब से वह ससुराल पहुंची तभी से उसके पति नागेन्द्र पुत्र कन्हई, सास उपा पत्नी कन्हई, ससुर कन्हई पुत्र अज्ञात तथा जेठानी कर्मा पत्नी चन्दू उसे कम दहेज लाने को लेकर लगातार ताना मारते रहते है। इतना ही नहीं हमेशा उसके उपर उक्त ससुरालियों द्वारा मायके से दहेज के तौर पर एक लाख नकदी मांगने के लिए दबाव बनाया जाता है। वह जब मायके वालों की गरीबी का वास्ता देकर दहेज में नकदी मांगने से इनकार करती है तो पति समेत उक्त सभी ससुराली उसे मारते पीटते रहते है। दहेज की मांग को लेकर ही बीते 25 अक्टूबर को पति समेत सास, ससुर और जेठानी ने मिलकर उसे कमरे में बन्द करके बुरी तरह से मारा पीटा और दुबारा घर आने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए घर से भी खदेड़ दिया। पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति नागेन्द्र, ससुर कन्हई, सास उपा देवी और जेठानी कर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए, 342, 323, 504, 506 तथा डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफत में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# यातायात पुलिस ने स्कूली छात्रों को किया जागरूक




**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में बुधवार को यातायात पुलिस कार्यालय मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पर स्टूडेंस पुलिस कैडेंस (एसपीसी) कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमिला के छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। स्कूली छात्रों की जागरूकता के क्रम में यातायात के नियमों के पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील की गई। साथ ही वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रभारी यातायात बृजेश यादव व उ.नि. नंदलाल, हे.कां. रामप्रकाश, कां. रामकरन गुप्ता सहित यातायात के समस्त के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर चोरी का प्रयास

# एक संदिग्ध को पुलिस को सौंपा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के हरेवा गांव में मंगलवार की आधी रात में दो अज्ञात युवक चोरी करने की नियति से एक मकान की छत पर पहुंच गए। इसी बीच परिवार का एक युवक नीद से जाग गया और चोरों से टोकाटोकी करने लगा तो चोर उस युवक के उपर मोटे डण्डे से वार करने का भी प्रयास किए लेकिन युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल हो गया। इस बीच परिवार के अन्य सदस्य भी नीद से जाग गए और खुद को चोरी करने में असफल होता देख चोर बगैर चोरी की घटना को अंजाम दिए ही भागने को मजबूर हो गए। घटना के बारे में गृहस्वामी द्वारा फोन से तत्काल पुलिस को सूचना दी गई तो 112 नम्बर पीआरवी पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रात में ही घटना की छनबीन की।

**धनघटा थानान्तर्गत हरेवा गांव में में चोरी की नियति से एक मकान की छत तक पहुंच गए थे अज्ञात चोर**

घटना को लेकर पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में थाना क्षेत्र के हरेवा गांव निवासी अवधनरायन मिश्र ने बताया कि मंगलवार की रात रोज की भांति पूरा परिवार भोजन करने के बाद सो रहा था। इसी दौरान आधी रात को दो अज्ञात चोर मकान की दूसरी मंजिल पर चढ़ गए जिसको उनका बेटा सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने देख लिया तो टोकाटोकी कर दिया जिसपर एक चोर ने मोटे डण्डे से बेटे के उपर वार करने का भी प्रयास किया लेकिन तत्काल दरवाजा बन्द करके बेटे ने किसी प्रकार चोर के वार से खुद को बचा लिया।

इस बीच चोरी की घटना को अंजाम देने मे खुद को विफल होता देख दोनों चोर मकान के पीछे छत से कूद कर फरार हो गए। प्रार्थनापत्र में आगे बताया कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई तो 112 नम्बर पुलिस टीम ने रात में ही पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। रात में घटना के कुछ ही देर बाद गांव के बाहर घूम रहे थाना क्षेत्र के सुरैना गांव निवासी एक युवक को शक के आधार पर ग्रामीणों ने पकड़ लिया और धनघटा पुलिस के हवाले कर दिया जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना की लिखित तहरीर मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जल्द ही घटना में शामिल चोरों को गिरफत में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# तीन अंतरजनपदीय शातिरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## कामयाबी

- सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का देते थे झांसा
- दुधारा पुलिस को गिरफ्तार करने में मिली कामयाबी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस टीम ने तीन अंतर्जनपदीय शातिरों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है। जन सामान्य को सरकारी योजनाओं का झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। फंसने का समय देकर पत्रकारिता का भी लोगों पर धौंस जमा लेते थे। थाना दुधारा एसओ अनिल कुमार दूबे की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपितों को गिरफ्तार किया।

सीओ अंशुमान मिश्र ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे थाना क्षेत्र शांति व्यवस्था के लिए भ्रमणशील थे। इसी बीच कन्ट्रोल रूम से सूचना मिली कि ग्राम देवापार गांव में अल्टो कार सवार तीन व्यक्ति अपने को बैंक कर्मी बताकर औरतों से अंगूठा लगवाकर उनके बैंक खातों से पैसा निकाल लिए हैं और बाघनगर की तरफ जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीन आरोपितों को दबोचा।

पुलिस पूछताछ में उनकी पहचान कुलदीप कुमार पुत्र श्रीपाल, अंकित पुत्र मुंशीलाल निवासी बारादौलतपुर थाना घाटमपुर और राघवेन्द्र सोनकर पुत्र झुग्गीलाल निवासी गजनेर थाना गजनेर जनपद कानपुर के रूप में हुई। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से एक वीडियो कैमरा, दो तापमान मापक, तीन ओटीजी कनेक्टर, एक प्लस रीडिंग मीटर, एक एयरटेल सिम, एक ब्लूटूथ, चार मोबाइल फोन, एक ब्लड ग्लूकोमीटर, एक बायोमैट्रिक डिवाइस मय कनेक्टर, तीन माइक, चार डिवाइस चार्जर, दो चार्जिंग डाटा केबल, एक डायरी, चार प्रेस आईडी कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, एक आयुष्मान भारत कार्ड, एक कॉलेज आईडी कार्ड, दो एटीएम कार्ड, चार हेल्थ कार्ड, एक रजिस्ट्रेशन पेपर, एक इंक पैड, छह सादे पेपर पर निशानी बना अंगूठा, 1790 रुपये नकद, एक कार बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। जिसका सरगना राघवेन्द्र है।

पत्रिकारिता के आड़ में अपना और परिवार के भरण पोषण के लिए भोले भाले ग्रामीणों को विश्वास में लेकर सरकारी योजनाओं का प्रलोभन देकर लाभ दिलाने के लिए ग्रामीणों से धोखे से अंगूठा निशानी और आधार कार्ड लेकर पैसा मोबाइल बैंकिग में ट्रांसफर करा लेते हैं। कुछ सादे पन्नों पर हस्ताक्षर व अंगूठा बनवाकर रख लेते हैं। जिसका बाद में दुरुपयोग कर अनुचित लाभ उठा सकें।

इस प्रकार के अनेकों लोगों के साथ जनपद महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया आदि जनपदों में पैसा हड़पने का कार्य किया गया है। सीओ ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध स्थानीय थाना पर अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस वकील पुत्र दोश मो. निवासी सोनहन को न्यायालय प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया मुकदमा

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में कोर्ट के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़िता उषा मिश्रा पत्नी प्रदुमनाथ निवासी खिरियां थाना खजनी जनपद गोरखपुर ने कोर्ट को प्रत्यावेदन दिया था।

इसके लिए सुशीला गुप्ता पत्नी नंद किशोर गुप्त से संपर्क किया। जिनसे 50 लाख रूपए में जमीन लेना तय हुआ। पीड़िता के अनुसार उसने 20 लाख रूपए दिनांक 13 अगस्त 2019 को दिया। शेष रूपए के लिए तीन वर्ष की सीमा तय हुई। जो 13 अगस्त 2019 शुरू होकर के 12 अगस्त 2022 को समाप्त हुई। मामले में विक्रय पत्र दिनांक 13 अगस्त 2019 को पंजीकृत हुआ।

# घायल को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए पहुंचाया। पीआरवी 1484 को थाना धनघटा क्षेत्र के रामजानकी मार्ग से मार्ग दुर्घटना में चन्दन पुत्र दयानन्द निवासी डंडिया कला, श्याम विहारी पुत्र लक्ष्मीकान्त निवासी ग्राम पटखौली के घायल होने के संबन्ध में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायलों को पीआरवी वाहन से सीएचसी हैंसर भेजवाकर दुर्घटना के संबन्ध में थाना धनघटा को सूचना दी।

# शांतिभंग की आशंका में 11 का चालान

संतकबीरनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में 11 आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। थाना बेलहरकला पुलिस ने एक, मेंहदावल तीन, महुली तीन व थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने चार कई मामले में चार आरोपितों को पकड़कर संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया।

# पुलिस ने 58 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले 58 वाहनों के चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 58 वाहनों के चालकों से कार्रवाई की।

# तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के पुरैना निवासी फूला देवी पत्नी राजेश ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की है। वह घर में अकेली थी। गांव के ही वेदप्रकाश, उनकी पत्नी व बेटे पुरानी रंजिश की वजह से 1 नवम्बर की सुबह आठ बजे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी वेदप्रकाश, उसकी बेटी पूनम बेटे अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पुराने विवाद में मारपीट, चार पर केस

बखिरा। थाना क्षेत्र के शिवापार निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल पुत्र धर्मेंद्र राय ने बताया कि एक नवम्बर को शाम सात बजे पुराने विवाद की वजह से गांव के कुछ लोगों ने अपशब्द कहा व जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। कहीं पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दुखहरन, सनी, लक्ष्मण, घरभरन के खिलाफ कार्रवाई की है।



यातायात कार्यालय मेंहदावल बाईपास पर स्कूली छात्रों को यातायात नियम के बारे में जागरूक करते ट्रैफिक सिपाही। • हिन्दुस्तान

# छात्रों को किया गया जागरूक

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास स्थित यातायात कार्यालय पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। यातायात निरीक्षक बृजेश यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने छात्रों को नियमों के बारे में जानकारी देकर उन्हें अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

# डीएम से लगाई सुरक्षा की गुहार

महुली : मनबढ़ पट्टीदार से महुली थाना के लखनापार गांव के व्यक्ति ने डीएम से सुरक्षा की गुहार लगायी है। डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में लखनापार गांव निवासी हेमनाथ पाल ने उल्लेख किया है कि उनके पट्टीदार कुछ दिन पूर्व घर पर लगे सीसी कैमरा केबल चोरी कर लिए हैं। (जासं)

# 30 हजार की ठगी, तीन युवक गिरफ्तार

- योजनाओं से लाभान्वित करने की दी थी लालच
- कार से दुधारा थाना के देवापार गांव में आए थे आरोपित युवक

जासं, दुधारा, संतकबीर नगरः दुधारा पुलिस ने देवापार गांव की दो महिलाओं से 30 हजार रुपये ठगने वाले तीन युवकों को मंगलवार की देर रात बाघनगर के पास दबोच लिया। पूछताछ करने के बाद इनके विरुद्ध जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद इन्हें जेल भेज दिया। कार में सवार होकर तीनों युवक गांव में आए थे। इन दोनों महिलाओं को कोरोना टीका लगाने, विभिन्न योजना से लाभान्वित करने का लालच दिया था।

दुधारा थाना के देवापार गांव में मंगलवार की शाम कार से तीन युवक पहुंचे। गांव की महिलाओं को कोरोना टीका लगवाने व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का लालच दिया। इस गांव की शकुंतला देवी पत्नी सुग्रीव व जासमति पत्नी रामवृक्ष इनके झांसे में आ गयी। इनके आधार कार्ड व मोबाइल में आने वाले मैसेज को लिया। कुछ देर में ही इन दोनों महिलाओं के मोबाइल पर बैंक खाते से 30 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। परिवार के सदस्य इस मैसेज को देखने के बाद अवाक हो गये। वहीं, ठगी करने के बाद ये युवक गांव से निकल गए। ठगी की शिकार दोनों महिलाओं ने दुधारा थाने पर तहरीर दी। ग्रामीणों के सहयोग से दुधारा पुलिस ने मंगलवार की रात करीब 11 बजे कार सवार तीन युवकों को बाघनगर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित महिलाओं से इनकी पहचान करायी।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे ने कहा कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान पुलिस ने कानपुर जिले के घाटमपुर थाना के दौलतपुर गांव निवासी कुलदीप कुमार, अंकित कुमार कानपुर नगर व राघवेंद्र सोनकर कानपुर देहात के रूप में की है। इनके कार से विभिन्न इलेक्ट्रानिक मीडिया चैनल के प्रेस कार्ड, माइक सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद हुए हैं। जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके इन्हें जेल भेज दिया गया।

# खाते से पैसा निकालने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

## पकड़े गए आरोपियों के पास से लैपटॉप, नकदी व अन्य सामान बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

सेमरियावां (संतकबीरनगर)। दुधारा क्षेत्र के देवापार गांव में दो महिलाओं से धोखाधड़ी करके पैसा निकालने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नकदी, लैपटॉप आदि सामग्री बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया गया।



दुधारा पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा। संवाद

मंगलवार की शाम देवापार निवासी जासमती पत्नी राम वृक्ष के खाता से बीस हजार रुपये और शकुंतला देवी पत्नी सुग्रीम के खाता से दस हजार रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिया गया। खाता से पैसा निकाले जाने पर महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी। कार से पैसा लेकर भाग रहे पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया।

चौकी इंचार्ज बाघनगर रजनीश राय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुलदीप कुमार, अंकित कुमार निवासी बारादौलतपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर और राघवेंद्र सोनकर निवासी गजनेर थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात के रुप में हुई है।

इनके पास से वीडियो कैमरा, तापमान मापक, ओटीजी कनेक्टर, पल्स रीडिंग मीटर, सिम कार्ड, ब्लड ग्लूकोमीटर, बायोमैट्रिक डिवाइस, माइक, चार डिवाइस चार्जर, आधारकार्ड, चार अदद प्रेस आईडी कार्ड आदि सामग्री बरामद किए गए हैं।

आरोपी खुद को एक न्यूज चैनल का रिपोर्टर भी बता रहे हैं। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे सीधे-साधे लोगों को श्रमकार्ड बनाने, आधार कार्ड बनाने, कोरोना का टीका लगवाने आदि के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

# शादी का झांसा देकर युवती से बनाया शारीरिक संबंध, केस दर्ज

## पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट का दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** शादी का झांसा देकर युवती को लखनऊ ले जाकर युवक ने शारीरिक संबंध बनाया। युवती के खाते से 10,000 रुपये भी निकलवा कर खर्च कर दिया। 15 दिन तक लखनऊ में साथ रहने के बाद उसे छोड़ कर कर्नाटक भाग गया।

फोन पर शादी की बात कहने युवती की वीडियो वायरल कर देने की धमकी दी। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती का आरोप है कि खलीलाबाद आने-जाने के दौरान महुली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती से उसकी जान पहचान हुई।

### 15 दिन तक लखनऊ में साथ रहने के बाद छोड़कर भाग गया कर्नाटक

युवती ने उसका परिचय अपने भाई से कराया। आरोप है कि युवक उसे अक्सर बातचीत करने लगा और शादी करने की बात कहने लगा।

युवक के कहने पर वह 12 जून को घर से निकल गई। युवक उसे लेकर लखनऊ गया और किराए के कमरे में रखा। उसे कहीं आने-जाने नहीं देता था। आरोप है कि उसके साथ शादी की बात कह कर शारीरिक संबंध बनाया।

जब उसने कोर्ट में शादी करने की बात कहीं तो वह उसे उम्र का कागज अथवा आधार कार्ड नहीं लाने की बात कह कर मामले को टाल दिया।

वह 14 जून को घर आई और आधार कार्ड लेकर गई। आरोप है कि उसके बाद भी कोई न कोई बहाना बना कर शादी करने से टाल गया। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। कोर्ट में शादी करने की बात कहने पर प्रताड़ित करता था। उसे लखनऊ अकेला छोड़ कर 15 दिन बाद चला गया।

दो दिन किसी लड़के का फोन आया की आरोपी युवक उसे छोड़कर कर्नाटक चला गया है। युवक उसके खाते से 10,000 रुपये निकलवाकर खर्च कर दिया था। फोन करने पर आरोपी ने उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। उसने शादी से इन्कार कर दिया। वीडियो वायरल करने की धमकी दी। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज कर लिया गया है।

# सगे भाई-भतीजे समेत चार पर केस दर्ज

## घर में घुसकर दो लोगों को पीटने का आरोप, महुली क्षेत्र के लखनापार गांव का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। महुली क्षेत्र के लखनापार गांव में सोमवार को दरवाजे पर रखी सागौन की लकड़ी उठा ले जाने और घर में घुसकर दो लोगों की पिटाई का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के लखनापार गांव निवासी हेमनाथ पाल सवरू पाल का आरोप है कि दरवाजे पर उसकी सागौन की लकड़ी रखी थी। आरोप है कि अशोक कुमार पाल, भतीजे अभिषेक पाल, अविनाश पाल, अमितोष पाल उर्फ अंकित व अन्य लोग पहुंच गए और लकड़ी अपने घर के अंदर ले जाने लगे। मना करने पर उसके बेटे अमित पाल को अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने के लिए दौड़ाए।

बचने के लिए बेटा भाग कर घर के अंदर चला गया। आरोप है कि उक्त लोग उसके घर में घुसकर बेटे और बहू को लात घूसे से मारने-पीटने लगे। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि हेमनाथ पाल की तहरीर पर अशोक कुमार पाल, अभिषेक पाल, अविनाश पाल, अमितोष पाल उर्फ अंकित व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष की तहरीर के आधार पर हेमनाथ पाल, अमित पाल, सुमित पाल, डाली पाल, सरोज पाल के खिलाफ केस दर्ज कर किया गया है।

### मारपीट के मामले में दो सगे भाइयों समेत चार पर मुकदमा

बखिरा। शिवापार निवासी पीड़ित ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ बुधवार को मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल पुत्र धर्मेंद्र राय का आरोप है कि सोमवार की शाम को पुराने विवाद की वजह से गांव के कुछ लोगो ने उसे अपशब्द कहा। विरोध करने पर जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि दुखहरन, सनी, लक्ष्मण, घरभरन के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

### पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के जसोवर गांव में डीजे बजाने पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। क्षेत्र के जसोवर गांव निवासी दुर्विजय कुमार पुत्र स्वर्गीय रामहित का आरोप है कि डीजे बजाने से मना करने पर विपक्षी रामराज, सुभाष चंद्र, अजीत, बृजनंदन उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर उसे मारे पीटे। बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते रहे। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जसोवर गांव निवासी दुर्विजय कुमार की तहरीर पर गांव के ही रामराज, सुभाष चंद्र, अजीत व बृजनंदन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

### तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के पुरैना में पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने महिला को अपमानित करने के साथ मारने-पीटने की कोशिश की। जानमाल की धमकी देने का भी आरोप है। बुधवार को पुलिस ने तीन लोगों पर एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। पीड़ित फूला देवी पत्नी राजेश का आरोप है कि वह घर में अकेली थी। गांव के ही वेदप्रकाश, उनकी पत्नी व बेटे ने पुरानी रंजिश की वजह से सोमवार को उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने लगे। आरोप है कि लोग मारने-पीटने के लिए दौड़ा लिए। किसी तरह घर में छिपकर जान बचाई। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि इस मामले में वेदप्रकाश, उसकी बेटी पूनम, बेटे अमन के खिलाफ एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिल्कुल न बैठाएं

## यातायात पुलिस कार्यालय मेंहदावल बाईपास पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। यातायात पुलिस कार्यालय मेंहदावल बाईपास पर बुधवार को विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। टीआई ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमिला के विद्यार्थी पहुंचे थे। यातायात निरीक्षक ब्रजेश सिंह यादव ने छात्रों से पहले संवाद किया। बाद में उन्हें यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। टीआई ने बताया

### हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए किया गया जागरूक

कि दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी कत्तई न बैठाए। बिना नंबर प्लेट लगी वाहन न चलाए। नशे की हालत में गाड़ी न चलाए।

वाहन को ओवर स्पीड से न चलाए। हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर लगाए। अपील किया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।



विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

# पुलिस चौकी को 40 साल बाद मिल सकी अपनी भूमि

रगड़गंज, संवाददाता। तरबगंज थानाक्षेत्र की रगड़गंज चौकी को 40 साल बाद अपनी जमीन मिली है। बुधवार को डीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने पैमाइश कर जमीन का चिह्नांकन किया। एसएचओ मनोज पाठक ने बताया कि जनसहयोग से पुलिस चौकी भवन का निर्माण कराया जाएगा।

रगड़गंज चौकी के पुलिसवालों पर कस्बे के साथ मुजेड, बेलसर, चांदपुर ,सिंहपुर, नगदही, बरसड़ा, गोपीपुर, खडोरा सहित नौ ग्राम पंचायतों के सुरक्षा की जिम्मेदारी है। चौकी पर एक उपनिरीक्षक, दस कांस्टेबल ,दो महिला कांस्टेबल की तैनाती है। पुलिस चौकी को करीब चालीस साल पहले तत्कालीन विधायक स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह उर्फ शीतलु बाबा ने अपने भवन में संचालित कराया था।

समय के अनुसार संसाधन और कर्मियों की संख्या बढ़ने से मौजूद चौकी में असुविधा होने लगी। राजस्व टीम ने जब रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि 1999 में ही तत्कालीन डीएम ने चौकी के लिए भूमि उपलब्ध करा दिया था लेकिन किसी की नजर ही नहीं गई। टीम ने चिह्नांकन के बाद पुलिस चौकी का बोर्ड लगा दिया।

# निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष समेत पांच गिरफ्तार

- कैथोली गांव में आगजनी, पथराव में तीन पुलिसकर्मी भी जख्मी
- घटना के बाद छावनी में बदला कैथौली गांव, एएसपी भी पहुंचे

करनैलगंज, संवाददाता। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत भंभुआ चौकी क्षेत्र में स्थित ग्राम कैथौली मंगलवार देररात हुए बवाल के बाद पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। गांव में एक भूमि पर चल रहे निर्माण को रोकने पहुंची पुलिस पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान आगजनी, पथराव व मारपीट में तीन पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गए। मामले में पुलिस ने सपा अधिवक्ता सभा के निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का कहना है कि दूसरे पक्ष को फंसाने के उद्देश्य से अपना ही छप्पर में आग लगा दी गयी। कुशल था सूचना पर कोतवाली सहित आस-पास की चौकी से तमाम फोर्स मौके पर पहुंच गई। जिससे बड़ी घटना होते-होते टल गई।

**क्या है पूरा मामला:** स्थानीय कोतवाली के ग्राम कैथौली के मजरा अहिरनपुरवा निवासी मुन्ना यादव उर्फ महंत पुत्र राजाराम व दृगपाल यादव उर्फ भक्कू पुत्र ननकऊ के बीच पुश्तैनी भूमि के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। बताया जाता है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी मुन्नालाल का एक पुत्र हाईकोर्ट में किसी अधिवक्ता के साथ प्रैक्टिस करता है। मंगलवार को स्थगन आदेश के बावजूद सपा से जुड़े अधिवक्ता, मुन्नालाल के परिजन व रिश्तेदार जबरन अर्धनिर्मित भवन की छत ढलाई की कवायद में जुटे थे। दूसरे पक्ष से दृगपाल की पत्नी फूलमती ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई। जिस पर स्थानीय चौकी से पुलिसकर्मी निर्माण रोकवाने के लिए पहुंचे तो उन पर ही हमला हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम हीरालाल, सीओ मुन्ना उपाध्याय, कोतवाल सुधीर कुमार सिंह के साथ भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई। थोड़ी ही देर में एएसपी शिवराज भी मौके पर पहुंचे और पूरी जानकारी ली। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह के अनुसार मामले में कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें जय प्रकाश, सूरज यादव, राहुल गौतम, प्रदीप कुमार यादव व श्यामपती शामिल है। मामले की जांच की जा रही है।

**एसपी ने लिया संज्ञान:** इस बावत पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि उक्त मामले में एक राजनीतिक दल के अधिवक्ता सभा के पदाधिकारी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों द्वारा सिविल कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बावजूद जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी, घटना में तीन पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं।

# प्रेमजाल में फंसाकर युवक ने किया दुष्कर्म, मुकदमा

परसपुर, संवाददाता। शादी का झांसा देकर युवक ने युवती को पहले प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ तीन वर्षों से संबंध बनाता रहा। युवती के शादी का दबाव बनाने पर युवक के माता-पिता ने उसकी की गोद भराई कर शादी की तारीख भी तय कर दी। अब दहेज की मांग को लेकर शादी से इनकार कर दिया। इस मामले में बुधवार को युवती के तहरीर पर पुलिस ने युवक और उसके माता-पिता पर दुष्कर्म, धमकी सहित डीपी ऐक्ट का केस दर्ज किया है।

पच्चीस वर्षीय पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि क्षेत्र के युवक ने शादी का झांसा देकर पहले उसे अपने प्रेमजाल फंसाया। आरोप है इसके बाद उसने तीन वर्षों से उसका यौन शोषण किया। युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो युवक के माता-पिता ने बीते मई में उसकी गोद भराई करके विवाह की तारीख अलगे साल 26 जनवरी तय की। अब युवक और उसके घरवाले दहेज की मांग को लेकर शादी से इनकार कर रहे हैं। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि ग्राम आंटा चोप पुरवा निवासी आरोपी अंकित सिंह, उसके पिता अशोक सिंह व माता गीता सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

# आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज। अशोकपुर गांव के आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मारपीट, बलवा समेत लूट का मुकदमा नवाबगंज पुलिस ने एसपी के आदेश पर दर्ज किया है।

गांव के अम्बिका यादव ने डीआईजी देवीपाटन को दिए गए तहरीर में गांव के हौसला यादव समेत सात लोगों पर बीते 22 अक्तूबर को दरवाजे पर चढ़कर मारने पीटने और घर में घुस कर लगभग पचास हजार रुपए लूट ले जाने का आरोप लगाते हुए घटना से सम्बन्धित मोबाइल में वीडियो भी दिखाते हुए विपक्षियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। वादी का आरोप है कि मामले मे नवाबगंज पुलिस द्वारा कोई कारवाई न किए जाने से विपक्षियों का हौसला बढ़ गया और बीते 27 अक्टूबर को विपक्षीगण दोबारा धावा बोलते हुए वादी के पुत्र देवी प्रसाद और लालू को खेत मे धान काटने से रोकते हुए कहा की खेती न करने देने की धमकी भी दी। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने तहरीर के साथ पेश की वीडियो को देखने के बाद मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक अरूण द्विवेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर पर केस

मनकापुर। न्यायालय के आदेश पर चिटफंड कम्पनी के डायरेक्टर सहित दो लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मामला अमवा निवासी दौलतराम वर्मा पुत्र जगनाथ वर्मा से जुड़ा है। आरोप है कि बेरोजगार होने के नाते अपने परिवार के भरण पोषण के लिये जीसीए मार्केटिंग कंपनी शाखा कस्बा मनकापुर में काम करने लगा। साथ में क्षेत्र के जगराम वर्मा , आशा यादव पत्नी रामशंकर यादव, संजय श्रीवास्तव, राजेश कुमार, दीनबन्धु, रमेश कुमार सहित 26 लोग भी शाखा मनकापुर में काम करते थे। मार्केटिंग कंपनी हम सभी कार्यरत लोगों के माध्यम से किसानों से पैसा लेकर बायो डीजल के बीज उपलब्ध करा कर खेती करवाती थी। फसल तैयार होने पर उसे स्वयं खरीदने की बात कहकर एग्रीमेंन्ट कर बाण्ड जारी करती थी। बाण्ड का 6 वर्ष में दो गुना करने की गारन्टी देती थी। क्षेत्र के कई किसानों का करोड़ों रुपए लेकर कम्पनी भाग गई। कोतवाल मनोज राय ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पुलिस टीम पर हमला, पांच गिरफ्तार

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा) :** कैथौली गांव में मंगलवार की रात विवादित जमीन पर भवन निर्माण को रोकने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इसमें दो दारोगा समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने दो मुकदमा किया है। दस को नामजद करते हुए 15 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, सरकारी कार्य बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने पूरी घटना की जांच के लिए चार टीमें गठित की है।

कैथौली के रहने वाले मुन्ना यादव उर्फ महंत व दृगपाल यादव के जमीन बंटवारे को लेकर विवाद है। इसका दीवानी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। न्यायालय से स्थगन आदेश है। कई वर्षों से निर्माण रुका था। स्थगन आदेश के बावजूद मंगलवार को मुन्नालाल ने निर्माण शुरू करा दिया। पुलिस ने उसे रोक दिया। दूसरे पक्ष के पहुंचने पर मारपीट शुरू हो गई।

पुलिस ने बीच बचाव का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट शुरू हो गई। पेशबंदी में एक पक्ष अपने छप्पर में आग लगाने लगा तो पुलिस ने उसको समझा-बुझाकर शांत कराने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस को हल्का बल का प्रयोग भी करना पड़ा। इसी बीच पुलिस टीम पर लोग हमलावर हो गए। ईंट-पत्थर चले। भीड़ पटरा बल्ली लेकर पुलिस टीम पर हमलावर रही। इसमें महिलाएं भी शामिल रहीं।

हमले में उप निरीक्षक अंकित सिंह, अमर सिंह, आरक्षी संजेश सिंह, कामिनी मिश्र व उमेश सिंह घायल हो गए। इन्हें सीएचसी ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीओ मुन्ना उपाध्याय टीम के साथ पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह के साथ कई थानों की पुलिस तैनात रही।

# पुरानी रंजिश में चले सुतली बम, तीन जख्मी

**संसू, गोंडा** : देहात कोतवाली के खिरौरा मोहन गांव में पुरानी रंजिश व जमीन विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। सुतली बम चले। इसमें एक पक्ष के तीन लोग जख्मी हो गए। इस मामले में सुधीर उपाध्याय की तहरीर पर 13 को नामजद करते हुए 23 लोगों पर जान लेवा हमला सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। पुलिस ने दस आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गांव में पुलिस की टीम लगाई गई है।

मंगलवार को खिरौरा मोहन गांव में ग्राम समाज, आबादी व अन्य सरकारी भूमि सहित तालाब की पैमाइश करने लेखपाल व राजस्व अधिकारियों की टीम गई थी। पैमाइश को लेकर गांव के दो पक्ष आमने सामने आ गए। एक पक्ष गांव तालाब की पैमाइश को लेकर नाराज था। वहीं दूसरा पक्ष मुकदमे में गवाही न देने का भी दबाव विपक्षी पर बना रहा था। चर्चा है कि बुधवार को मुकदमे में गांव के एक व्यक्ति को गवाही देनी थी।

दूसरा पक्ष चाहता था कि वह गवाही न दे। भूमि की पैमाइश करने के बाद राजस्व टीम मंगलवार की शाम वापस चली गई। इसके बाद रात में विवाद बढ़ गया। एक पक्ष ने सुतली बम से हमला कर दिया। फिर


जिला अस्पताल में भर्ती सुभाष शुक्ला ● जागरण

काफी संख्या में सुतली बम फेंके गए। इसके अलावा ईंट-पत्थर व लाठी डंडे भी चले। इसमें सुभाष चंद्र शुक्ल, मनोज उपाध्याय व व नीरज उपाध्याय घायल हो गए। हमले में कुछ अन्य लोगों को भी हल्की चोट आई है।

# भूमि विवाद में बांधकर पीटा, केस दर्ज

मनकापुर। भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति को बांधकर मारने पीटने के मामले में पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों खिलाफ एससी/एसटी ऐक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

लमती उकरहवा गांव निवासिनी शिवानी पत्नी तिलक राम गौतम ने गुरुवार को कोतवाली में दिए तहरीर आरोप लगाया है कि 24 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे गांव के ही गुड्डू सिंह उसका भाई बड्डू सिंह,राजू सिंह पुत्र गण बरसाती सिंह उसके घर पर आए और पति तिलकराम को बुला कर ले गए। जमीनी रंजिश को लेकर उसके पति को रस्सी से बांध कर बहुत मारापीटा। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# झोला लेकर निकलें बाजार, तभी सफल होगा प्रयास

## सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान : मंडलायुक्त ने घर-घर झोला वितरण कर किया मुहिम का आगाज

**संसू, गोंडा:** सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए कार्रवाई के साथ ही जनजागरूकता भी जरूरी है। प्रतिबंध तभी सफल होगा जब हर व्यक्ति इससे जुड़ेगा। इसलिए हर व्यक्ति को घर से झोला लेकर निकलने की आदत डालनी चाहिए। जब आप दुकानदार के पास झोला लेकर जाओगे तो वह पालीथिन में सब्जी या फल नहीं देगा। जनहित में किया गया आपका यह प्रयास स्वच्छ गोंडा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

बुधवार को गांधीपार्क स्थित संपूर्णानंद प्रेक्षागृह में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत झोला वितरण व सफाईमित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल, डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्रों ने स्वागत गीत, श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की छात्राओं ने जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। मंडलायुक्त ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**शहर से लेकर गांव तक चलेगा अभियान :** सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए जिले की सभी नगर निकायों में अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका परिषद गोंडा शहर के 27 वार्डों में 15 हजार झोले का वितरण करेगी। इसके अलावा अन्य निकायों में भी कार्यक्रम होगा। ब्लाक से लेकर गांव तक स्तर तक इस मुहिम को ले जाने की तैयारी है।



गांधीपार्क स्थित संपूर्णानंद प्रेक्षागृह मे झोला वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल, डीएम डा. उज्ज्वल कुमार, सीडीओ गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव व अमित। (बाएं से दाएं) ● जागरण



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ● जागरण



गीत प्रस्तुत करते सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र

झोले के बहाने हमारा मकसद हर घर तक जागरूकता का संदेश भिजवाना है। झोला वितरण के बाद हम दुकानदारों से पालीथिन हटाने का अनुरोध करेंगे। यदि नहीं माने तो कार्रवाई भी जाएगी। घर से झोला लेकर निकलने की आदत डालिए, पैसा व पर्यावरण दोनों बचाइए।
–**एमपी अग्रवाल**, आयुक्त देवीपाटन मंडल

स्वच्छ भारत का सपना पूरा करने के लिए हमें आज से ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प लेना होगा। अभियान को सफल बनाने के लिए जनता का जुड़ना जरूरी है। नगर पालिका के साथ ही ये मुहिम ब्लाक व गांव स्तर पर भी चलाई जाएगी।
–**डा. उज्ज्वल कुमार**, डीएम गोंडा

हम घर से खाली हाथ निकलते हैं और शाम को पालीथिन लेकर लौटते हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए सभी लोग आगे आएं। हाथ में थैला लेकर निकलने में शर्म महसूस न करें। जब आप थैला लेकर जाएंगे तो दुकानदार खुद पालीथिन नहीं देगा। इससे डिमांड घटेगी।
–**गौरव कुमार**, सीडीओ गोंडा

सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए हर वार्ड में घर-घर जूट व कपड़े का झोला संदेश के रूप में वितरित कराया जाएगा। अभियान को सफल बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद।
–**संजय कुमार मिश्र**, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोंडा

**अफसर संग कर्मियों का हुआ सम्मान:** मंडलायुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका परिषद के प्रदेश में पहली रैंक लाने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्र, जिला प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नीतेश राठौर को मेडल पहनाया।

**इनकी रही मौजूदगी:** अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, एसडीएम सदर वीके सिंह, एसडीएम कुलदीप सिंह, ओएसडी शिवराज शुक्ल, एलबीएस कालेज के प्राचार्य डा. रवींद्र पांडेय, जिला विज्ञान क्लब की समन्वयक डा. रेखा शर्मा, जानकीशरण द्विवेदी, जिला परियोजना प्रबंधक अखिलेश प्रताप सिंह, फहीम सिद्दीकी, अविनाश सिंह।

**कार्यक्रम में नहीं दिखीं अध्यक्ष:** जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भले ही नगर पालिका परिषद ने किया हो लेकिन, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नहीं दिखीं। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद भाषण अधिशासी अधिकारी ने दिया।

# न्यायालय के आदेश पर ठगी का मुकदमा

संसू, मनकापुर (गोंडा) : किसानों से पैसा लेकर दोगुणा कर ठगी करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रीतम सिंह निवासी भटिंडा पंजाब समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया गया है। अमवा गांव के रहने वाले दौलतराम वर्मा ने न्यायालय से गोहार लगाई थी। कहा कि किसानों की पूंजी जमा कराकर आरोपित फरार हो गए थे। करीब दस करोड़ रुपये का निवेश कराकर ठगी की गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

# ठगी करने वाले को एसटीएफ ने दबोचा

**संसू, गोंडा** : मुख्यमंत्री कार्यालय की टीम में शामिल होने का बात कहकर लोगों से ठगी करने वाले को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा किया गया है।

परसपुर के सकरौर गांव का रहने कमल नरायन पांडेय नगर कोतवाली के आइटीआइ चौराहा के पास किराए के मकान में रहता है। बीते माह बक्सी तालाब थाने में पापुलर फ्रंट आफ इंडिया से जुड़े होने के आरोप में प्रधान पर कार्रवाई की गई थी। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली राकेश सिंह ने बताया कि वह प्रधान को बचाने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात होने की बात कहकर पांच लाख रुपये की डिमांड की। इसके बाद धीरे-धीरे कुछ रुपये अपने खाते में मंगा लिया। इतना ही नहीं, कमल नरायन ने इसके कई अधिकारियों व पीड़ितों के पास फोन करके ठगी का प्रयास किया था। मुख्यमंत्री कार्यालय का नाम आने पर एसटीएफ सक्रिय हुई और टीम ने बुधवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से छानबीन कराई जा रही है।

# पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**मुजेहना (गोंडा)।** न्याय पाने की उम्मीद से थाने गए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को धानेपुर पुलिस ने प्रताड़ित कर एक नवंबर को चालान कर दिया। इस मामले में ग्राम प्रधान ने डीआईजी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। ख्वाजाजोत की महिला प्रधान के पति संजय शर्मा ने बताया कि उसने एक जमीन ली। जिस पर वह खेती करता है। एक नवंबर को संजय शर्मा व उनके भाई राम दयाल शर्मा को पुलिस थाने ले गई, और अभद्रता करते हुए अपमानित किया। हवालात में बंद रखा और शाम को चालान कर दिया। (संवाद)

# कोर्ट के आदेश पर डायरेक्टर समेत दो पर ठगी का मुकदमा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मनकापुर (गोंडा)।** अदालत के आदेश पर पुलिस ने एक कंपनी के डायरेक्टर सहित दो लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम अमवा निवासी दौलतराम वर्मा ने बताया कि वह जीसीए मार्केटिंग कंपनी शाखा कस्बा मनकापुर में काम करता था। उसके साथ ही क्षेत्र के जगराम वर्मा, आशा यादव पत्नी रामशंकर यादव, संजय श्रीवास्तव, राजेश कुमार, दीनबंधु, रमेश कुमार सहित 26 लोग भी काम करते थे। उक्त कंपनी उन लोगों के माध्यम से किसानों से पैसा लेकर बायो डीजल के बीज उपलब्ध कराकर खेती करवाती थी। यही नहीं, छह वर्ष में रुपये को दो गुना करने की गारंटी देती थी। क्षेत्र के हजारों किसानों की करोड़ों रुपये जमा पूंजी जमा कराकर कंपनी के लोग भाग गए। कहा कि करीब 10 करोड़ रुपये की ठगी की गई है।

पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर गुरुदीप सिंह निवासी बरनाला पंजाब व प्रीतम सिंह निवासी कोट भाई गीदड़वा बठिंडा पंजाब के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है।

# 40 साल बाद रगड़गंज चौकी को मिली जमीन

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलसर (गोंडा)। थाना तरबगंज के रगड़गंज चौकी को 40 साल बाद अपनी जमीन मिली है। यहां जनसहयोग से पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने पैमाइश कर जमीन का चिन्हांकन किया।

थाना तरबगंज के रगड़गंज चौकी क्षेत्र में रगड़गंज कस्बा, मुजेड़, बेलसर, चांदपुर, सिंहपुर, नगदही, बरसड़ा, गोपीपुर, खडोरा सहित नौ ग्राम पंचायतों के सुरक्षा की जिमेदारी है। चौकी पर एक उपनिरीक्षक, दस कांस्टेबल व दो महिला कांस्टेबल की तैनाती है। समय के अनुसार चौकी पर पुलिस कर्मियों की संख्या व संसाधन बढ़ने लगे। जिससे पुलिस कर्मियों को असुविधा होने लगी। यहां पर तैनात कांस्टेबलों को चौकी के अतिरिक्त कमरा लेकर रहने को मजबूर होना पड़ा। इंस्पेक्टर मनोज पाठक ने थाना तरबगंज का चार्ज लेने के बाद चौकी के लिए निजी भवन की पहल शुरू की। उन्होंने चौकी प्रभारी कामेश्वर राय से जमीन की तलाश के लिए लेखपाल व राजस्व विभाग से संपर्क करने के लिए कहा। खुद भी एसडीएम से जमीन की मांग की। थाना प्रभारी के प्रयास से जमीन उपलब्ध हो गई है। इंस्पेक्टर ने कहा कि जन सहयोग से भवन का निर्माण कराया जाएगा।

## 23 साल से आवंटित थी जमीन

1999 में तत्कालीन डीएम ने रगड़गंज चौकी को जमीन उपलब्ध करा दी थी। जमीन की तलाश कर रही राजस्व टीम ने जब रिकार्ड खंगाला तो 1999 में ही जमीन उपलब्ध कराने का मामला सामने आया, लेकिन इस तरफ अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया था।

# जमीन के विवाद में तीन लोगों ने बंधक बनाकर पीटा

संवाद न्यूज एजेंसी

**मनकापुर (गोंडा)।** तमती उकरवा गांव में जमीन के विवाद में एक किसान को बंधक बनाकर पीटने के आरोप में कोतवाली मनकापुर में बुधवार को तीन सगे भाइयों के खिलाफ मारपीट, बंधक बनाने व एससी/एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के लमती उकरहवा गांव की रहने वाली शिवानी पत्नी तिलक राम गौतम ने बुधवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 24 अक्तूबर की रात 10 बजे उसे गांव के ही रहने वाले गुड्डू सिंह उसका भाई बड्डू सिंह व राजू सिंह घर पर आए और उसके पति तिलकराम को ले गए। आरोप है कि भूमि विवाद की रंजिश में पति को रस्सी से बांधकर मारापीटा। जानकारी पर वह गई तो पति को रस्सी से खोलकर घर ले आई। आरोपियों ने कार्यवाही करने पर पति को जान से मारने की धमकी दी। जिसके डर से वह रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं गई। जब दोबारा धमकी मिली तो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, बंधक बनाने व एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## रंजिश में युवक की पिटाई

**मनकापुर (गोंडा)।** मुकदमे की रंजिश में दो लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। मामले में कोतवाली में दो के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मनकापुर क्षेत्र के ग्राम भिटौरा निवासी अरविंद कुमार गिरी पुत्र शिव प्रताप गिरी ने बुधवार को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि भरहूं गांव के रहने वाले राजेश कुमार जायसवाल से मुकदमे को लेकर उनकी रंजिश चल रही है। अरविंद के मुताबिक, 31 अक्तूबर देरशाम वह मनकापुर कस्बा से घर जा रहा था। तभी मनकापुर-नवाबगंज मार्ग पर चिरैया गांव स्थित काली मंदिर के पास राजेश कुमार जायसवाल अपने एक साथी के संग उसे रोककर अभद्रता की, फिर लाठी डंडा से उसे मारने पीटने लगे। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि राजेश कुमार जायसवाल समेत दो के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# जान की फिक्र न नियमों की परवाह

## जागरुकता अभियान हो रहा धड़ाम, बिना हेलमेट के बाइक पर ट्रिपलिंग कर फर्राटा भर रहे लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** यातायात जागरूकता के लिए इन दिनों सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है। इसके लिए स्कूल-कॉलेजों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस व परिवहन विभाग के लोग वाहन चालकों को जागरूक कर रहे हैं। मगर इस अभियान पर लोगों की मनमानी भारी पड़ रही है। चौक चौराहों से भी लोग ट्रिपलिंग करते हुए देखे जा सकते हैं। बिना हेलमेट फर्राटा भर रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस इनपर कार्रवाई नहीं कर रही।

बुधवार को शहर के कई स्थानों पर यातायात जागरूकता को लेकर जायजा लिया गया तो स्थिति में सुधार नहीं दिखा। मंगलवार को गुरुनानक चौक के पास पुलिस व परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया। प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, लेकिन लोगों की मनमानी के चलते अभियान फेल होता नजर आ रहा है।

> अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- अभिनव प्रताप सिंह,** यातायात निरीक्षक







गोंडा के कचेहरी रोड पर बिना हेल्मेट के ट्रिपलिंग करता बाइक सवार, वहीं आंबेडकर चौराहे पर ट्रिपलिंग करते बाइक सवार, बिना हेल्मेट के परिवार समेत जाता बाइक सवार। - संवाद

**समय : दोपहर 12 बजे**
**स्थान-आंबेडकर चौराहा**

इस चौराहे पर कुछ देर के लिए जाम लगा रहा। यातायात व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहे थे। एक-दो होमगार्ड बिजली उपकेंद्र के पास बैठे रहे। तमाम लोग बिना हेलमेट के ट्रिपलिंग करते हुए जाते दिखे। लोग बेखौफ होकर फर्राटा भरते रहे।

**समय : दोपहर 12.30 बजे**
**स्थान-विकास भवन**

कचहरी से विकास भवन और सर्किट हाउस जाने वाले मार्ग पर भी लोगों की मनमानी दिखी। बिना हेलमेट लगाए लोग बाइक दौड़ा रहे थे। एक युवा अपने परिवार के साथ जाता दिखाई दिया। बाइक पर एक महिला, दो बच्चों के अलावा बाइक सवार था। उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

**समय : दोपहर एक बजे**
**स्थान - टामसन तिराहा**

टामसन तिराहे के पास भी लोग बाइक सवार जान की परवाह किए बगैर फर्राटा भरते दिखाई दिए। कमोबेश यही हाल शहर के सभी मार्गों का रहा। जहां बाइक चालक बिना हेलमेट लगाए ही सड़क पर चलते रहे। लोगों की मनमानी के चलते लोगों को परेशानी होती है। बावजूद इसके जिम्मेदार बेफिक्र हैं।

# पुलिस टीम पर हमले में पांच धरे गए

## सपा अधिवक्ता सभा का निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष भी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**करनैलगंज (गोंडा)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथौली में मंगलवार देररात विवादित जमीन पर कब्जेदारी के विवाद में पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया था। मामले में बुधवार को पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, पुलिस ने सपा अधिवक्ता सभा के निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव को भी गिरफ्तार किया है।

मंगलवार की देर रात कैथौली गांव में हुई मारपीट व पथराव की घटना को लेकर पुलिस ने दो मुकदमे दर्ज किए हैं। जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कैथौली गांव निवासी दृगपाल यादव पुत्र ननकऊ की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ बलवा व पथराव समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। जिसमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं, भंभुआ चौकी प्रभारी उमेश सिंह ने सपा अधिवक्ता सभा के निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव समेत दस लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि हमलावर जिस वाहन (यूपी-32, केडी 4444) से आए थे, उस पर विधायक लिखा है और समाजवादी पार्टी का झंडा लगा था। साथ में छह-सात लोग और जमीन पर कब्जा करवा रहे थे। पुलिस की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।






कैथौली गांव में खड़े वाहन, वहीं विवादित जमीन पर हो रहा निर्माण कार्य। -संवाद

### कैथोली गांव में विवादित जमीन को लेकर हुआ था हमला

भंभुवा चौकी प्रभारी का आरोप है कि दीवानी स्टे के बाद भी एक पक्ष के लोग जनरेटर चलाकर मकान की छत डालने के लिए सटरिंग लगवा रहे थे। मना करने पर पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से सरिया व लाठी लेकर हमला कर दिया गया। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव निवासी ग्राम भदरौली कैसरगंज के साथ मुन्ना लाल यादव, जयप्रकाश, सूरज यादव, राहुल गौतम, फूलमता, श्याम पति, रेशमा, आंचल, राजकुमारी निवासी ग्राम कैथौली के विरुद्ध जानलेवा हमला, सरकारी काम में बाधा समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार यादव के साथ जयप्रकाश, राहुल यादव, सूरज यादव श्याम पति को गिरफ्तार किया गया।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

# पांच दिन पहले हुई चोरी का नहीं हो सका पर्दाफाश

तुलसीपुर। स्थानीय थाना अंतर्गत उदासीन आश्रम भवनियापुर स्थित आदि शक्ति पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के सामने 27 अक्टूबर को दिन में ही चोरों ने दिनदहाड़े ताला तोड़कर 40 हजार रुपए उठा ले गए थे। लोगों ने बताया कि जल्द ही चोरों का पर्दाफाश नहीं हुआ तो राष्ट्रीय रक्षा मंच एवं धर्म रक्षा मंच के बैनर तले मिशन योगी अगेन सीएम तथा संतगण एक प्रतिनिधिमंडल सीएम योगी से शिकायत दर्ज करने के लिए मुख्यमंत्री आवास पर अपनी शिकायत करेंगे।

# पटरियों पर अतिक्रमण के चलते राहगीर परेशान

तुलसीपुर। स्थानीय जरवा रोड पर अतिक्रमण को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। नगर पंचायत स्थित जरवा रोड पर विधायक गली से लाल चौराहे तक लगभग लाखों की लागत से बनाए फुटपाथ पर दुकानदारों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। महामंत्री रूप चंद्र गुप्ता, नगर प्रभारी श्याम बिहारी अग्रहरि ने बताया कि जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से मुख्य मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है।

# महिलाओं को कराया जा रहा शारीरिक प्रशिक्षण

बलरामपुर। महिलाएं आज अपनी सुरक्षा के लिए शारीरिक प्रशिक्षण ले रही हैं। विद्यालयों में व्यायाम व प्रशिक्षण के कोर्स कराए जा रहे हैं। कोर्स महिलाओं को सशक्त करने की दृष्टि से किए जा रहे हैं। यह बातें सीओ सिटी दरवेश कुमार ने कही। सीओ थाना कोतवाली नगर के बिजलीपुर गांव व विद्यालय में छात्र-छात्राओं को जागरूक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दृष्टि से महिलाओं, छात्राओं व बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।

# बालश्रम और बाल विवाह की रोकथाम को चला अभियान

## जागरूकता

**बलरामपुर, संवाददाता।** आजादी विषयक अभियान के तहत पुलिस टीम ने भारत नेपाल बॉर्डर पर अभियान चलाया। जिसमें लोगों को बाल श्रम रोकने के लिए जागरूक किया गया।

एएचटीयू उपनिरीक्षक नीलोफर बानो ने कहा कि बाल विवाह पर रोक है। अगर कोई परिवार अपने नाबालिक बच्चे का विवाह करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। भिक्षावृत्ति पर सरकार ने रोक लगाने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। कानून का पालन करें तथा भिक्षावृत्ति न करें। एसएसबी के उपनिरीक्षक भोधराज शर्मा ने कहा कि बाल श्रम व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस सहित अन्य विभाग को भी लगाया गया है। किसी नाबालिक बच्चे से मजदूरी न कराएं। उसे विद्यालय भेजकर शिक्षित बनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार ने निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर यूनिसेफ से परीक्षित, बाल कल्याण समिति के प्रदीप कुमार गुप्ता, श्रम विभाग से भूपेंद्र मिश्रा, चीफ कोऑर्डिनेटर रेनू, बंदना कश्यप, उपनिरीक्षक शिव कैलाश, चौकी इंचार्ज आशीष कुमार सिंह के साथ ग्राम प्रधान, आशा बहू, चौकीदार व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# वाहन चालाकों को बताए यातायात के नियम

**बलरामपुर।** दो पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग हमेशा करें। कभी भी नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं। यह बातें सीओ यातायात ज्योति श्री ने कही। बुधवार को वह वीर विनय चौराहे पर पुलिस टीम के साथ यातायात जागरूकता अभियान चला रही थीं। उन्होंने कहा कि यातायात नवंबर माह में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाता है। यातायात नियमों की जानकारी न होने पर भी वाहन चालक वाहन चलाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

# स्कूल परिसर से तार चोरी, बिजली विभाग के अधिकारी अनजान

**जासं, बलरामपुर** : लाइन बनाने के लिए रेहरा बाजार ब्लाक के एक स्कूल परिसर में रखा तार और केबल चोर उठा ले गए। बिजली विभाग को तार चोरी होने की भनक तक नहीं लगी। बाराबंकी जिले के मसौली थाना की पुलिस ने दो गाड़ी पर सवार चार लोगों के साथ तार बरामद किया, तो बिजली विभाग को घटना की जानकारी हुई। अब ठेकेदार का सामान बता कर विभागीय अधिकारी अपनी गर्दन बचाने में जुटे हैं। रेहरा बाजार की पुलिस ने स्कूल के प्रधानाचार्य की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिख रखा है। दूसरी तरफ मसौली पुलिस ने बरामदगी की रिपोर्ट अपने यहां लिखी है।

रेहराबाजार के श्रीराम लाल सिंह बालिका इंटर कालेज परिसर में तार, खंभों पर लगाने वाले उपकरण, ट्रैक्टर व खंभा लगाने वाली मशीन आदि सामान करीब एक साल से रखा है। 31 अक्टूबर को विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर सिंह ने थाना रेहराबाजार की पुलिस को तार चोरी होने की सूचना दी। बताया कि विद्यालय परिसर में ठेकेदार का

- **31 को प्रधानाचार्य ने लिखवाई रिपोर्ट, एक नवंबर को मसौली में पकड़ा गया सामान**

तार व अन्य सामान रखा है। देखने से ज्ञात होता है कि तार चोरी हुआ है। बारिश के कारण बाउंड्रीवाल गिर गई थी। परिसर में लगा सीसी कैमरा भी खराब है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखा। एक नवंबर को मसौली पुलिस ने बरदही बाजार के पास एक एसयूवी में छह कोर की एक काली मोटी केबल का बंडल और पिकअप पर रखे छोटे-बड़े 24 बंडल एल्यूमिनियम तार बरामद कर लिए। तार का वजन करीब छह क्विंटल 90 किग्रा है।

**घटना की पूरी जानकारी नहीं:** विभागीय अधिकारी तार चोरी की घटना के बारे में बताने से कन्नी काट रहे हैं। जबकि घटना स्थल का बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों ने जायजा लिया है। अधीक्षण अभियंता एसके चौधरी ने कहा कि उनको घटना की पूरी जानकारी नहीं है। अभी डाक्टर के यहां आए हैं। अधिशासी अभियंता तुलसीपुर से बात कर लें। उनका ही कार्य क्षेत्र है।

# सीमावर्ती गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

**बलरामपुर।** जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पचपेड़वा थाने की पुलिस ने क्षेत्र के मजगवा गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों को अपराध व सामाजिक कुरीतियों से बचाव की जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में उपनिरीक्षक निलोफर बानो ने कहा कि समाज में महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, बाल श्रम व बच्चों के भीख मांगने की कुरीतियां बढ़ी हैं। गांव के सभी लोगों को इसके प्रति सचेत रहना चाहिए। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

हिन्दुस्त

# 1.55 करोड़ की स्मैक के साथ दो लोग गिरफ्तार हुए

रुपईडीहा, संवाददाता। कस्बे के दो युवकों को पुलिस ने दो अलग- अलग स्थानों से कुल 325 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है।

रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 9:15 बजे स्थानीय श्रीराम जानकी मंदिर के सामने नेपाल की ओर जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर संजय केवट पुत्र राजू केवट निवासी घसियारन टोला व मुस्तफा पुत्र हबीब चिकवा निवासी मुनीरगंज भट्ठा थाना रुपईडीहा के पास 1.55 करोड़ की स्मैक बरामद हुई। खड़ंजा मार्ग पर डेली रूट मार्च के तहत एएसआई रूदल बहादुर सिंह, एसआई प्रेम चंद यादव, रवि सिंह, राहुल सिंह, रामवीर सिंह, अशोक कुमार तिवारी व एसएसबी 42वीं वाहिनी रुपईडीहा बीओपी के इंस्पेक्टर मनोहर सिंह, वीर सिंह सैनी, मुकेश कुमार गश्त कर रहे थे। शक के आधार पर टीम ने रोककर तलाशी ली थी।

हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

अपना बहराइच

# अब हाईवे के ब्लैक स्पॉट पर 24 घंटे मुस्तैद रहेंगी एंबुलेंस

## जिले से जुड़ने वाले हाइवे पर एंबुलेंस के लिए चिह्नित किए गए 17 ब्लैक स्पॉट

**सहूलियत**

- जिले से जुड़ने वाले हाइवे पर चिंहित हुए 17 ब्लैक स्पॉट
- हादसों में घायलों को त्वरित इलाज को लेकर उठे कदम

**बहराइच, संवाददाता।** अब हाईवे पर हादसे होने पर मदद के लिए पांच मिनट में घायलों तक एंबुलेंस पहुंचेगी। हाईवे के सर्वाधिक हादसे होने वाले ब्लैक स्पॉट को चिंहित किया गया है। इन स्थानों पर 24 घंटे 108 एंबुलेंस मुस्तैद रहेगी। घायलों को त्वरित परिवहन सुविधा मुहैय्या कराकर जिंदगी बचाने के लिए यह कदम उठाए गए हैं।

जिले से लखीमपुर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती व लखीमपुर हाईवे जोड़ते हैं। इन हाईवे पर हर रोज हादसे हो रहे हैं। कई ऐसे मोड़ हैं, जहां माह में सर्वाधिक हादसे हो रहे हैं। ऐसे 17 स्थानों को ब्लैक स्पॉट घोषित किया गया है, जहां हादसे की वजह से मौत भी ज्यादा हुई है। समय से इलाज मिलने से घायलों की जान भी बचाई जा सकती है। अब हादसों पर अंकुश लगाने के साथ ही हादसा होने पर घायलों को त्वरित चिकित्सकीय सहायता मुहैय्या कराने के लिए चिहिंत ब्लैक स्पॉट पर हर समय एंबुलेंस तैनाती का फैसला किया गया है। ताकि समय से घायलों को प्राथमिक इलाज देकर निकट के अस्पतालों तक पहुंचाया जा सके।

**मरीज छोड़ने के बाद पहुंचेंगी अपने लोकेशन पर:** बहराइच। जिन 17 ब्लैक स्पॉट हाईवे पर चिंहित किए गए हैं। इन लोकेशन की एंबुलेंस नजदीकी सीएचसी से अटैच रहेंगी। अस्पताल से मरीज छोड़कर तत्काल अपने चिंहित लोकेशन पर आकर खड़ी होंगी। खाली समय पर यहीं से वे दूसरे स्थानों के मरीजों व घायलों की मदद के लिए जाएंगी।



लखनऊ हाईवे पर कैसरगंज के ऐनी हतिंसी ब्लैक स्पाट पर खड़ी एम्बुलेंस।

**37** एंबुलेंस 108 संचालित हो रही

**41** एंबुलेंस 102 संचालित हो रही

> जिले से जुड़ने वाले हाईवे पर 17 ब्लैक स्पॉट चिंहित किए गए हैं। इन स्थानों पर अब 24 घंटे एंबुलेंस मौजूद रहेगी।
>
> – **सुधीर मणि त्रिपाठी**, जीवीके एमआरआई

## बाइक अ... पर विवा...

बहराइच, संवादद... थी। शादी के बाद से... कर रहे पति व ससु... भगा दिया। पीड़िता... पर दहेज उत्पीड़न...

बलहा संवाद के... गांव निवासी जुबैर... गांव के ही आसिफ... से पति और उसके... की मांग कर प्रताड़ि... उससे मायके से ती... लाने की मांग कर म... यहां तक पति और... होने पर रानी की... मायके में पनाह ले... धमकी और दहेज... है। कोतवाल शमश... शुरू कर दी गई है।

प्रा...
सावधि ज...
सर्वाधिक...
104 वर्षो से सतत सेवारत
For more de...
or Co...

हिन्दुस्तान

# कैट फिश निगलने से हुई थी डॉल्फिन की मौत

- गले में कांटा फंस जाने से दम घुटा, खून से जाम रहा गला
- तीन पशु चिकित्सकों ने किया पोस्टमार्टम, शव दफनाया गया

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्निया रेंज के चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट संख्या एक के पास मृत अवस्था मिली गैंगेटिक डॉल्फिन का तीन चिकित्सकों के दल ने बुधवार को पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में कैद फिश के कांटे गले में रुंध गया था। इससे अधिक रक्तस्राव व दम घुटने से मौत होने की पुष्टि चिकित्सकों ने की है। डीएफओ की मौजूदगी में शव का दफना दिया गया।

सुजौली थाने के कतर्निया रेंज के जंगल में सदर बीट के चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट संख्या एक में मंगलवार दोपहर में लगभग सवा दो बजे एक मादा डाल्फिन का शव बरामद किया गया था। बुधवार दोपहर तीन



डाल्फिन के शव का परीक्षण करते डॉक्टरों की टीम।

पशु चिकित्सकों के पैनल ने मृत मादा डाल्फिन के शव का पोस्टमार्टम किया।

इस दौरान गले में कैट फिश के अवशेष पाए गए। साथ ही गले में कांटा रुंधा पाया गया। जिससे सांस थम जाने से डॉल्फिन की मौत की पुष्टि चिकित्सकों ने की है। पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया गया।

हिन्दुस्तान

# यातायात माह: नियम पालन की नसीहत

- पोस्टर वितरण, होर्डिंग्स लगाई गई, नियमों की दी जानकारी
- बाइक सवार को हेलमेट, कार सवार को सीट बेल्ट के लिए कहा

बहराइच, संवाददाता। यातायात माह के दूसरे दिन बुधवार को यातायात पुलिस व पुलिस महकमे की टीमों ने सदर, पयागपुर, महसी, कैसरगंज, नानपारा, मिहींपुरवा सर्किलों में होर्डिंग्स लगवाई। यातायात नियमों से सम्बंधित पोस्टरों का वितरण किया गया। आटो व ई रिक्शा चालकों को नियमों का पालन कर सड़क के किनारे वाहन खड़े कर सवारियां बिठाने का आवाहन किया गया। बाइक चालकों को हेलमेट, कार चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करने की अपील की गई।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर बुधवार को सम्पूर्ण जिले में यातायात जागरूकता माह के मद्देनजर सुरक्षित यातायात को मुहिम चलाई गई। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, सीओ सिटी डॉ. जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी सदर जेपी सिंह, उप निरीक्षक यातायात शशिकांत कौल व उनकी टीम ने यातायात माह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को नगर के विभिन्न चौराहों पर यातायात नियमों की जागरूकता के लिए बैनर लगाया गया।



शहर में होर्डिंग्स व पोस्टर वितरण करते यातायात पुलिस की टीम।

आम नागरिकों को पर्चा बांटकर यातायात नियमों के लिए जागरूक किया गया। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ नानपारा व मिहीपुरवा राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में जागरूकता अभियान चलाया गया। नानपारा कोतवाली, नवाबगंज, रुपईडीहा, मुर्तिहा, सुजौली, मोतीपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया।

हिन्दुस्तान

हर सीएचसी पर ओपीडी फुल, चिकित्सक भी बुखार से बीमार हो रहे ,केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध, जांच के लिए बीमार लगा रहे दौड़

# डेंगू का प्रकोप, अस्पतालों में कम पड़ने लगे संसाधन

**5 जगह 5 रिपोर्टर**

बहराइच, संवाददाता। मौसम बदल रहा है। सुबह व शाम तापमान तेजी से लुढ़क रहा है। ठंड व गर्म मिजाज लोगों की सेहत को बिगाड़ रहा है। ऊपर से मच्छरों के डंक से डेंगू, मलेरिया, टाइफायड व वायरल बुखार के बढ़ते प्रकोप का सीधा असर अस्पतालों में दिख रहा है। बुधवार को हिन्दुस्तान ने पांच अस्पतालों का जायजा लिया। हर अस्पताल में मरीजों की लाइन लगी रही। इलाज व परामर्श मिला, लेकिन जांच के लिए वे पर्चा लेकर निजी पैथालॉजी सेंटरों पर दौड़ लगाते दिखे। वहीं महर्षि जिला अस्पताल में दो और डेंगू पॉजिटिव भर्ती कराए गए हैं।

जिले में डेंगू, मलेरिया के संग वायरल बुखार कहर बरपा रहा है। भले ही स्वास्थ्य महकमा दवाओं, संसाधनों व जांच के मुकम्मल व्यवस्था का दावा कर रहा हो, लेकिन हकीकत उलट है। सीएचसी व पीएचसी पर डेंगू जांच के किट नहीं हैं। केंद्रों पर वार्ड बनाए गए हैं, लेकिन मरीज जिला अस्पताल रेफर हो रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल में पयागपुर के उमेश कुमार व नानपारा के राहुल वज्रसैनी को डेंगू से हालत गंभीर होने पर भर्ती कराया गया है। इससे पहले 17 पीड़ित भर्ती चल रहे हैं।

- मौसम का ठंड और गर्म मिजाज लोगों की सेहत बिगाड़ रही
- मरीजों को जांच के लिए निजी पैथालॉजी जाना पड़ रहा है

## परामर्श के इंतजार से बढ़ रहा मरीजों का दर्द

**महर्षि जिला अस्पताल**

बहराइच। महर्षि जिला अस्पताल के कमरा नंबर 23 के बाहर मरीजों की भारी भीड़ लगी रही। श्रावस्ती जिले के लक्ष्मन नगर की पद्मिनी देवी की बुखार से हालत गंभीर रही। परिजनों ने बताया कि वहां रेफर कर दिए हैं। ऐसे तमाम गंभीर मरीज दिखे जो चिकित्सक से परामर्श के लिए जद्दोजहद करते रहे। यही नजारा चिल्ड्रेन ओपीडी में भी दिखा। बुखार से तप रहे नौनिहालों को लेकर अभिभावक बारी का इंतजार करते दिखे। यहां भी लक्षण देखकर चिकित्सक तत्काल जांच का परामर्श देते रहे।



विशेश्वरगंज सीएचसी में परामर्श के लिए कक्ष के बाहर खड़ी महिलाएं।

## मरीजों की भीड़ बता रही भयावहता

**सीएचसी, नानपारा**

नानपारा। चिकित्सकों के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ जमा रही। मरीज जांच का पर्चा लेकर बाहर निकलते दिख रहे थे। अधीक्षक डॉ. सीबी राम अपने कक्ष में मौजूद थे। डॉ. अविनाश की तबियत ठीक न होने से छुट्टी पर थे। डॉ. विजय ठाकुर मरीज देख रहे थे। अधिकांश मरीज बुखार, सर्दी वाइरल बुखार के रहे। अधीक्षक ने बताया अभी डेंगू के मरीज नहीं मिले हैं। अधिकांश वायरल बुखार के ही मरीज आ रहे हैं।

## 48 में से 32 मिले बुखार पीड़ित

**पीएचसी, विशेश्वरगंज**

विशेश्वरगंज। ओपीडी में बैठे डॉ. महेंद्र नाथ पांडे मरीजों का इलाज कर रहे थे। 48 मरीजों ने अपना नामांकन कराया। 32 मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए। डॉक्टर ने बताया कि सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की भरमार है। केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार की दवा उपलब्ध है। फार्मासिस्ट प्रेमचंद तिवारी व राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, सुधांशु तिवारी अपने काम में लगे दिखे।



नानपारा सीएचसी में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़।

## डेंगू के संदिग्ध मरीजों की भरमार

**सीएचसी, पहुंचकटटा**

विशेश्वरगंज। सीएचसी पर मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि केंद्र पर तीन वार्ड डेंगू के लिए आरक्षित किए गए हैं। अभी तक डेंगू के तीन संदिग्ध मरीज पाये गए थे। इन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लैब टेक्नीशियन ज्ञान सागर जांच में तल्लीन रहे। बताया कि हर रोज 20 से अधिक सैंपलों की जांच हो रही है। चीफ फार्मासिस्ट एसी शुक्ला दवाएं वितरित करते मिले।

## सीएचसी पर जांच किट नदारद

**सीएचसी, पयागपुर**

पयागपुर। सीएचसी पर डेंगू संदिग्ध मरीजों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। यहां कई दिनों से रैपिड जांच के लिए किट उपलब्ध नहीं है। बाहर से जांच कराने की मनाही है। ऐसे में बिना जांच बेहतर इलाज न होने से मरीजों का मर्ज बढ़ रहा है। मरीज निजी चिकित्सकों से इलाज कराने को विवश हो रहे हैं। अधीक्षक डॉ. विकास वर्मा का कहना है कि वायरल बुखार के जांच की सुविधा उपलब्ध है।

हिन्दुस्तान

# राजापुर गांव में असलहे सहित दो आरोपी दबोचे

बहराइच, संवाददाता। राजापुर गांव में मंगलवार रात दो युवक शराब की दुकान के पास उत्पात मचा रहे थे। पुलिस ने दबिश दी तो तलाशी में दोनों के पास से असलहा व कारतूस बरामद हुए।

रामगांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को मंगलवार रात सूचना मिली कि राजापुर गांव स्थित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान के पास दो युवक उत्पात मचा रहे है। जिससे माहोल कसीदगी में है। उन्होंने दरोगा शशि प्रताप सिंह, राम आशीष यादव, सिपाही अतुल पांडेय, प्रभात द्विवेदी को दबिश को भेजा। पुलिस ने दबिश देकर पयागपुर थाने के फरेदा सुमेरपुर के निवासी रनंजय सिंह व कैसरगंज थाने के चिलवा निवासी गुरुवचन सिंह को पकड़ा । रनन्जय सिंह के पास से तलाशी में 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस, गुरुवचन के पास 12 बोर का तमंचा व एक कारतूस मिला। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों पर शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्त

# प्रतिबंधित मवेशी के वध की आशंका, चोरी का केस दर्ज

महसी, संवाददाता। हरदी थाना क्षेत्र के घटनिया गांव निवासी परशुराम मंगलवार को जब अपने खेत की सफाई करने पहुंचे, तो वहां एक कोने में खून सनी मिट्टी दिखाई पड़ी। परशुराम ने इसकी सूचना अपने घर व ग्रामीणों को दी। वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

सूचना मिलने पर पहुंची हरदी पुलिस ने उस स्थान से मिट्टी हटवाया, तो मवेशियों के कान में लगने वाला टैग व खून भरी मिट्टी मिली। शनिवार की रात आठ बजे से गांव के बाहर खूंटे से बंधी परशुराम की गाय गायब होने के कारण ग्रामीण मवेशी के वध की आशंका जता रहे थे। देव रायपुर निवासी पंकज यादव, प्रदीप यादव व घटनिया निवासी किन्नू व चट्ठन ने बताया कि पुलिस मौके से उसके कान का टुकड़ा जिसमें टैग लगा हुआ था और बरामद खुर अपने साथ ले गई है।

हरदी एसओ ज्ञान सिंह ने बताया कि पशुपालक चोरी हुई गाय की तलाश की जा रही है। उसके खेत में मिले खून के रहस्य की जांच व बारकोड टैग के सत्यापन के लिए टीमें गठित की गई हैं।

हिन्दुस्त

# किशोरी से रेप मामले में दस वर्ष का कारावास

बहराइच, संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के जज मनोज कुमार मिश्रा ने किशोरी से रेप मामले में आरोपी पर दोषसिद्ध होने पर दस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध अपराधी पर जज ने बीस हजार का जुर्माना भी ठोका है।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो सुरेन्द्र कुमार मौर्या मोतीपुर थाने के एक गांव में वर्ष 2014 में 14 वर्षीय बेटी जो कि मंदबुद्धि है। उसके साथ इसी थाने के गोपिया निवासी जगदीश उर्फ ऐंठू ने बहला फुसला कर नाजायज सम्बन्ध बना लिए। एक वर्ष तक वह मंदबुद्धि बेटी से रेप करता रहा। गर्भवती होने पर मां को जानकारी हुई, पीड़िता से पूछताछ में जगदीश उर्फ ऐंठू की ओर से वारदात करने की जानकारी मिली। पीड़िता की मां ने 18 सितम्बर 2014 को मोतीपुर थाने में तहरीर देकर जगदीश उर्फ ऐंठू को नामजद कर रेप, धमकी व पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कराया। पुलिस ने महिला सिपाही की अभिरक्षा में किशोरी को मेडिकोलीगल को भेजा। नामजद आरोपी की गिरफ्तारी कर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने तहकीकात कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

# जालसाजी कर बैंक से निकाले 5.52 लाख

- **किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर धोखाधड़ी**
**सीओ के आदेश पर मुकदमा दर्ज**

**संसू, नानपारा/बलहा (बहराइच)** : दूसरे की खतौनी लगाकर बैंक से लाखों रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी जब पीड़ित को हुई तो उसने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस मौन साधे रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया।

कोतवाली नानपारा इलाके के मटिहा बढ़इन पुरवा निवासी रामदुलारे ने बताया कि उसकी जमीन गांव में है, जिसकी खतौनी लगाकर ग्राम लीलापुरवा निवासी रामदुलारे नामक अन्य व्यक्ति ने लाखों रुपये का फर्जीवाड़ा किया। उसने पीएनबी नानपारा व आर्यावर्त बैंक शाखा ककरी से तीन लाख 62 हजार व एक लाख 90 हजार रुपये किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर निकाल लिया। जब कर्ज की रकम रामदुलारे के खाते से कटना शुरू हुई तो उसे फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। बैंक अधिकारियों से संपर्क कर कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर एसडीएम नानपारा से शिकायत की, पर नतीजा सिफर रहा। उसने सीओ राहुल पांडेय को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई। पांडेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई तो फर्जीवाड़ा की पुष्टि हुई। सीओ के आदेश पर बुधवार को पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# 15 तक सड़कों को करें गड्ढामुक्त : जितिन

## मंत्री ने निरीक्षण कर परखी सड़क की गुणवत्ता | 300 से अधिक सड़कें बाढ़ में हुई क्षतिग्रस्त

**जागरण संवाददाता, बहराइच** : लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को यहां सड़क का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को 15 नवंबर तक सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के निर्देश दिए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों का आकलन तैयार कर बजट मांगने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि संपर्क मार्गों के नवीनीकरण, मरम्मत व गड्ढामुक्त कार्य को अनिवार्य रूप से 15 नवंबर तक पूरा कर लिया जाए। संपर्क मार्ग ही विकास के रास्तों को प्रशस्त करते हैं। सांसद अक्षयवरलाल गौंड़ ने दूरस्थ क्षेत्रों की सड़कों, विधायक सुरेश्वर सिंह ने बेलहा-



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद • जागरण

बेहरौली तटबंध के सर्विस रोड के गैप को पूरा करने के साथ मार्ग चौड़ीकरण, सुभाष त्रिपाठी ने सिलौटाघाट व चंदईपुर सेतु निर्माण को पूरा कराने, रामनिवास वर्मा ने तकियाघाट व गढ़ीघाट की सड़क व अप्रोच मार्ग को पूरा कराने का सुझाव दिया।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि लखीमपुर-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रायबोझा के निकट पुल बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था। मंत्री ने आश्वस्त किया कि पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। डीएम ने बताया कि बाढ़ से 208 गांव प्रभावित हुए थे। 570 किलोमीटर लंबी 300 सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

मंत्री ने डीएम आवास से भाजपा कार्यालय के बीच सड़क की पैचिंग कार्य का जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि करनबीर सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र, मुख्य अभियंता वीरेंद्र चौधरी, अधीक्षण अभियंता एएस चौरसिया, अधिशासी अभियंता अमर सिंह मौजूद रहे।

# मंदबुद्धि से दुष्कर्म करने वाले को दस साल की सजा

- फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ने 20 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड
- आठ साल पूर्व गर्भ ठहरने पर मां ने दर्ज कराया था मुकदमा

**जासं, बहराइच** : फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ने आठ साल पूर्व मंदबुद्धि बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। बीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार मिश्र द्वितीय ने मुकदमे की सुनवाई की। अदालत में अभियुक्त के अधिवक्ता ने आयु व प्रथम अपराध को देखते हुए कम सजा देने का अनुरोध किया। मोतीपुर के एक गांव की मंदबुद्धि किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ था। अभियुक्त जगदीश उर्फ ऐठू पर चार माह की गर्भवती होने की जानकारी के बाद मां ने मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत से विशेष लोक अभियोजक पाक्सो सुरेंद्र कुमार मौर्य ने कड़ी सजा दिए जाने की बात कही। अदालत ने दस साल के सश्रम कारावास के साथ बीस हजार का अर्थदंड लगाए जाने की सजा सुनाई। पंद्रह हजार रुपये पीड़िता को प्रदान किए जाने का आदेश दिया।

# सर्वसमाज ने रक्तदान को बढ़ाए कदम, विदेशी नागरिक भी आए आगे

## डीएम और एसपी ने किया उद्घाटन, बोले स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए जागरण परिवार की पहल सराहनीय

**दैनिक जागरण का रक्तदान शिविर**

















# दुष्कर्मी को दस वर्ष की सजा

बहराइच। आठ वर्ष बाद अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने नाबालिग बिटिया को न्याय दिलाते हुए मोतीपुर के गोपिया गांव निवासी दुष्कर्मी को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो सुरेंद्र कुमार मौर्या ने बताया कि 18 सितंबर, 2014 को अभियुक्त जगदीश के खिलाफ 14 वर्षीय नाबालिग बिटिया के साथ एक वर्ष तक दुराचार करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था। बुधवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी मनोज कुमार मिश्रा द्वितीय ने मामले में दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। (संवाद)

# तीन अपराधी जिला बदर

**बहराइच।** तीन अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। रिसिया के ग्राम अमवा जौहर सिसई निवासी शमीम खां, थाना दरगाह शरीफ के मोहल्ला गुलामअलीपुरा निवासी मो. शरीफ व थाना फखरपुर के ग्राम हैबतपुर निवासी दिलबहार उर्फ चिरकू को छह माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना मुर्तिहा के ग्राम सहजरामपुरवा निवासी राम गोपाल व ग्राम रामनगर कंडा निवासी राम नरायन, थाना पयागपुर के ग्राम बघैयया बेलखरा निवासी त्रिवेनी व थाना कैसरगंज के ग्राम पवही निवासी जयवंत को छह माह तक प्रत्येक माह की एक व 15 तारीख को थाने में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। (संवाद)

# सीमावर्ती गांव की टूटी सड़क राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मुर्तिहा(बहराइच)।** नेपाल सीमा पर बसे एक गांव की टूटी सड़क आज तक नहीं बन सकी है। इससे करीब बीस हजार की आबादी को आवागमन में समस्या हो रही है।

भारतीय सीमा पर बसा घुमनाभारू गांव से मुख्य सड़क को जाने वाला रास्ता लक्कड़ बाबा पर निकलता है। जिसकी लम्बाई कमोबेश 500 मीटर है। इस पर लगा हुआ खड़ंजा काफी क्षतिग्रस्त है। आए दिन कोई नाकोई दुर्घटना का शिकार हो ही जाता है। सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इसका प्रयोग करते है। इसके अलावा बेल्छा से मंझाव होते हुए आदिवासी बहुल गांव धर्मापुर के लिए जाने वाला एकमात्र खड़ंजा भी काफी खराब है। इस मार्ग पर भी दुर्घटनाएं होना आम बात है।



कतर्नियाघाट में स्थित लक्कड़शाह बाबा से घुमनाभारू जाने वाला मार्ग। -संवाद

# कटान रोकने का उपाय करें अफसर

## कैसरगंज सांसद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी



कैसरगंज में कटान क्षेत्र का निरीक्षण करते सांसद बृज भूषण शरण सिंह। -संवाद

**कैसरगंज/जरवल (बहराइच)।** तहसील कैसरगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का बुधवार को सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं भी जानीं। बाढ़ पीड़ितों द्वारा बाढ़ के बाद अब कटान की शिकायत मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को कटान रोकने के लिए शीघ्र प्रयास करने के निर्देश दिए।

सांसद बृजभूषण शरण सिंह बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन करने व पीड़ितों की समस्याएं जानने के उद्देश्य से ग्राम ग्यारह सौ रेती पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने उन्हें कटान न रुकने की बात बताई। जिस पर सांसद ने अधीक्षण अभियंता सिंचाई व अधिशासी अभियंता को तत्काल मौके पर 50 ट्रक बोल्डर गिरवाने व कटान रोकने के अन्य उपाय करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि सरकार की ओर से उन्हें अब तक कोई सहायता नहीं मिल पाई है। लोग आपस में चंदा लगाकर रस्सी खरीद कर पेड़ की शाखाएं बांध कर कटान रोकने के प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद भी कटान में दर्जनों मकान व आधा दर्जन से अधिक दुकानें नष्ट हो गई हैं। इस पर सांसद ने उपस्थित अधिकारियों को शीघ्र ही कटान पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद सांसद ने तहसील कैसरगंज पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को वितरित की जाने वाली राहत सामग्री का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम महेश कुमार कैथल, विधायक आनंद यादव, एडीएम मनोज कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, बीडीओ अजीत कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, अजय सिंह, प्रमोद गुप्ता, सीपी सिंह आदि मौजूद रहे। उधर जरवल में भी सांसद का लोगों ने भव्य स्वागत किया। राजमार्ग पर लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनको अंग वस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सूर्यमणि शुक्ला, बुधराम यादव, संजय कसौंधन, अनिल कुमार सोनी, अशोक कुमार मिश्रा, सचिन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# यातायात माह में भी नियमों की उड़ रहीं धज्जियां



बहराइच में पीपल तिराहे पर लगा वाहनों का जाम। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** पुलिस भले ही नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है, लेकिन इसका किसी पर असर नहीं दिख रहा है।

इसी का नतीजा है कि बाइक सवार जहां बिना हेलमेट पहनकर फर्राटा भर रहे है, वहीं कार सवार लोग सीट बेल्ट लगाना भी मुनासिब नहीं समझते है। शहर में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सिर्फ दिखावे के लिए है। किसी भी चौराहे पर लोग नियमों का पालन नहीं करते है। यहां तक पुलिस कर्मी भी नियमों की अनदेखी कर वाहनों से फराटा भर रहे है। ऐसे में यहां ट्रैफिक नियमों का पालन करवाना महज दिखावा बनकर रह गया है। इसी का नतीजा है कि आए दिन होने वाले सड़क हादसों में लोग जान गवा रहे है लेकिन इसके बावजूद कोई नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक नहीं बन रहा है। जिम्मेदार भी इसके लिए खास प्रयास नहीं करते दिख रहे है जिससे यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

# भाजपा दफ्तर के सामने ही मंत्री को दिख गए गड्ढे

## पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद भड़के, कार्यकर्ताओं ने की थी शिकायत, 15 तक दुरुस्त करने का सुनाया फरमान

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्य की गुणवत्ता परखने शहर पहुंचे लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को भाजपा कार्यालय तक जाने वाली सड़क ही गड्ढा मुक्त नहीं मिली। इस पर भड़के विभागीय मंत्री ने सभी बदहाल सड़कों को 15 नवंबर तक गड्ढा मुक्त बनाने का अल्टीमेटम देते हुए चेताया कि कार्य के दौरान गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। किसी भी तरह की खामी अथवा घटिया कार्य मिलने पर जिम्मेदार को बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण के बाद मंत्री ने डीएम व अन्य प्रशासनिक व विभागीय अफसरों के साथ किए जा रहे कार्यों की समीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एक समीक्षा बैठक भी की।

निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण कार्य में हो रहे घटिया कार्यों को लेकर कार्यकर्ताओं की पीड़ा विभागीय मंत्री के समक्ष फूट पड़ी। उन्होंने शिकायत की मरम्मत व निर्माण कार्य के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी हो रही है। इसके चलते ही भाजपा कार्यालय तक पहुंचने वाली सड़क को भी अभी तक दुरुस्त नहीं कराया गया है। सड़कों पर गड्ढों को भी मंत्री के निरीक्षण की जानकारी के बाद रातों रात पैचिंग कार्य कर कुछ हद तक सुधारा गया है। इस पर भड़के लोक निर्माण मंत्री ने मौके पर मौजूद विभागीय अभियंताओं व अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेताया कि सड़क निर्माण के कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। इसके बाद विभागीय मंत्री ने स्वयं भाजपा कार्यालय तक जाने वाले सड़क मार्ग का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि रात-दिन कार्य कराते हुए सभी सड़कों को 15 नवंबर तक गड्ढा मुक्त कर बेहतर बनाया जाए। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई पर सीधे जवाबदेही तय कर कार्रवाई होगी।

निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण करने के बाद लोक निर्माण मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे। यहां उन्होंने विभागीय व प्रशासनिक अफसरों के साथ एक बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। निर्देश दिया कि संपर्क मार्गों का नवीनीकरण, मरम्मत व गड्ढामुक्त कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लिए सभी लोग एकजुटता के साथ सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। मार्गों के अच्छे निर्माण कार्य से सड़क हादसों पर काफी हद तक रोक संभव होगी।



**सड़कों को दुरुस्त करने के नाम पर रस्म अदायगी की शिकायत** | **कलेक्ट्रेट में बैठक कर संपर्क मार्गों को दुरुस्त करने पर दिया जोर**



भाजपा कार्यालय के बाहर सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताते पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद (बाएं)। बाद में उन्होंने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक भी की। संवाद

### सांसद और विधायकों ने लगाई गुहार

बैठक के दौरान सांसद बहराइच ने जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर मिहींपुरवा क्षेत्र की सड़कों, विधायक महसी ने बेलहा-बेहरौली तटबंध के सर्विस रोड के गैप को पूरा करने के साथ मार्ग का चौड़ीकरण, विधायक पयागपुर ने सिलौटाघाट व चंदईपुर सेतु निर्माण को पूर्ण कराने और विधायक नानपारा ने लकियाघाट व गद्दीघाट के सड़क व अप्रोच मार्ग के कार्य को पूर्ण कराये जाने की मांग उठायी। इस दौरान डीएम डॉ दिनेश चंद्र ने बताया कि बीते दिनों हुई अतिवृष्टि व बाढ़ के कारण जिले के 208 गांव प्रभावित हुए थे। इसकी चपेट में आकर जिले की 570 किमी लंबाई में 300 से अधिक सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनका आंकलन कर दुरुस्त बनाने का कार्य कराया जा रहा है।

### अधिकारियों के माथे पर आया पसीना

लोक निर्माण विभाग के मंत्री का काफिला जब सड़क की गुणवत्ता परखने के लिए डीएम आवास से भाजपा कार्यालय की ओर मुड़ा तो वहां मौजूद लोक निर्माण विभाग के अफसरों व कर्मचारियों के माथे पर पसीना दिखने लगा। इस दौरान सड़कों पर मिले घटिया पैचवर्क कार्य पर मंत्री ने नाराजगी भी जताई। विभागीय मंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूडी के जेई व अन्य अभियंता अपनी साइड पर कार्य कराने को लेकर बीती देर रात से ही ठेकेदारों के साथ मुस्तैद नजर आने लगे थे। खामियां छिपाने के लिए मंत्री के निरीक्षण से जुड़ी सड़कों के साथ ही डीएम चौराहे के पास व भाजपा कार्यालय जाने वाले मार्ग को रातों रात दुरुस्त कराया गया।

■ ***ठेकेदारों ने सौंपा ज्ञापन :*** जिले में लोक निर्माण विभाग से जुड़े ठेकेदारों ने भी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं का एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि रायल्टी के नाम पर बहराइच लोक निर्माण विभाग द्वारा छह गुना से अधिक जुर्माना लगाया जा रहा है। संबंधित बाबू द्वारा यह बताया गया कि ठेकेदारों से वसूली जाने वाली रायल्टी की इस धनराशि को कहीं और इस्तेमाल किया जा रहा है। इस लिए जुर्माना लगाए जाने पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-11-2022

# शांति भंग की आशंका में चार गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात अभियान चलाकर चार लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि माहौल खराब करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी कार्रवाई की जाती रहेगी। संवाद

# अधूरे कागजात पर 11 ई-रिक्शा सीज

इकौना। इकौना थाना क्षेत्र में यातायात अभियान चलाकर बिना रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस के चलने वाले 11 ई- रिक्शा को सीज किया गया। बुधवार को बाइक व पिकअप तथा ट्रक का ऑनलाइन चालान कर 14 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने टीम के साथ क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा चालक के डीएल आदि की जांच की।

# अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिले में अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से लगातार गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। भिनगा क्षेत्र में पुलिस की टीम गश्त कर रही थी।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मल्हीपुर थाना टॉप पर

श्रावस्ती, संवाददाता। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार की ओर से श्रावस्ती के सभी थानों की माह सितंबर की कार्यशैली की जमीनी हकीकत पता लगाने के लिए ट्विटर पोल/फीडबैक अभियान 11 से 17 अक्टूबर तक चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के नेतृत्व में चलाए गए सात दिवसीय अभियान में थाना मल्हीपुर पुलिस का आम जनमानस के लिए कार्य सराहनीय रहा। जनता ने थाना मल्हीपुर पुलिस को ट्विटर व डायरेक्ट पोल का फीडबैक देकर प्रथम स्थान पर पहुंचाया। पब्लिक अप्रूवल में मल्हीपुर थाना को 78.51 प्रतिशत रेटिंग मिला। वहीं 74.28 प्रतिशत रेटिंग पाकर कोतवाली भिनगा दूसरे स्थान है। जबकि 73.57 प्रतिशत रेटिंग पाकर थाना श्रावस्ती तीसरे स्थान पर रहा।

गिलौला को चौथा, सोनवा को पांचवा, सिरसिया को छठवा, इकौना को सातवा स्थान मिला है। वहीं महिला थाना 62.80 रेटिंग के साथ अठवें स्थान पर रहा।

# खुफिया पुलिस की निगरानी में रहेगा सीताद्वार मेला

**तैयारी**

- डीएम व एसपी ने किया सीताद्वार मेला क्षेत्र का निरीक्षण
- मेला समिति के साथ बैठक कर व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

श्रावस्ती,संवाददाता। कार्तिक पूर्णिमा पर सीताद्वार में लगने वाले भव्य मेले की तैयारी शुरू हो गई है। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही समय से सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी व खुफिया पुलिस की तैनाती की जाएगी।

कार्तिक पूर्णिमा पर सीताद्वार में लगने वाला मेला इस बार आठ से 10 नवम्बर तक चलेगा। जिसकी जोर शोर से तैयारी चल रही है। बुधवार को सीताद्वार पहुंची डीएम ने मेला क्षेत्र में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कहा कि मन्दिर परिक्षेत्र के तहत मेला के प्रारम्भ होने से मेला की समाप्ति तक का सड़ी गली मिठाईया या खुले खाद्य पदार्थ की बिक्री किसी भी दशा न होने पाए इसके लिए जिला अभिहित अधिकारी को निर्देश दिया कि मेले के अन्दर लगने वाली दुकानो पर प्रकाश व्यवस्था के लिए की गई विद्युत वायरिंग की जांच पड़ताल कर गुणवत्ता परख ढंग से वायरिंग कराएं। मेले को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है, जो अपने तैनाती स्थल पर तैनात रहकर मेले को सकुशल ढंग से सम्पन्न करायेंगे। इसके साथ ही सफाई कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगा कर मोबाइल टायलेट, पेयजल, मेले एवं झील की घाटों पर बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, महिलाओं के लिए चेंजिंगरूम एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

# मेले में अश्लील डांस प्रतिबंधित : डीएम

**जासं, श्रावस्ती :** डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर सीताद्वार मंदिर परिसर में लगने वाले मेले के संबंध में चल रही तैयारी का जायजा लिया। व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मेले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में अश्लील डांस पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेगा।

डीएम ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर आठ से 10 नवंबर तक सीताद्वार मंदिर में मेला चलेगा। इसके लिए 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी मेले को संकुशल संपन्न कराएंगे। इसके बाद डीएम मंदिर परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मेले में सड़ी-गली मिठाई या खुले खाद्य पदार्थ की बिक्री किसी भी दशा न होने पाए। अंदर लगने वाली दुकानों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए की गई वायरिंग की जांच कर लें। सफाई कर्मियों की रोस्टर से ड्यूटी लगाएं। मोबाइल टायलेट, पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त कराएं। मेला क्षेत्र व झील घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, महिलाओं के लिए चेंजिंगरूम की व्यवस्था दुरुस्त कराएं। मेडिकल कैंप लगाने के साथ ही रोस्टर से चिकित्सकों की ड्यूटी लगाएं। दवाओं का स्टाक भी मेडिकल कैंप में उपलब्ध रहे। एसपी ने कहा कि थानाध्यक्ष मेले में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरे लगाएं। खुफिया पुलिस व सादी वर्दी में पुरुष व महिला पुलिस की भी ड्यूटी लगाई जाए। एडीएम डीपी सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सीताद्वार में पौराणिक झील घाट का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा प्रकाश ( बाएं ) व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं से दूसरे ) ● जागरण

### नौनिहालों को दें बेहतर शिक्षा

**श्रावस्ती :** डीएम नेहा प्रकाश ने प्राथमिक विद्यालय सीताद्वार का निरीक्षण किया। उपस्थित पंजिका का अवलोकन में पंजीकरण के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम मिली। डीएम ने प्रधान शिक्षक को शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने व बेहतर शिक्षा देने को कहा। छात्र-छात्राओं की दी जा रही शिक्षा व मध्याह्न भोजन की जानकारी ली। बच्चों को शेड के नीचे दरी पर बैठाकर भोजन कराने के निर्देश दिए। कई बच्चे यूनिफार्म नहीं पहने थे। शिक्षकों को अभिभावकों व बच्चों को जागरूक करने को कहा। स्कूल की साफ-सफाई, किचन, पेयजल, अग्नि शमन यंत्र, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी डीएम ने जायजा लिया।

# छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष का सश्रम कारावास

**अदालत से**

**जागरण संवाददाता, श्रावस्ती :** छह वर्ष दो माह पूर्व 14 वर्षीय किशोरी के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सिरसिया क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 15 अगस्त 2016 को दिन में करीब दो बजे अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही समुसुदहा किशोरी के घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी के शोर सुनकर मौके पर कौशर अली व जमानत पहुंच गए। इस पर आरोपित मौके से भाग निकला। किशोरी ने घटना की सारी बात परिवार के लोगों को बताई। पिता की तहरीर पर सिरसिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। सत्र परीक्षण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने आरोपित समुसुदहा को दोषसिद्ध ठहराते हुए चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# सीमा की हर गतिविधि पर नजर रखें जवान : एएसपी

**जासं, श्रावस्ती :** भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस व 62वीं वाहिनी एसएसबी जवानों की संयुक्त टीम ने गश्त की। नेतृत्व एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि दोनों बल सीमा की हर हरकत पर नजर रखें। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां न होने पाएं। जवानों ने सीमा पर लगे विभिन्न स्तंभों की जांच की।

# चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उन्हें स्वस्थ वातावरण देने के लिए जिले में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल ने विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के वीरगंज चौराहे, ऐठा, भकुरहिया, सोखापुरवा व भारी गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने मौजूद महिलाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090 व उनके अधिकारों के लिए बनाए गए कानूनों व नियमों के बारे में जानकारी दी।

**54 वाहनों का चालान :** पुलिस ने बुधवार को चेकपोस्टों व बैरियर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 54 वाहनों का ई-चालान किया। 99300 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया।



महिलाओं व युवतियों को जागरूक करतीं महिला आरक्षी। -संवाद

## चाकू के साथ एक को पकड़ा

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात गश्त के दौरान बनघुसरा निवासी संतराम रावत को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

## बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** बेहटा क्षेत्र के रोहा चांदी खेड़ा गांव में पांच माह से समूह का पोषाहार वितरण न होने से आक्रोशित दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने बेहटा ब्लॉक का घेराव किया। संवाद

## कलेक्ट्रेट सभागार में शोकसभा

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट के नजारत अनुभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कृष्ण कुमार द्विवेदी की पत्नी का आकस्मिक निधन हो गया। इसकी सूचना पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक शोकसभा हुई। इसमें मौजूद डीएम नेहा प्रकाश, एडीएम डीपी सिंह व कुंवर पंकज सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संवाद

# पुलिस व एसएसबी ने सीमा क्षेत्र में की गश्त

**श्रावस्ती।** सीमा पार से होने वाली तस्करी रोकने के लिए बुधवार को एसएसबी जवानों ने सिरसिया पुलिस के साथ एएसपी प्रवेश कुमार यादव के नेतृत्व में सीमा क्षेत्र पर पैदल गश्त की।

इस दौरान जवानों ने सीमा क्षेत्र के गांवों में जाकर लोगों को सीमा पार से तस्करी रोकने व अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस व एसएसबी का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान नेपाल सीमा से सटे ककरदरी, हकीमपुरवा, तुरुसमा, चमरपुरवा, गंभीरवा नाका, गुज्जर गौरी, सागर गांव, कोंदिया गांव, असनहरिया, राजपुर मोड़, सुइया बॉर्डर, भौब्बा नाका, सोनपथरी, डगमरा आदि का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने भी लोगों से कहा कि किसी भी तरह की दिक्कत होने पर तुरंत सूचना दें। कार्रवाई में देरी नहीं की जाएगी। संवाद

# किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में युवक को चार वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी छह वर्ष पूर्व दोपहर में घर में अकेली थी। पड़ोसी ने उसके साथ छेड़छाड़ किया। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने युवक को चार वर्ष सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन की पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उमाकान्त त्रिपाठी ने बताया कि सिरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी 15 अगस्त 2016 को दोपहर दो बजे घर में अकेली थी। इसी बीच गांव निवासी समुसुदहा अपने साथी नसीबुद्दीन व सहरदार के साथ किशोरी के घर में घुस आया। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर सिरसिया पुलिस ने समसुदहा के विरुद्ध छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया थ। नसीबुद्दीन व सहरदार का नाम पुलिस ने चार्जशीट में शामिल नहीं किया था। उन्हें न्यायालय ने विचारण के दौरान तलब किया था। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश अनन्य रूप से पाक्सो एक्ट सुदामा प्रसाद ने समुसुदहा को चार वर्ष का सश्रम कारावास व 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि शाहरदार व नासिबुद्दीन को किया दोष मुक्त कर दिया है।

**श्रावस्ती विधायक को मिली जमानत**

विधानसभा चुनाव 2017 के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडे के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। विधायक न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। इस पर न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था। बुधवार को श्रावस्ती विधायक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अपर सिविल जज प्रवर खंड व एमपी एमएलए कोर्ट अनिल कुमार के समक्ष प्रस्तुत हुए। जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। इसके बाद उन्हें जमानत दी गई।

# वांछितों व वारंटियों की गिरफ्तारी के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** इकौना थाने का मंगलवार शाम एसपी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस की साफ-सफाई व रजिस्टरों को चेक किया। इस दौरान अभिलेखों के रखरखाव निर्माणाधीन कार्यों के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया।

वांछितों व वारंटियों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर जाकर महिला कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



इकौना थाने का निरीक्षण करते एसपी। -संवाद

## अधिवक्ताओं की चौकियां राख

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** जमुनहा तहसील के गेट नंबर एक के पास बनी एक अधिवक्ता की फूस की चौकी में मंगलवार देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग की चपेट आकर अधिवक्ता आरएन सिंह, रामनोहर यादव, अजय पाठक व महेश मिश्रा की चौकी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे एसडीएम जमुनहा सौरभ शुक्ला की मौजूदगी में पीएसी व होमगार्ड के जवानों ने आग पर काबू पाया अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ है। संवाद


धू-धूकर जलती चौकी। -संवाद

# बिजली-पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



संवाद न्यूज एजेंसी

## डीएम ने कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों की समीक्षा की

**श्रावस्ती।** इकौना की सीताद्वार झील पर कार्तिक पूर्णिमा पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को डीएम ने मेला परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मेला परिसर का निरीक्षण कर खामियां दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

कार्तिक पूर्णिमा पर लव-कुश की जन्मस्थली इकौना की सीताद्वार पर आठ से दस नवंबर तक विशाल मेले का आयोजन होगा। मंडल के जिलों से लोग आकर पवित्र सीताद्वार झील में स्नान कर माता जानकी का आशीर्वाद लेंगे। तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य सीताद्वार झील पर पहुंचे। उन्होंने मंदिर व झील पर मेले को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने म्रदिर परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने बताया कि मेला परिसर में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की जाएगी। साथ ही मेला परिसर की सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई जाएगी। मेले में किसी प्रकार की मिलावटी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ की बिक्री न हो इसके लिए जिला अभिहित अधिकारी को निर्देश दिया।

वहीं, मेला परिसर में बिजली, प्रकाश, सफाई, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल, घाटों पर बैरिकेडिंग, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए संबंधित लोगों को निर्देश दिया। एसपी को मेला परिसर में अश्लील डांस पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने, सीएमओ को एंबुलेंस व मेडिकल कैंप लगाने, महिला तथा पुरुष पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात रखने का निर्देश दिया।